वर्ष-31, अंक- 240, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
17 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### सोनिया गांधी की हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर हैं। उन्हें रविवार देर रात पेट की समस्या के कारण दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल के बयान के अनुसार, 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को वर्तमान में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में रखा गया है। अस्पताल ने कहा कि 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष वर्तमान में अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में हैं। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी को रविवार रात 9 बजे सर गंगा राम अस्पताल में पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। सोनिया गांधी को इस महीने दूसरी बार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ईरान में फंसे 10 हजार भारतीय नागरिक

- इरान विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी
- भारत ने शुरू की रेस्क्यू की तैयारी
- छात्रों को आर्मेनिया की नॉरदुज सीमा चौकी के रास्ते बसों से निकाला जाएगा



**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच लगातार चौथे दिन भी लड़ाई जारी है। इस बीच सोमवार को ईरान ने बड़ी घोषणा करते हुए विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। इससे पहले सभी हवाई अड्डों को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था, लेकिन अब लैंड बॉर्डर खुले रखे गए हैं।

**भारत ने शुरू की प्रक्रिया :** सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने अपने 1,500 छात्रों सहित करीब 10,000 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से संपर्क किया है। छात्रों को आर्मेनिया की नॉरदुज सीमा चौकी के रास्ते बसों से निकाला जाएगा।ईरानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि देश छोड़ने से पहले सभी विदेशी नागरिकों को राजनयिक मिशनों के माध्यम से अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, वाहन की जानकारी, निकलने का समय और बॉर्डर की जानकारी जनरल प्रोटोकॉल विभाग को देनी होगी।

**ईरान के मिसाइल हमले में इजराइल में 8 की मौत, 200 घायल :** ईरान ने सोमवार को सेंट्रल इजराइल में कई स्थानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 8 लोगों की मौत और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पिछले चार दिनों में यह इजराइल पर ईरान का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। अब तक ईरानी हमलों में इजराइल में 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 600 से अधिक घायल हैं। वहीं ईरान में अब तक 224 लोगों की मौत और 1,277 से ज्यादा घायल होने की पुष्टि हुई है। एक अमेरिकी मानवाधिकार संगठन का दावा है कि ईरान में अब तक 406 लोगों की मौत हो चुकी है।

**इजराइल का जवाबी हमला :** इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के 30% मिसाइल लॉन्चर्स को तबाह कर दिया है। इसके लिए 50 से अधिक फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स का इस्तेमाल किया गया और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चिंग सिस्टम को नष्ट किया गया।इजराइली एयरफोर्स ने रविवार को तेहरान में एक इमारत पर हमला किया, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी और उनके डिप्टी हसन मोहकिक समेत 4 खुफिया अफसरों की मौत हो गई। यह हमला ईरान के खुफिया ढांचे पर बड़ा झटका माना जा रहा है।

### इजराइल ने तेहरान के आसमान पर कब्जे का किया ऐलान

**तेल अवीव।** इजराइल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है। सेना का कहना है कि उसने ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों को इस हद तक कमजोर कर दिया है कि उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि इजराइल अब कहता है कि पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान पर उसका नियंत्रण है।

**ईरान ने इजराइल पर फिर से किए मिसाइल हमले, तीन लोगों की मौत :** ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरान ने कहा कि उसने लगभग 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार शेष पेज 11 पर...

## भारतीय सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोमवार को डीआईजी सह एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि नामकुम स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल परिसर में राठौर जनरल स्टोर नामक एक फर्जी संस्था के माध्यम से भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों के स्टाम्प बनाकर फर्जीवाडा किया जा रहा है। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए नामकुम थाना से एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मिलिट्री हॉस्पीटल नामकुम परिसर में स्थित राठौर जनरल स्टोर के दुकान से सेना के विभिन्न पदाधिकारी के नाम से बना हुआ भारी मात्रा में रबर स्टाम्प और प्रीइंक्ड फ्लैश स्टैम्प और एक पोको कम्पनी का मोबाईल, एक सादा कागज पर मोहर बनाने का नमुना, एवं दुकानदार को स्टाम्प मुहर बनाने के लिए दिया गया वाट्सअप का स्क्रीन शॉट बरामद किया गया। राठौर जनरल स्टोर के मालिक सर्वेश कुमार सिंह के पास भारतीय सेना से मुहर बनाने के लिए प्राधिकार पत्र और अन्य वैध कागजात की मांग करने पर दुकान मालिक के द्वारा वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात् बरामद समान शेष पेज 11 पर...

### डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति और सरकार की नियमावली का मामला

# हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को जवाब के लिए दिया एक और मौका

नवीन मेल संवाददाता

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के मामले में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, केंद्र सरकार और यूपीएससी सहित सभी प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का एक और मौका दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को निर्धारित की गई है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इसके पहले इस याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई की थी और सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए 16 जून तक जवाब देने को कहा था। मरांडी ने अपनी याचिका में कहा है कि डीजीपी के पद पर गुप्ता की नियुक्ति में यूपीएससी की गाइडलाइन्स



और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना की गई है।

याचिका में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजीपी चयन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा, समिति के सदस्य पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने पिछली सुनवाई के दौरान अदालत को बताया था कि राज्य सरकार ने बिना किसी गंभीर आरोप के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को कार्यकाल पूरा किए बगैर डीजीपी के पद से हटाकर इस पद पर अनुराग गुप्ता को नियुक्त कर दिया, जबकि उनका कार्यकाल 14 फरवरी 2025 तक था।

मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी हवाला दिया गया है, जिसके अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार की ओर से भेजे जाने वाले आईपीएस अधिकारियों के पैनल से यूपीएससी तीन बेहतर छवि और कार्यकाल वाले नामों का चयन करता है और इसके बाद राज्य की सरकार इनमें से किसी एक को कम से कम दो वर्ष के लिए डीजीपी पद पर नियुक्त करती है। इसी नियम के तहत राज्य सरकार ने 14 फरवरी 2023 को अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाया था, लेकिन उन्हें बिना किसी आरोप के कार्यकाल पूरा होने के पहले ही पद से हटा दिया गया। याचिका में शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### साइप्रस में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# आतंकवाद के विरुद्ध समर्थन के लिए आभारी

- नया अध्याय लिखने का स्वर्णिम अवसर



**निकोसिया/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। पीएम मोदी ने क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर भी चिंता व्यक्त की।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं भव्य स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए राष्ट्रपति का हृदय से धन्यवाद करता हूं। जब से मैंने साइप्रस की धरती पर कदम रखा है, तब से यहां के राष्ट्रपति और यहां के लोगों ने जो अपनापन और स्नेह दिखाया है, वह सीधे दिल को छू गया। अभी कुछ देर पहले ही मुझे साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता की मुहर है। इसके लिए मैं एक बार फिर हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हम साइप्रस के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमारी साझेदारी के मजबूत आधार हैं। भारत और साइप्रस की मित्रता न परिस्थितियों से बनी है और न ही सीमाओं से बंधी है। यह समय की कसौटी पर बार-बार परखी गई है और समय के हर दौर में हमने सहयोग, सम्मान और समर्थन की भावनाओं को जीवंत रखा है। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा हो रही है। यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का स्वर्णिम अवसर है। आज राष्ट्रपति और मैंने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। साइप्रस के 'विजन 2035' और 'विकसित भारत 2047' के कई पहलुओं में समानता है, इसलिए हम साथ मिलकर भविष्य को आकार देंगे। अपनी साझेदारी को सामरिक दिशा देने के लिए हम अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनाएंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को शेष पेज 11 पर...

### कनाडा की यात्रा पर गए पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। पीएम मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने शेष पेज 11 पर...

## आज / कल




## 1.9 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बंदरचुवा जंगल से 1.900 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान प्रदीप यादव, निवासी कुब्बा (बरवाडीह पंचायत), के रूप में हुई है।

छापेमारी का नेतृत्व थाना प्रभारी राकेश कुमार ने किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कांड संख्या 26/2025 दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रदीप यादव की निशानदेही पर अन्य अफीम तस्करों की तलाश में छापेमारी अभियान जारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र के तस्कर अविलंब अपने गैरकानूनी कारोबार से पीछे हट जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी दल में प्रशिक्षु डीएसपी वसीम राजा, एसआई विजय कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दो चरणों में पूरी होगी जनगणना, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

- पहला चरण 1 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा
- दूसरा चरण 1 मार्च, 2027 से शुरू होगा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को जनगणना के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। राजपत्र में बताया गया है कि जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि पहला चरण 1 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा, जिसमें जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल होंगे, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च, 2027 से शुरू होगा। अधिसूचना में कहा गया, "केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) शेष पेज 11 पर...

### ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, जेल भेजे गए

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना पुलिस ने सोमवार को गिद्धौर-पहरा मार्ग स्थित महुआ पेड़ के समीप छापेमारी कर 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान कुंदन कुमार (पिता- सुरेश दांगी) एवं इरफान अंसारी (पिता- कलीम अंसारी), दोनों निवासी गिद्धौर गांव के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से दो स्मार्टफोन और एक अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त किया। थाना प्रभारी कुमार गौतम के नेतृत्व में सशस्त्र बल के जवानों के सहयोग से यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# इंडिया | काले शीशे और झंडे लगी हूटर बजाती कथित वीआइपी गाड़ियों की बढ़ती भीड़



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

दिखावा और शक्ति प्रदर्शन के दौर में नेताओं से लेकर अधिकारी और व्यापारी तक अपने को वीआइपी साबित करने की दौड़ में लगे हैं और न्यायालयों के आदेश भारत और राज्य सरकारों के स्पष्ट आदेशों के बावजूद सायरन बजाती,पार्टी या संगठन के झंडे लगी गाड़ियां धड़ल्ले से राजधानी रांची तक में घूम रहीं हैं जिनमें से अधिकांश में आरपार नहीं दिखने वाले काले शीशे लगे होते हैं । कई आपराधिक घटनाओं के बाद काले शीशे पर रोक का अभियान चला और हूटर लगी गाड़ियों से उनके घटते महत्त्व को ध्यान में रखकर इस पर रोक के लिए चला अभियान अब धीमा पड़ गया है और भीड़ से बचने के लिए छुपे हुए हूटर वाले निजी वाहन या कथित वीआइपी नियम कानूनों का खुले आम मजाक उड़ा रहे हैं । गाड़ी में काले शीशे लगाने और झंडा लगाने का अधिकार कुछ विशेष व्यक्तियों को ही है। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में फैसला सुनाया था कि कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी में काले शीशे या फिल्म नहीं लगा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार, गाड़ी के सामने और पीछे के शीशों की पारदर्शिता कम से कम 70% होनी चाहिए, और साइड के शीशों की 50% । अधिकारियों का कहना है कि विशेष कारणों से सुरक्षा को ध्यान में रखकर विशेष अनुमति कुछ लोगों को दी जाती है । फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के अनुसार, कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को ही अपनी गाड़ी पर झंडा लगाने की अनुमति है।राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, उप-राज्यपाल, प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री, और अन्य कैबिनेट मंत्री झंडा लगा सकते हैं। विदेशी दूतावासों के अध्यक्ष भी अपनी गाड़ी पर झंडा लगा सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लग सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विरुद्ध अनधिकृत वाहनों में लगे हूटर, फ्लैशलाइट, वीआईपी स्टीकर और भ्रामक नंबर प्लेट को हटाने के के बावजूद जनप्रतिनिधियों, नेताओं और अधिकारियों के वाहनों में अधिनियम



का खुला माखौल उड़ाया जा रहा है। कानून की बात करें तो जनप्रतिनिधियों को भी अपने वाहन में हूटर, सायरन लगाने का अधिकार नहीं है। हूटर का इस्तेमाल सिर्फ फायर ब्रिगेड के वाहन, एंबुलेंस एवं पुलिस के वाहन में ही हो सकता है। इसके बावजूद राज्य में दिन भर हूटर लगे वाहन धड़ल्ले से घूमते देखे जा सकते हैं। इनमें विधायक उनके रिश्तेदार और कई पार्टी नेता भी अपना दबदबा बनाने हूटर बजाते घूमते देखे जा सकते हैं। मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 212- 1994 में नौ जुलाई 2013 को संशोधन कर उपनियम स्थापित किए गए हैं। इसके तहत किसी भी अग्निशमन यान के चालक को आग बुझाने के लिए जाते समय हूटर बजाने का अधिकार है। किसी भी एंबुलेंस के चालक भी गंभीर मरीज को उपचार के लिए ले जाते समय ही वाहन में लगे हूटर को बजा सकता है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति या राज्य विधानसभा के एस्कोर्टिंग में लगे सुरक्षा वाहन हूटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। सेना, पुलिस, कार्यपालक दंडाधिकारी के वाहन चालक कानून व्यवस्था की स्थिति बनने पर हूटर, सायरन का उपयोग कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त किसी भी वाहन में लगा हूटर, सायरन अवैध है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार विंडस्क्रीन सहित कार के शीशों में 70 प्रतिशत से ज्यादा दृश्य प्रकाश संचरण होना चाहिए। मोटर वाहन अधिनियम राजनेताओं को अपनी कार के विंडस्क्रीन पर अपनी पार्टी का झंडा या राजनीतिक नेताओं की तस्वीर लगाने की अनुमति नहीं देता है। इसी प्रकार झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद निजी गाड़ियों के बाहर लगी लाल साइन बोर्ड अब बहुत चालाकी से गाड़ियों के अंदर लगाई जा रही है ताकि आदेश का उल्लंघन भी न हो और वीआइपी का रौब भी बना रहे । कुछ स्वयं सेवी संस्थाएं सरकारी या अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिलते जुलते नामों वाले बोर्ड लगाकर धड़ल्ले से घूम रही हैं जिनमें से एक कथित वीआइपी शराब की तस्करी में रिंग रोड में पकड़े भी गए थे । सरकारी अधिकारियों की निजी गाड़ियों पर भारत सरकार या झारखंड सरकार या अपने विभाग का नाम से लेकर नंबर प्लेट पर पुलिस या वन विभाग की तरह पेंट कराकर चलने से कथित वीआइपी लोगों की भीड़ बढती जा रही है । अनेक बड़े व्यापारी,बिल्डर,नेता सरकारी बॉडीगार्ड नहीं मिलने पर पीएम की तरह एक ही रंग के सफारीधारी निजी सुरक्षाकर्मी लेकर चलते हैं जिससे भ्रम भी होता है और सुरक्षा संबंधी चूक की भी संभावना है । सबसे बुरा लगता है जब ये कथित वीआइपी सडकों पर हूटर बजाते काले शीशे वाली गाड़ियों से गुजरते हैं तो पब्लिक अनेकों बार ऐसे ही हूटर बजाते एंबुलेंस को भी भाव नहीं देती जो अत्यंत चिंताजनक बात है । नियम है कि बिना निबंधन कोई भी गाडी शो रूम से बाहर नहीं निकलेगी पर बिना नंबर प्लेट वाली सिर्फ अपना पदनाम लिखी गाड़ियां भी सडकों पर चल रही है।

## भारत को आहत करने की चेष्टा पर सेना ने दिया है मुंहतोड़ जवाब

राष्ट्रीय नवीन मेल




**शिप्रा सैनी मौर्या**

इतिहास साक्षी है कि जब-जब किसी ने भारत को आहत करने की चेष्टा की भारतीय सैनिकों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। इस बार आतंकवादियों द्वारा किया गया दुस्साहस न सिर्फ निंदनीय था अपितु यह सभी को मर्माहत करने वाला था, क्योंकि यह धर्म विशेष को लक्षित था एवं मासूमों को निशाना बनाया गया। उनका ध्येय भारत में सांप्रदायिक दंगे फैलाने का था। धन्यवाद भारतवासियों को कि उन्होंने ऐसा होने नहीं दिया एवं सभी धर्मावलम्बियों ने मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध आवाज उठाई । हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने सोची समझी रणनीति अनुसार आतंकवादियों को ही निशाना बनाया उनके आदेशानुसार हमारी भारतीय सेना ने जिस सटीकता एवं तत्परता के साथ आतंकवादियों के पनाहघरों को ध्वस्त किया वह अतिशय प्रशंसा योग्य है। एक-एक सैनिक में अदम्य साहस एवं भारत की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता कूट-कूट कर भरी हुई है । साथ ही तकनीक का उच्च स्तर पर प्रयोग यह आश्वस्त कर गया कि हमारे देश का सैन्य बल एवं सैन्य उपकरण उच्च कोटि की सुरक्षा प्रदान करने योग्य है। भारतीय सेना के वीर सैनिकों को कोटि-कोटि धन्यवाद एवं प्रणाम। **जय हिंद।**

## फल व्यवसायी के पुत्र ने पहले प्रयास में ही नीट परीक्षा की पास



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड निवासी फल व्यवसायी दिनेश कुमार मेहता के पुत्र हिमांशु ने पहली ही बार में नीट की परीक्षा पास कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मूल रूप से आशिकनगर, करडंडा (भजनियां) के निवासी हिमांशु की सफलता से गांव और मोहल्ले में खुशी की लहर है। लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनएच-98 पर कौआखोह स्थित बाल किशोर सिंह इंटर कॉलेज के समीप सोमवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव निवासी काजिम खलीफा के 20 वर्षीय पुत्र अब्दुल हुसैन के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह छतरपुर से हरिहरगंज की ओर जा रहा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक अज्ञात ट्रक से टकरा गई। टक्कर में उसे गंभीर चोटें आईं, विशेषकर चेहरे और सीने पर। एनएचएआई की एम्बुलेंस द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

# अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 139 पर तीन घंटे आवागमन रोका

**◂◂ विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन, बीडीओ व सीओ ने दिया आश्वासन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सोमवार को हरिहरगंज क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुरानी बस स्टैंड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर तीन घंटे तक आवागमन को बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं। समाजसेवी और भाजपा नेता राजीव रंजन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। गर्मी के मौसम में लो वोल्टेज की समस्या भी लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। उन्होंने कहा कि विभाग की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ा। आंदोलन को लेकर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह और थाना के एसआई राकेश कुमार सिंह, एएसआई धनंजय गोप और अजय कुमार सिंह सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से शांतिपूर्वक बातचीत की और विद्युत आपूर्ति में सुधार का आश्वासन दिया। सहायक विद्युत अभियंता के आश्वासन के बाद तीन घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। ग्रामीणों ने प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह को विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए ज्ञापन सौंपा, जिसमें नियमित बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या को शीघ्र हल करने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में विश्वदीप गुप्ता, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, संजय जायसवाल, विनोद पासवान, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव, अवधेश मेहता, टंटू मिश्रा, जेपी गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, रवि जायसवाल, अजय स्वर्णकार, अनुज कुमार, विजय प्रजापति, अखिलेश विश्वकर्मा, राजेश दास, संतोष गुप्ता, जयराम मेहता, दीपक कुमार, राजू शर्मा, शशि शेखर, एजाज अहमद और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हैदरनगर में 24 जून को होगी बीडीसी की महत्वपूर्ण बैठक

**सभी विभागों को देनी होगी प्रगति रिपोर्ट : बीडीओ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड विकास समिति की अगली बैठक 24 जून को हैदरनगर प्रखंड सभागार में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने लिखित सूचना जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पंचायत सदस्यों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। बैठक मंगलवार को दोपहर 11:30 बजे शुरू होगी। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख, सभी पंचायत समिति सदस्य, संबंधित मुखिया, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, थाना प्रभारी, एसबीआई और ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा और विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। बीडीओ ने सभी विभागीय प्रतिनिधियों को अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थिति दर्ज कराने की सख्त हिदायत दी है, ताकि आगे की कार्य योजना पर निर्णय लिया जा सके।

# कुएं से लोटा निकालने गए पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत

**प्रशासन ने परिजनों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि दी, कुआं जेसीबी से भरा गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सहियारा गांव में रविवार को बंद पड़े एक कुएं में लोटा निकालने के प्रयास में पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान जगत राम (65 वर्ष) और उनके पुत्र मुन्ना राम (35 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि स्टील का लोटा करीब 20 फीट गहरे सूखे कुएं में गिर गया था। पहले मुन्ना राम लोटा निकालने कुएं में उतरे, लेकिन जब वह बाहर नहीं निकले, तो पिता भी अंदर गए, जहां दम घुटने से दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, थाना प्रभारी सोनू चौधरी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। प्रशासन द्वारा आपदा राहत कोष से 20-20 हजार रुपये की त्वरित सहायता राशि दी गई। वहीं एसडीओ के निर्देश पर उक्त कुएं को जेसीबी मशीन से तत्काल भर दिया गया, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा देने की मांग की है।

# अयोध्या के लिए रवाना हुए डाक अभिकर्ताओं का दल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ के आह्वान पर हैदरनगर से 13 सदस्यीय डाक अभिकताओं का दल रविवार की रात शटल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। दल के सदस्यों में भगवान सिंह, उर्मिला देवी, सुरेंद्र ठाकुर, अनीता देवी, राकेश कुमार दुबे, नीलम देवी, अजय अग्रवाल, संगीता कुमारी, राजेश प्रसाद, संगीता देवी, अरुण कुमार गुप्ता, धीरज कुमार और अर्चना देवी शामिल हैं। दल के सदस्यों ने बताया कि सोमवार को रामलला के दर्शन और पूजन के बाद वे राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ के आठवें स्थापना दिवस सह सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां अभिकताओं के हितों से संबंधित प्रस्तावों और निर्णयों पर विचार होगा। स्थानिक उप डाकपाल विनोद चौधरी और अन्य कर्मचारियों ने स्टेशन पर उन्हें विदाई दी और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# लू का कहर, स्कूल के बच्चों व अभिभावकों की बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले का हुसैनाबाद क्षेत्र भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। हुसैनाबाद मिडिल स्कूल में नामांकित 514 छात्रों में से मात्र 250 ही उपस्थिति दर्ज करा सके। विद्यालय में पंखे और पानी की व्यवस्था तो है, परंतु गर्मी से राहत के लिए ग्लूकोज जैसी व्यवस्था नहीं है। हुसैनाबाद अस्पताल में भी सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। सरकारी आदेशानुसार सभी स्कूल सुबह 7:30 से 11:30 तक संचालित हो रहे हैं, लेकिन छुट्टी के बाद चिलचिलाती धूप में बच्चों को घर लौटना भारी पड़ रहा है। दोपहर 12 से 2 बजे के बीच गर्मी और लू अपने चरम पर होती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो रही है।द बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर घर में ही रह रहे हैं। विद्यालय के अभिभावक अजय साव, सुनील कुमार और अभिमन्यु सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा और स्वास्थ्य इंतजाम किए जाएं। एमडीएम प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड के 167 विद्यालयों में बिजली और पंखों की व्यवस्था की गई है।

# मुख्य सड़क पर बने अनियमित ठोकर बने हादसों की वजह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार मुख्य सड़क के मजबूतीकरण के अंतर्गत बनाए गए स्पीड ब्रेकर (ठोकर) मापदंडों के अनुरूप नहीं बने हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार इन ठोकरों का निर्माण तकनीकी मानकों के विरुद्ध किया गया है। मोटरसाइकिल सवारों को विशेष रूप से इनसे खतरा हो रहा है और अब तक कई दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। कार चालकों को भी इन्हें पार करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ रही है। बताया गया कि शिलापर, भजनियां और थाना मोड़ पर बने ठोकर अत्यधिक ऊंचाई वाले हैं। थाना मोड़ पर तो छह धारियों वाला ठोकर बना है, जो मानक से अधिक बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन ठोकरों को तोड़कर दोबारा मापदंड के अनुसार नहीं बनाया गया तो लगातार दुर्घटनाएं होती रहेंगी। लोगों ने संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए प्रशासन एवं संबंधित विभाग से दोषियों पर कार्रवाई तथा समस्या के समाधान की मांग की है।

# तारा विद्यालय में टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा के प्रांगण में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2025 की माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके माता-पिता और अभिभावकों को भी सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामबांध पंचायत के मुखिया अबू नसर सिद्दीकी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी लगन और विद्यालय के शिक्षकों की निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने सीमित संसाधनों में शिक्षण व्यवस्था का कुशल संचालन करने के लिए प्रधानाध्यापक और शिक्षकगण की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष चौहान, हरेंद्र सिंह यादव, शैलेश कुमार शुक्ला, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार राय, आशीष कुमार पटेल, श्रीराम पांडेय, शगुफ्ता परवीन, निक्की कुमारी, शबा परवीन, राजहंस कुमार, मनीष शर्मा, आदर्श कुमार और सरफराज आलम ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मानित विद्यार्थियों में माध्यमिक वर्ग से सौरव कुमार, लवलेश रौशन, नीतीश पाल, अभिषेक पाल, रुबीना बानो, श्वेता कुमारी तथा इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय से सौरभ चौधरी, दिलीप कुमार, दिव्या दुबे, वाणिज्य संकाय से फैजान अहमद, अल्तमस राजा, संकेत पांडेय एवं कला संकाय से सहानी खातून, नजराना, नासरीन खातून और रोहित कुमार शामिल हैं।

## दो साल बाद भी अधूरा है भीम बराज की दायीं नहर का लाइनिंग कार्य

**मोहम्मदगंज।** भीम बराज से निकली दायीं नहर का लाइनिंग कार्य दो वर्षों से अधर में लटका हुआ है। मार्च 2023 में केंद्रीय जल आयोग और अगस्त 2023 में संसदीय दल के दौरे के बावजूद जून 2025 तक नहर का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। केंद्रीय जल आयोग की टीम ने कंट्रोल रूम में अभियंताओं और निर्माण एजेंसी से मुलाकात कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और सांसद विष्णुदयाल राम ने भी असंतोष जताते हुए समय-सीमा में कार्य पूरा करने को कहा था। बावजूद इसके, अब भी करीब 12 किलोमीटर लाइनिंग कार्य बाकी है, जिसमें कई छोटे-बड़े पुलों का निर्माण भी शामिल है। झारखंड क्षेत्र की 31 किमी सीमा तक यह कार्य जल आयोग की राशि से वर्ष 2019-20 में आरंभ हुआ था, लेकिन कोरोना सहित अन्य बाधाओं के चलते यह अधूरा रह गया। इस देरी से हुसैनाबाद की लगभग 11,780 हेक्टेयर और बिहार की 1 लाख हेक्टेयर भूमि की निर्बाध सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे रबी फसल की बुआई पर संकट खड़ा हो गया है।

# अनियंत्रित बाइक की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ढेला गांव में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक की टक्कर से 55 वर्षीय महिला फूलपती देवी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान ढेला गांव निवासी कपिल देव राम की पत्नी फूलपती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह सुबह किसी कार्य से घर से बाहर निकली थीं, तभी एक तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घायल अवस्था में उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लेस्लीगंज ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार अत्यधिक तेज रफ्तार में था और असंतुलन के कारण महिला से सीधी टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक और उसके चालक को अपने कब्जे में ले लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस हादसे के बाद मृतका के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# किन्नी में मनाई गई स्व. अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि

**▸ विधायक आलोक चौरसिया ने कहा–पिता के सिद्धांतों पर चलकर करता रहूंगा सेवा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत किन्नी गांव में सोमवार को स्वर्गीय अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डाल्टनगंज-भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया सहित३ कई गणमान्य अतिथियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसकी अध्यक्षता विधायक आलोक चौरसिया ने की। संचालन भीष्म चौरसिया ने किया। उन्होंने स्व. अनिल चौरसिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर गरीब, दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके पिता स्व. अनिल चौरसिया के विचार और संघर्ष आज भी उनके लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा, ३मैं उनके सिद्धांतों और आदर्शों पर चलते हुए हमेशा गरीबों और वंचितों की आवाज बनकर काम करता रहूंगा।३ उन्होंने यह भी कहा कि उनके विरोधियों ने उन्हें हराने के लिए तरह-तरह के दुष्प्रचार और हथकंडे अपनाए, परंतु जनता के आशीर्वाद और पिता के पुण्य प्रताप से वह तीसरी बार विधायक बनने में सफल रहे। वक्ताओं ने कहा–दलितों और गरीबों के मसीहा थे अनिल चौरसिया कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने स्व. अनिल चौरसिया को दलितों, गरीबों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ने वाला एक निर्भीक और जनप्रिय नेता बताया। इस मौके पर श्यामनारायण दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, पूर्व सांसद घूरन राम, विजयानंद पाठक, मनोज भुइयां, प्रभात भुइयां, गढ़वा भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो, विधानसभा प्रभारी रघुराज पांडेय, रूपा देवी, मंजू देवी, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव प्रसाद, विभाकर पांडेय, उदय शुक्ल, उपप्रमुख सुनील कुमार सिंह, विकास चौरसिया उर्फ संटू, पूर्व मुखिया अशेष चौरसिया, व्यास राम चौरसिया, शैलेंद्र कुमार शैलु, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजद विधायक संजय को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मनाया गया उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद/हरिहरगंज के राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव को एक बार फिर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की सूचना मिलते ही कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार को हैदरनगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर मिठाइयां बांटकर विधायक के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजद प्रदेश सचिव रिजवान खान, प्रखंड अध्यक्ष शमीम खान, लल्लू सिंह, रामजी यादव, मुखिया सुदर्शन पासवान और अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि संजय यादव के नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा मिलेगी। वहीं कार्यकर्ताओं ने हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने की मांग विधायक से की है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर की जनसंख्या एक लाख से अधिक है, और सीमावर्ती गढ़वा के मरीज भी इसी केंद्र पर आश्रित हैं। अतः समुचित स्वास्थ्य सेवा की दृष्टि से यह मांग जनहित में अत्यंत आवश्यक है।

**नशा मुक्ति अभियान** | प्रभात फेरी, गीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जा रहा है जागरूकता अभियान

# नशा मुक्ति अभियान में जुटीं आजीविका सखी मंडल की महिलाएं



**महिलाओं ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई**

बीडीओ रणवीर कुमार के मार्गदर्शन में और बीपीएम भूपेश कुमार के निर्देश पर सोमवार को मोहम्मदगंज के कादलकुर्मी, लटपौरी सहित चार पंचायतों में विभिन्न विद्यालयों व पंचायत सचिवालयों में ग्राम संगठन की सखी मंडल की महिलाओं ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सरकारी गाइडलाइन के तहत नशा मुक्ति अभियान को सशक्त रूप से लागू करने के लिए जेएसएलपीएस ने सक्रिय पहल की है। इस दौरान महिलाओं और बच्चों को नशा मुक्त भारत निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सुमन देवी, बबिता देवी, आरती देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, शिल्पी कुमारी, श्री दुल्ला, बेबी देवी, मनोज कुमार, महेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सहित कई सदस्य सक्रिय रहे। बताया गया कि प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है। जेएसएलपीएस की ओर से दीदियों को इस जन-जागरूकता की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसकी प्रभावी झलक अब गांवों में नजर आने लगी है।

## शटल ट्रेन की समय सारणी संशोधन व यात्री सुविधा विस्तार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** डीडीयू रेल मंडल के बीडी सेक्शन पर चलने वाली बरवाडीहझडेहरी ऑन सोन शटल ट्रेन संख्या 53349 की परिवर्तित समय सारणी से आम यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। यह ट्रेन पलामू जिले के लोगों की जिला मुख्यालय मेदिनीनगर तक आवागमन की लाइफलाइन मानी जाती है। यात्रियों की लंबे समय से मांग है कि इसका समय पूर्ववत किया जाए या इसे शाम पांच बजे मेदिनीनगर में आगमन सुनिश्चित कराया जाए। इस संबंध में झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के सदस्य अंकू सिंह राणा सहित स्थानीय प्रबुद्धजनों और मीडिया कर्मियों ने सांसद विष्णु दयाल राम और जेडआरयूसीसी सदस्य प्रफुल कुमार सिंह को ट्वीट कर हस्तक्षेप की मांग की है। इसके साथ ही हैदरनगर स्टेशन के समीप रेल फाटक संख्या 50 बीटी पर आरओबी निर्माण, तथा जपला स्टेशन के पास बने आरओबी से विभिन्न इलाकों तक आवागमन हेतु एप्रोच पथ निर्माण का आग्रह किया गया है। उन्होंने यह भी मांग की है कि रांची-दिल्ली एक्सप्रेस (12877/12878) को हैदरनगर स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव दिया जाए तथा रांची से देहरादून के लिए एक नई सुपरफास्ट ट्रेन चलाई जाए, जो गढ़वा से डेहरी ऑन सोन तक प्रमुख स्टेशनों पर रुके।

# एमएमसीएच में गर्मी व गंदगी से बेहाल मरीज, सफाई व्यवस्था पर चुप है अस्पताल प्रशासन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल का एकमात्र मेडिकल कॉलेज एमएमसीएच (मेडिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) इन दिनों अव्यवस्था और गंदगी का शिकार होता जा रहा है। पलामू और गढ़वा जिलों से बड़ी संख्या में मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं, लेकिन अस्पताल की बिगड़ती सफाई व्यवस्था से मरीज और उनके परिजन दोनों परेशान हैं।

**वार्डों में बंद हैं एसी, मरीज झेल रहे हैं उमस :** भीषण गर्मी के बीच अस्पताल के कई वार्डों में लगे एसी बंद पड़े हैं, जिससे भर्ती मरीजों की परेशानी और बढ़ गई है। 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच मरीजों को बिना किसी शीतलन सुविधा के इलाज करवाना पड़ रहा है। उमस और पसीने से जूझ रहे मरीजों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।



### अस्पताल परिसर में पसरी गंदगी, संक्रमण का खतरा

अस्पताल के पुराने भवन में चारों ओर गंदगी का आलम है। फर्श गंदे हैं, गलियारों में कचरा फैला हुआ है और जगह-जगह गंदा पानी जमा है, जिससे इस भीषण गर्मी में संक्रमण फैलने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। हर रविवार को ब्लीचिंग पाउडर से सफाई की परंपरा रही है, लेकिन इस रविवार को सफाई नहीं हुई। जब सफाईकर्मी से इसका कारण पूछा गया तो उसने ब्लीचिंग पाउडर की कमी बताई। वहीं सफाई कार्य की जिम्मेवारी संभाल रही बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर ने दावा किया कि पानी की कमी के कारण सफाई कार्य बाधित हुआ है।

### प्रबंधन ने पानी की कमी और मरम्मत का दिया हवाला

इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक सुमित श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि एसी की मरम्मत के लिए अस्पताल अधीक्षक को आवेदन भेजा गया है। सफाई व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति टैंकर से की जा रही है, लेकिन सफाई कर्मियों द्वारा रविवार को काम न करने की जानकारी उन्हें नहीं है।

### मरीजों और परिजनों में आक्रोश

बढ़ती अव्यवस्थाओं को लेकर मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी देखी जा रही है। सवाल यह उठता है कि गर्मी और संक्रमण के इस मौसम में अस्पताल प्रशासन की चुप्पी मरीजों के जीवन पर कितनी भारी पड़ेगी।

# मुख्य डाकघर में पोस्टल आर्डर के नाम पर हो रही अवैध वसूली

- जानकारी के अभाव में अभ्यर्थी चुका रहे ज्यादा पैसे, खुलेआम चल रहा गोरख धंधा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अगर आप डाकघर से पोस्टल आर्डर खरीदने जा रहे हैं तो तैयार रहें, मुंहमांगा कमीशन देने के लिए। शहर के मुख्य डाकघर में पोस्टल आर्डर के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की जा रही है। जानकारी के अनुसार, डाक विभाग द्वारा प्रत्येक पोस्टल आर्डर पर 50 पैसे की कमीशन तय की गई है, लेकिन इस नियम का उल्लंघन करते हुए डाककर्मी खुलकर 25 से 50 रुपए तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल उपभोक्ताओं के लिए परेशानियों का कारण बन रही है, बल्कि यह भी सवाल उठाती है कि वसूला जा रहा यह अतिरिक्त कमीशन आखिर किसकी जेब में जा रहा है।

यहां तक कि, पलामू जिले में 4th ग्रेड नियुक्ति के लिए हजारों अभ्यर्थी रोज मुख्य डाकघर का रुख कर रहे हैं। अपनी फॉर्म भरने की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने और किसी प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए ये लोग अवैध रूप से अतिरिक्त कमीशन देने को मजबूर हो रहे हैं। पोस्टल डाक विभाग के द्वारा सालों से तय किए गए 50 पैसे का कमीशन अब प्रचलन में नहीं है, जिसके कारण ग्राहकों से 1 रुपए वसूल किए जाते हैं। इसके कारण, डाक विभाग द्वारा पोस्टल आर्डर पर कितना कमीशन लिया जाता है, इस बारे में उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं है, और इस वजह से ग्राहक जितना कहा जाता है उतना ही अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर हैं।

**6.25 की जगह 25 और 12.50 के स्थान पर 50 रुपये लिया जा रहा कमीशन :** जिला मुख्यालय के डाकघर में राजेश कुमार नामक एक अभ्यर्थी ने बताया कि 100 रुपए का पोस्टल आर्डर खरीदने पर 5 रुपए कमीशन लिया जाता है, लेकिन यहां 125 रुपए के पोस्टल आर्डर पर 6.25 रुपए के बजाय 25 रुपए लिया जा रहा है। इससे उन्हें 125 रुपए का पोस्टल आर्डर खरीदने के लिए 150 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। वहीं, 250 रुपए के पोस्टल आर्डर की जगह 300 रुपए तक की वसूली की जा रही है।

**कमीशन में कम रुपए देने पर नहीं मिलते पोस्टल आर्डर :** उपभोक्ताओं ने बताया कि पोस्टल आर्डर पर कमीशन का सही दर क्या है, इस बारे में डाककर्मी पंकज कुमार कुछ नहीं बताते हैं। उनका कहना है कि अगर ग्राहक कम कमीशन देने की कोशिश करता है तो उसे पोस्टल आर्डर नहीं दिया जाता। इसके चलते ग्राहक लगातार अधिक पैसे देने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### तय कमीशन से ज्यादा पैसे वसूलना नियम के विरुद्ध : पोस्ट मास्टर

मुख्य डाकघर के पोस्ट मास्टर रुपेश वर्मा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि डाक विभाग द्वारा निर्धारित कमीशन से अधिक पैसे लिए जा रहे हैं तो यह पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है। इस मामले में दोषी पाए जाने वाले डाककर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, डाककर्मी पंकज कुमार ने खुदरा पैसे नहीं होने के कारण अधिक पैसे लेने की बात स्वीकार की है।

## उपायुक्त ने की डीआईजी से शिष्टाचार भेंट, कानून-व्यवस्था व जमीन विवादों के समाधान पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीर एस ने सोमवार को पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच जिले की वर्तमान विधि-व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय तथा भूमि विवादों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक के दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि प्रशासनिक पदों पर कार्यरत अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि प्रशासनिक दक्षता के माध्यम से ही आम जनता को प्रभावी न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

विशेष रूप से भूमि विवादों के विषय पर चर्चा करते हुए डीआईजी ने बताया कि जिले के अधिकांश थानों में भूमि से संबंधित शिकायतें नियमित रूप से आ रही हैं, जिनमें से कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में तब्दील हो जाती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि थाना स्तर पर हर 10 दिनों में एक बार सीओ एवं थाना प्रभारी की संयुक्त उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया जाए, ताकि भूमि विवादों का प्राथमिक स्तर पर ही समाधान संभव हो सके। डीआईजी ने कहा कि यदि ऐसे शिविरों में विवादों का समाधान हो जाता है तो बेहतर होगा, अन्यथा दोनों पक्षों को सिविल कोर्ट में जाने की सलाह दी जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शिविरों का उद्देश्य भूमि विवादों को समय रहते सुलझाकर सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है, ताकि हिंसा और आपसी दुश्मनी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

उपायुक्त समीर एस ने डीआईजी के इस सुझाव को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और भरोसा दिलाया कि इस दिशा में शीघ्र ही पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर भी ऐसे शिविरों के आयोजन की अनुमति सीओ को दी जाएगी, ताकि समस्या का व्यापक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक के अंत में दोनों अधिकारियों ने जिले की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## ऑक्सब्रिज इंस्टिट्यूट में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** ऑक्सब्रिज इंस्टिट्यूट में सोमवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि संस्थान में पढ़ने वाली कई छात्राओं ने शानदार परिणाम देकर न केवल संस्थान, बल्कि अपने विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई, मेहनत और सही दिशा-निर्देश से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने लगातार प्रयास कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वहीं संस्थान के शिक्षकों ने उन्हें सकारात्मक दिशा देकर शिक्षा के प्रति आस्था विकसित की है, जो उनके जीवन में अमूल्य धन के समान है।

**सम्मान प्राप्त करने वाले प्रमुख छात्र-छात्राओ में :** अभिनव प्रकाश, राजीव कुमार, आयुष गुप्ता, नंदन कुमार, विक्रांत यादव, निशि कुमारी, कुमकुम कुमारी, पुष्पा कुमारी, नितीश चौरसिया, सिंधु राज, सोनाली, राहुल प्रसाद, रोहित कुमार एवं रूपेश कुमार के नाम शामिल हैं।

## विद्यालय स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम किशोरावस्था के लिए प्रेरणादायी: अमृता सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मेदिनीनगर में सोमवार को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत बैच संख्या 33, 34 और 35 के लिए आरोग्य दूतों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या अमृता सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह, संकाय सदस्य मो. हसन राजा एवं जितेंद्र कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद तथा आयुष्मान भारत का संयुक्त उपक्रम है। जहां देशभर में 11 मॉड्यूल संचालित किए जा रहे हैं, वहीं झारखंड की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें 5 अतिरिक्त मॉड्यूल भी जोड़े गए हैं। अपने उद्बोधन में प्राचार्या अमृता सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम किशोरावस्था के विद्यार्थियों के समग्र विकास और स्वास्थ्य चेतना को सशक्त करने के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने इसे भविष्य निर्माण के लिए एक प्रेरक पहल बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में आरोग्य दूतों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और मानसिक जागरूकता जैसे विषयों से परिचित कराना बेहद जरूरी है। इस प्रशिक्षण में पांकी और पिपरा प्रखंड के कक्षा 6 से 12 तक शिक्षण कराने वाले विद्यालयों से चयनित 105 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में नामित किया गया है। इन शिक्षकों को जेसीआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजी प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः गैर-आवासीय है और पांच दिनों तक डायट परिसर में चलेगा। प्रशिक्षण उपरांत शिक्षक अपने विद्यालयों में प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे।

# एनएच 75 समेत सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, डीसी ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिले में चल रही एनएच-75 फोरलेन, आरओआर, आरओबी और राज्य सरकार की सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण, एलपीसी निर्गमन और मुआवजा भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, वहां लाभुकों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भुगतान में आ रही अड़चनों को शीघ्र दूर कर अवार्डियों को लाभ पहुंचाया जाए। विश्रामपुर अंचल में 367 अवार्डी के विरुद्ध अब तक 318 एलपीसी निर्गत किए जा चुके हैं, जबकि पड़वा के पांच गांवों में 309 में से 279 एलपीसी निर्गत किए गए हैं। बैठक में नवाबाजार के अंचलाधिकारी के बिना दस्तावेजों के पहुंचने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि भविष्य में सभी सीओ दस्तावेजों के साथ बैठक में उपस्थित हों। उपायुक्त ने कहा कि जिला भू-अर्जन कार्यालय के साथ बेहतर समन्वय से कार्य में गति लाई जा सकती है। अंचल स्तर से कार्य प्रभावित होने पर निर्माण परियोजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा सहित सभी संबंधित अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## आयुष विभाग का निःशुल्क शिविर शुरू, हड्डी व जोड़ों के रोगियों को मिल रहा लाभ

**मेदिनीनगर।** जिले में आयुष विभाग की ओर से ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल विकारों से ग्रसित मरीजों तथा वायोमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों के लिए निःशुल्क इलाज हेतु शिविरों की शुरुआत की गई है। यह शिविर 16 जून से 24 जून 2025 तक चरणबद्ध रूप से जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, सदर मेदिनीनगर, नीलांबर-पीतांबरपुर, पांकी और मनातू प्रखंड कार्यालयों में दो दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ, जो 17 जून तक चलेगा। शिविर में मरीजों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों – आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी – के माध्यम से हड्डी, मांसपेशियों, जोड़ों के दर्द, कब्ज, गैस आदि असाध्य रोगों का उपचार किया गया। दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं और योगाभ्यास के लिए जागरूक किया गया। शिविर में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सहिया, तथा योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राम नारायण कारक ने सतबरवा, सदर, और रामगढ़ में शिविर का निरीक्षण किया, वहीं कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मृत्युंजय कुमार मेहता ने पांकी, मनातू एवं नीलांबर-पीतांबरपुर का दौरा किया।

**डॉ. कारक ने बताया कि ये शिविर प्रत्येक प्रखंड में दो दिनों के लिए आयोजित किए जाएंगे। आगामी शिविरों की तिथि इस प्रकार है:** 18-19 जूनः पाटन, नवाबाजार, उंटारी रोड, विश्रामपुर, नौडीहा बाजार, पड़वा, तरहसी

**23-24 जूनः** हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, पांडु, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, छतरपुर

आयुष विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटवर्ती प्रखंडों में जाकर शिविर का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

**जागरूकता** | शिविरों में बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवारों ने भाग लिया

# धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत दी जा रही योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर जिले में चल रहे धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत सोमवार को पलामू जिले के सतबरवा, पाटन, नौडीहा बाजार और छतरपुर प्रखंडों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवारों ने भाग लिया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सतबरवा प्रखंड के लेदवाखांड़ (पोंची पंचायत) में आयोजित शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन, मुखिया गिरवर प्रसाद राम, पंचायत सचिव रमेश कुमार मेहता, राजस्व उप निरीक्षक विकास मिंज, जेएसएलपीएस के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग की टीम आदि मौजूद रहे।

पाटन प्रखंड के होमिया गांव (कसवाखांड़) में शिविर का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार मिश्रा की देखरेख में हुआ। यहां आपूर्ति विभाग, आधार पंजीकरण टीम, पंचायत सचिव, मुखिया यशोदा देवी और समिति सदस्य सबिता देवी सहित अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

छतरपुर प्रखंड के कव्वल पंचायत में आयोजित शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीव कुमार, मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी, सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए।

नौडीहा बाजार के करकट्टा पंचायत में भी शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविरों में मुख्य रूप से आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे राशन, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, आधार पंजीकरण आदि की जानकारी दी गई। मौके पर संबंधित विभागों द्वारा कई लाभुकों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

### गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं : उपायुक्त

पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने कहा कि धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत प्रशासन का लक्ष्य है कि आदिम जनजाति परिवारों को सीधा लाभ दिया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

### लड़की को भगाने का आरोप, परिवार ने थाना में दिया आवेदन

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र से एक किशोरी को भगाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने शहर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। परिजनों के अनुसार किशोरी रविवार सुबह घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों का कहना है कि जाते समय वह 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के गहने और लैपटॉप भी साथ ले गई। शिकायत में बताया गया है कि लड़की का संपर्क सीतामढ़ी (बिहार) निवासी मसरूर अहमद से था, जो इंस्टाग्राम और फेसबुक के माध्यम से लगातार उससे बातचीत करता था। परिजनों ने आरोप लगाया कि मसरूर ने लड़की को बहला-फुसलाकर भगाया है। परिजनों ने कई स्थानों पर उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर दिया गया जोर

**मेदिनीनगर।** महिला कांग्रेस कमिटी पलामू की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को अध्यक्ष रेखा सिंह के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से आई दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में अहमदाबाद में हुई हालिया हवाई दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार पर विशेष चर्चा की गई। इसमें विधानसभा स्तर पर कमिटी गठन तथा प्रत्येक प्रखंड में महिला अध्यक्ष चयन के माध्यम से पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर रेखा सिंह के साथ बबीता देवी, लीलावती देवी, माहेश्वरी देवी, सीमा देवी, रीता देवी समेत कई महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### चेचन्हा राजहरा बालू घाट से अवैध बालू उठाव पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने जताई आपत्ति

**मेदिनीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने पलामू उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर चेचन्हा राजहरा बालू घाट से हो रहे अवैध बालू परिवहन की शिकायत की है। उन्होंने अवैध उठाव का वीडियो भी प्रशासन को सौंपा है। पांडेय ने बताया कि एनजीटी के नियम लागू होने के बावजूद प्रतिदिन शाम 4 बजे से सुबह 9 बजे तक 60–70 ट्रैक्टरों द्वारा बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है, जिसकी प्रशासन को भनक तक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अवैध खनन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान और सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध बालू उठाव पर शीघ्र रोक लगाई जाए।

### पुरानी परंपरा से मनाया जाएगा मुहर्रम का पर्व : जेनरल

**मेदिनीनगर।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन और मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी की ओर से रविवार की रात पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेनरल महताब आलम ने कहा कि मुहर्रम का पर्व पलामू की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। यहां रामनवमी हो या मुहर्रम, सभी समुदाय मिल-जुलकर त्योहारों को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी मुहर्रम की परंपरा को पुराने ढंग से ही निभाया जाएगा। साथ ही सभी कमिटी सदस्यों से आग्रह किया गया कि जुलूस के दौरान साउंड सिस्टम में बेस का उपयोग न किया जाए, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को असुविधा न हो। कार्यक्रम में तमाम ताजियादारों, अखाड़ेदारों, ओहदेदारों एवं कमिटी के सदर और सचिवों को पगड़ी और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद जुलूस पहाड़ी मुहल्ला कर्बला से निकलकर नूरी मस्जिद, मुस्लिम नगर, कसाई मुहल्ला, लालकोठी होते हुए सब्जी बाजार तक पहुंचकर संपन्न हुआ। मौके पर पूर्व जेनरल खलीफा जिशान खान, इस्त्राइल आजाद उर्फ मिंटू, सैयद शहरयार अली, सन्नू सिद्दीकी, नूर मोहम्मद, नियाज अहमद, आशिफ राइन उर्फ मोनू, कमाल खान, इमरान कुरैशी, समाजसेवी कलाम, मासूम अंसारी, सोनू खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के खाला गांव में 20 वर्षीय विवाहिता रूखसाना खातून का शव उसके ससुराल से सोमवार को बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेजा और फिर परिजनों को सौंपा। मृतका की मां हलीमा बीबी ने धुरकी थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी बेटी की शादी पिछले वर्ष जुलाई में खाला गांव निवासी बद्दरुद्दीन अंसारी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में 40 हजार नकद की मांग कर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि 14 जून की रात दामाद और ससुरालवालों ने मिलकर उनकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को घर में छोड़कर भाग गए। हलीमा बीबी ने पति बद्दरुद्दीन, ससुर अफताब अंसारी, सास रकीबा बीबी, ननद नूरजहां व ऐसर खातून पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# नहर निर्माण साइट पर रोलर चालक की संदिग्ध मौत, मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतीला गांव के पास बन रही नहर निर्माण योजना के साइट पर सोमवार को एक रोलर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान रमजान अंसारी (50 वर्ष), पिता जाफर अंसारी, निवासी मदनगुंडी थाना चंदवारा, जिला कोडरमा के रूप में की गई है। वह पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन कंपनी में रोलर चालक के रूप में कार्यरत था। घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस करीब 3:30 बजे घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मृतक का



पैंट, जांघिया, जूता, बेल्ट शव से अलग पाए गए, जिससे ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए कंपनी के सुपरवाइजर अविनाश कुमार सिंह को पूछताछ के लिए थाना लाया। सुपरवाइजर के मोबाइल फोन से एक वीडियो भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। घटना के बाद पंचायत मुखिया अमित कुमार दुबे व स्थानीय ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। काफी देर तक ग्रामीण शव उठाने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद निर्माण कंपनी के साइट इंचार्ज अनिल विश्वकर्मा और जीएम जितेंद्र कुमार साहू ने तीन लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही। वहीं, रोलर मालिक विकास यादव ने भी परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। घटना स्थल पर मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इसे संदेहास्पद घटना बताया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस एक व्यक्ति से पूछताछ कर रही है और जांच जारी है।

## न्यूज | बॉक्स

### एसडीएम ने छापेमारी कर जब्त की 135 बोतल शराब



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार की देर शाम गढ़वा सदर प्रखंड के पेशका क्षेत्र के कई गांवों–पेशका चामा, पेंदिली, बगेसर5 आदि में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान कई संदिग्धों को चेतावनी दी गई और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पी रहे लोगों को खदेड़ा गया। इस दौरान पेशका बाजार स्थित खाद-बीज विक्रेता अरविंद गुप्ता की दुकान में छापा मारने पर वहां एक बड़े डीप फ्रीजर में विभिन्न ब्रांड की 135 बोतलें शराब बरामद की गईं। एसडीएम के पहुंचते ही दुकानदार फरार हो गया। मौके पर ही दुकान में ताला लगवाया गया तथा चाबी मुखिया रामप्रताप शाह एवं ग्राम चौकीदार जगदीश राम को सौंप दी गई। एसडीएम ने बताया कि व्यापारी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वह खाद-बीज के नाम पर शराब का अवैध व्यापार करता है, जिससे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही थी। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक व निरीक्षक को मामले में दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि विगत एक सप्ताह से ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है जो शराब निर्माण सामग्री की आपूर्ति करते हैं। इनकी सूची तैयार कर कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम ने कहा कि वे पिछले डेढ़ महीने से नियमित रूप से नशा विरोधी अभियान चला रहे हैं, लेकिन समाज का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अपील की कि सभी नागरिक अवैध शराब के खिलाफ इस अभियान में सहभागी बनें, क्योंकि नशा ही आज अधिकांश अपराधों की जड़ है। नशा पर नियंत्रण से विधि-व्यवस्था बेहतर होगी।

### उग्रवादी गतिविधियों में लिप्त इंदल पासवान के घर चिपकाया गया इश्तेहार



**कांडी।** थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 43/24 के अप्राथमिक अभियुक्त इंदल पासवान, पिता कामेश्वर पासवान, निवासी सुकना डेरा झरगड़ा, हुसैनाबाद के घर पर सोमवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि इंदल पासवान उग्रवादी गतिविधियों में लिप्त रहा है और काफी समय से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा ग्रामीणों को भी इसकी जानकारी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर अदालत में हाजिर नहीं होता है, तो उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हलचल का माहौल है। पुलिस लगातार अभियुक्त की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## गढ़वा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत, उपायुक्त ने किया चेटे पंचायत से शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत गढ़वा जिले में सोमवार को व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं लाभ वितरण शिविर की शुरूआत हुई। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने जिले के रमकंडा प्रखंड के चेटे पंचायत से इस विशेष अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में उपायुक्त सहित जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि यह केवल एक प्रखंड स्तरीय नहीं, बल्कि जिला स्तरीय समन्वित अभियान है, जिसकी शुरूआत आज चेटे पंचायत से हुई है और इसका विस्तार 30 जून 2025 तक जिले के सभी 15 प्रखंडों के 58 पंचायतों अंतर्गत 113 गांवों तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर ह्यजनजातीय गौरव वर्षह्व के अंतर्गत जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान भारत योजना, मातृत्व वंदन योजना, मिशन इंद्रधनुष, मनरेगा, पोषण अभियान इत्यादि के लाभ लेने की अपील की। जन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड की अनुपलब्धता, भूमि विवाद, पेयजल संकट और विद्युतीकरण जैसी समस्याएं सामने रखीं। उपायुक्त ने इन समस्याओं को प्राथमिकता पर सुलझाने का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महासभा अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के 24 जिलों के कुल 7139 गांवों में इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 49.76 लाख जनजातीय लोगों को लक्षित किया गया है। गढ़वा जिले में 113 गांवों के 96,724 अनुसूचित जनजातीय व्यक्तियों को इस अभियान से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में वैसे गांवों का चयन किया गया है, जहां की कुल आबादी में कम से कम 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति समुदाय हो या फिर एस्पिरेशनल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव हों, जहां जनजातीय आबादी 50 से अधिक हो। यह अभियान 2028-29 तक पांच वर्षों में 17 मंत्रालयों की 25 प्रमुख योजनाओं को सैचुरेशन मोड में लागू करने का लक्ष्य रखता है। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, विद्युत आपूर्ति, मोबाइल चिकित्सा इकाई, स्किल डेवलपमेंट, ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर, वन अधिकार अधिनियम से आच्छादित परिवारों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन से जोड़ना आदि शामिल हैं। अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गांवों में सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने रमकंडा प्रखंड की मूलभूत समस्याओं जैसे जल संकट, अधूरी सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली व सिंचाई व्यवस्था के अभाव पर चिंता जताई और उपायुक्त से इनका समाधान करने का आग्रह किया। जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। वहीं डीपीएम, जेएसएलपीएस ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में चल रही योजनाओं को साझा करते हुए महिलाओं से इनसे जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई एवं अन्नप्राशन की रस्म को भी पूर्ण कराया।

## शराबबंदी पर जन दरबार, 33 कारोबारियों ने छोड़ा अवैध धंधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पूर्वी पंचायत में सोमवार को पंचायत भवन में पूर्ण शराबबंदी को लेकर मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में एक जन सुनवाई (दरबार) का आयोजन किया गया। दरबार में पंचायत के विभिन्न वार्डों से महुआ शराब के धंधे में संलिप्त 37 लोगों को नोटिस भेजकर बुलाया गया था, जिनमें से 33 लोग उपस्थित हुए। सभी ने पंचायती राज पदाधिकारियों की बातें सुनने के बाद स्वयं से शराब कारोबार छोड़ने की घोषणा की। मौके पर उद्योग विभाग के महेंद्र विश्वकर्मा और प्रियंका कुमारी ने इन लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैंक ऋण दिलाने की बात कही। जन सुनवाई में पंचायत सचिव राधा कुमारी, जेएसएलपीएस के पंकज कुमार, पंचायत सहायक मकसूद आलम, उप मुखिया अली शेर अंसारी, वार्ड सदस्य भोला राम, उषा देवी, मोती राम, अशोक राम समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। मुखिया ने ग्रामीणों से नशामुक्त समाज बनाने के लिए सहयोग मांगा।

### सेवानिवृत्त कर्मी रुपनराम का निधन, क्षेत्र में शोक

**रमना।** सिलीदाग गांव निवासी 77 वर्षीय बीएसएल सेवानिवृत्त कर्मचारी रुपनराम का मंगलवार की दोपहर निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनका इलाज घर पर ही किया जा रहा था, लेकिन दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली। रुपनराम एक शिष्ट, सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। उन्होंने कभी शराब का सेवन नहीं किया और सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे। उनके निधन की खबर से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के आने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## तीन सप्ताह बाद भी नहीं सौंपा गया प्रभार, पंचायतों में विकास कार्य ठप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत 11 पंचायतों में नियुक्त रोजगार सेवकों का स्थानांतरण 20 मई 2025 को किया गया था, लेकिन तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी किसी भी रोजगार सेवक ने अपने नए पंचायत में प्रभार ग्रहण नहीं किया है। इससे मनरेगा के अंतर्गत चलने वाले तमाम विकास कार्य ठप पड़े हैं और पंचायतों में कामकाज पूरी तरह बाधित हो गया है। स्थानांतरित किए गए कर्मियों में धर्मेंद्र कुमार (भागोडीह), रोहित शुक्ल (गम्हरिया), धर्मेंद्र दुबे (कर्णपुरा), आलोक तिवारी (बहियार खुर्द), रीना कुमारी (टंडवा), अनिल दास (सिलीदाग), श्रीराम (बहियार कला), मनीष जयसवाल (हरादाग कला), शैलेश कुमार (बुल्का), रोहित राज (रमना) और दिग्विजय दुबे (मड़वनिया) शामिल हैं। प्रखंड कार्यालय ने पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक न तो किसी ने प्रभार लिया और न ही प्रतिवेदन कार्यालय में जमा किया। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल ने बताया कि अब तक कोई भी प्रतिवेदन कार्यालय में नहीं दिया गया है। संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। वहीं सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने कहा कि सभी का स्थानांतरण हो चुका है और निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### डीसी ने चिनिया प्रखंड का किया निरीक्षण शिकायत पर पंचायत सेवक निलंबित



**चिनिया।** गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को चिनिया प्रखंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीडीओ सुबोध कुमार के साथ कार्यालय कार्यों की समीक्षा की। कार्यालय से बाहर निकलते समय उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। ग्रामीण रामप्रताप यादव ने डीसी को बताया कि उनका बेटा अरुण कुमार एयरफोर्स में कार्यरत है, परंतु शादी प्रमाण पत्र के लिए महीनों से कार्यालय के चक्कर काटने के बाद भी प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। पंचायत सेवक द्वारा कहा गया कि 'जहां जाना है जाओ, सर्टिफिकेट नहीं बनेगा'। इस पर उपायुक्त ने पंचायत सेवक को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया। वहीं, राकेश यादव ने शिकायत की कि उनके दादा के नाम से बने खतियान की 16.13 एकड़ जमीन में से 4.60 एकड़ बेचने के बाद भी शेष जमीन ऑनलाइन रजिस्टर टू में 00 दिखा रहा है। लगातार अंचल कर्मी विनोद कुमार से संपर्क के बाद भी सुधार नहीं हुआ। इस पर उपायुक्त ने कर्मचारी को फटकार लगाते हुए त्वरित सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीडीओ सुबोध कुमार, सीओ उमेश्वर यादव, प्रखंड सहायक नुमान अंसारी, अंचल निरीक्षक विनय गुप्ता, जेई मनोज कुमार, पंचायत सचिव कमलेश कुमार, राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे, पंचायत सेवक अशोक बैठा, मुखिया गोपाल यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### मां कामाख्या देवी मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर कलश यात्रा, अखंड कीर्तन व भंडारे का आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के करुई गांव स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ सोमवार को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह कलश यात्रा और पालकी भ्रमण से हुई। कलश यात्रा कशया नदी से पवित्र जल भरकर मंदिर तक पैदल यात्रा के रूप में निकाली गई, जो करुई समेत आसपास के कई गांवों से होकर गुजरी। जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के समापन पर मंदिर में कलश स्थापना की गई। इसके बाद पूजा-अनुष्ठान का आयोजन हुआ, जिसमें आचार्य आशीष वैद्य ने वैदिक रीति से अनुष्ठान सम्पन्न कराया। इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में राज बिहारी सिंह और रामा शंकर सिंह ने पूजा संपन्न कराई। दिन में 2 बजे से लेकर देर रात तक मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत और अखंड कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भक्तों ने पूरी रात मां कामाख्या की भक्ति में लीन रहकर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। रंग-बिरंगी सजावट, फूलों की माला और दीपों से मंदिर की शोभा देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया इंदू सिंह, श्याम किशोर सिंह, कृपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, उदय प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, अश्विनी सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, धर्मपाल सिंह, आलोक सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अमित सिंह, संजय कुमार सिंह सहित दर्जनों स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न हुआ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक संजार अंसारी, इस्लाम नगर, जिला– लोहरदगा के अधीन MMGSY के अंतर्गत ग्राम चरहु मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 3.358 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 02.01.24 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या 09F2/2024-25 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 01.10.24 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 06 दिनांक 02.01.24, पत्रांक 1316 दिनांक 19.12.24, पत्रांक 277 दिनांक 07.05.25 एवं प्रेस विज्ञाप्ति ज्ञापांक 286 दिनांक 08.05.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| कमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजार अंसारी, इस्लाम नगर जिला–लोहरदगा। | MMGSY के अंतर्गत ग्राम चरहु मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 3.358 कि0मी0 | 09F2/2024-25 | 01.10.2024 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभिंयता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 355105 Lohardaga(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक संजार अंसारी, इस्लाम नगर, जिला– लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना RCPLWEA के अंतर्गत पीलर मोड़ से (शाहीघाटी) मन्हेपार्ट लम्बाई 5.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 04.09.2022 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या JH/Loh/17/2022-23 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 218 दिनांक 29.01.24, पत्रांक 317 दिनांक 20.02.24, पत्रांक 437 दिनांक 12.03.24,पत्रांक 257 दिनांक 05.05.25 एवं प्रेस विज्ञाप्ति ज्ञापांक 266 दिनांक 06.05.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| कमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजार अंसारी, इस्लाम नगर जिला–लोहरदगा। | आर0 सी0 पी0 एल0 डब्लू0 ई0 एं0 के अन्तर्गत पीलर मोड़ से (शाहीघाटी) मन्हेपार्ट लम्बाई 5.10 कि0मी0 | JH/Loh/17/2022-23 | 30.03.2023 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 355104 Lohardaga (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/02/2025-26**

1. कार्य का नाम :– 15वें वित्त स्वास्थ्य प्रक्षेत्र (राशि रूपये में)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डण्डई | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण, डण्डई। | 4998800.00 | 5000.00 | 99976.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/02/2025-26/GR-01 |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–16.06.2025 | | | | | | |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 16.06.2025 से दिनांक–25.06.2025 | | | | | | |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय–27.06.2025 को अपराह्न 3:00 बजे | | | | | | |
| 4 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। | | | | | | |
| 5 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8789191801 | | | | | | |
| 6 | ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। | | | | | | |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी। | | | | | | |
| 8 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। | | | | | | |
| 9 | निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। | | | | | | |
| 10 | भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। | | | | | | |
| 11 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। | | | | | | |
| | विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। | | | | | | |

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 355160 Urban Development(25-26)#D



**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक अजमल अंसारी, ग्राम चिरी, पो0 कुडू, जिला– लोहरदगा के अधीन MMGSY के अंतर्गत तुरियाटोली मण्डप से झखराटोली तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 1.30 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 06.07.2024 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या 01F2/2024-25 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.04.25 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 766 दिनांक 06.07.24, एवं पत्रांक 1317 दिनांक 19.12.24, द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| कमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमल अंसारी, ग्राम चिरी, पो0 कुडू, जिला– लोहरदगा | MMGSY के अंतर्गत तुरियाटोली मण्डप से झखराटोली तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 1.30 कि0मी0 | 01F2/2024-25 | 05.04.25 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभिंयता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 355107 (Lohardaga) 25-26 (D)

# डीसी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रचार रथ को दिखायी हरी झंडी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु उपायुक्त ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल गांवों में सरकारी योजनाओं, अधिकारों और विकासात्मक कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य चयनित जनजातीय गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है, जिससे जनजातीय समुदायों का समग्र और टिकाऊ विकास सुनिश्चित हो सके। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन खाता, बीमा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन, महिला-बाल कल्याण योजनाएं (पीएमएमवीवाई, आईसीडीएस, टीकाकरण) जैसी सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अवर निबंधक विपिन साहू, आईटीडीए कार्यालय के सहायक लव कुमार व सत्यदेव कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## वज्रपात की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालिका की मौत

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र के पोकला गांव में वज्रपात की चपेट में आकर आठ वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान सुरेंद्र भुईयां की पुत्री के रूप में हुई है। बताया गया कि बच्ची तेज आंधी के बीच आम चुनने गई थी, इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने शोक संवेदना प्रकट की है तथा पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति जताई है।

## वज्रपात की चपेट में आकर पशुपालक व सात बकरियों की मौत

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडारकोम गांव में रविवार की शाम आंधी-बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक बुजुर्ग पशुपालक जगदीश यादव (65 वर्ष) एवं सात बकरियों की मौत हो गई। मृतक हर दिन की तरह बकरियों को चराने जंगल गया था। शाम में मौसम बिगड़ते ही वह बकरियों के साथ एक पेड़ के नीचे छुप गया, तभी वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई और बकरियां भी झुलस कर मर गईं। घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। घटना से पूरे गांव में मातम है और परिजन शोकाकुल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## एनटीपीसी टंडवा की तीसरी यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी द्वारा टंडवा स्थित नार्थ करनपुरा सुपर थर्मल पावर परियोजना की तीसरी यूनिट से बिजली उत्पादन रविवार देर रात सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। अब परियोजना से कुल 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। कार्यपालक निदेशक एसके सुवार ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया और बताया कि इससे एनटीपीसी की कुल बिजली उत्पादन क्षमता अब 81,368 मेगावाट हो गई है। यह यूनिट झारखंड, बिहार, ओडिशा, बंगाल व सिक्किम को सस्ती दर पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति में सहायक होगी। इस परियोजना में अत्याधुनिक एयर कूल्ड कंडेंसर तकनीक का उपयोग हुआ है जिससे जल खपत में 33% तक की बचत होगी। इस अवसर पर सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित

**हेरहंज।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय में सोमवार को "विकसित भारत संकल्प सभा एवं कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई साहू ने की, संचालन महामंत्री डॉ. श्यामलाल गोस्वामी ने किया। जिलास्तरीय प्रभारी रंजीत जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जाए। सभा में विजय गुप्ता, मनोज भगत, कैलाश ठाकुर, मनोज यादव, संजय यादव, त्रिलोकी साहू, ललन यादव, शिवलाल यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हेरहंज के विद्यालय में टीसी के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**लातेहार।** हेरहंज प्रखंड के लावागढ़ा स्थित सीएम उच्च विद्यालय में टीसी (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) के नाम पर अवैध वसूली का आरोप सामने आया है। विद्यालय के छात्रों ने प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पर 300 रुपये की मांग करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) गौतम कुमार साहू को ज्ञापन सौंपा। छात्र हरेंद्र सिंह, इश्वतिया कुमार और धीरू सिंह ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं और 300 रुपये देने में असमर्थ हैं। उन्होंने टीसी के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। डीएसई साहू ने बताया कि मामला गंभीर है और जांच कर दोषी पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीसी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने कभी किसी छात्र से पैसे नहीं लिए हैं।

## शिक्षिका संध्या कुमारी को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



**बालूमाथ।** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बालूमाथ की सहायक शिक्षिका संध्या कुमारी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024–25 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान देशभर के नवाचारी शिक्षकों के चयन के बाद प्रदान किया गया। शिक्षिका ने बताया कि यह पुरस्कार ₹नवाचारी गतिविधियां समूह भारत₹ द्वारा प्रदान किया गया, जो एक स्वप्रेरित शिक्षक समूह है। इस प्रक्रिया में देश भर के 700 से अधिक शिक्षकों ने आवेदन दिया था। चयन बहुचरणीय था जिसमें ऑनलाइन आवेदन, प्रश्नावली उत्तर, दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार शामिल था। देशभर से 110 शिक्षकों का चयन हुआ, जिनमें संध्या कुमारी भी शामिल हैं। उन्हें यह पुरस्कार प्रमाण पत्र और मोमेंटो के रूप में स्पीड पोस्ट से प्राप्त हुआ। सम्मान मिलने पर क्षेत्र के समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी।

## दो अवैध मादक पदार्थ कारोबारी गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाई जा रही कार्रवाई के तहत रविवार को टंडवा और सेरनदाग में बड़ी कार्रवाई की गई। एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दो स्थानों पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। खैनी विक्रेता मुरारी नायक, पिता स्व. टोलेश्वर नायक के पास से 650 ग्राम गांजा, 26 गांजा भरे सिगरेट, चिलम और अन्य सामग्री बरामद की गई। इनके खिलाफ थाना में कांड संख्या 116/2025 दर्ज की गई। बासुदेव साहू, पिता स्व. भीखु साहू की दुकान से 260 ग्राम गांजा, 200 चिलम, 45 पीस परफेक्ट रोल पेपर, 9 स्टेज पेपर, 16 ब्रदर गोगो और 34 बोतल ब्लॉक बस्टर बीयर बरामद की गई। इन पर कांड संख्या 117/2025 दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## हंटरगंज में दो नवचयनित अग्निवीरों को सांसद ने किया सम्मानित

**चतरा/हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के कौलेश्वरी स्टेडियम में सोमवार को जीरो टू सक्सेस स्पोर्ट्स एंड डिफेंस एकेडमी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत की। सांसद ने अग्निवीर चयनित युवाओं—आकाश और शुभम—को माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## शहरी क्षेत्र में घुसा जंगली हाथी, तीन घर तोड़े, अनाज नष्ट – ग्रामीणों में दहशत

**बालूमाथ (लातेहार)।** जंगली हाथियों का आतंक अब शहरी क्षेत्रों तक पहुंचने लगा है। बालूमाथ वन क्षेत्र कार्यालय से महज एक किलोमीटर दूर टमटम टोला में रविवार रात करीब 2 बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने किसान मणि भुइंया, छोटेलाल साव और लक्ष्मण साव के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा धान-चावल रौंद डाला। ग्रामीणों के अनुसार, हाथी पहले मणि भुइंया के घर में घुसा, दीवारें तोड़ीं और अनाज नष्ट किया। इसके बाद वह बगल के घरों में घुसा और भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को भगाने की कोशिश की। घटना की सूचना पर पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा सुबह मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से मिलकर उन्हें मुआवजे दिलाने का भरोसा दिया। मणि भुइंया ने बताया कि हाल ही में काटे गए धान को उन्होंने घर में रखा था, जिसे हाथी ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। छोटेलाल साव और लक्ष्मण साव ने भी बताया कि उनके घरों की दीवारें और छतें गिर गई हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि हाथियों की आवाजाही आम बात है, फिर भी कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। रेंजर नंद कुमार महतो ने कहा कि नुकसान का आकलन कर वन विभाग नियमानुसार मुआवजा देगा।

## सिमरिया के विभिन्न पंचायतों में 25 जून तक चलेगा आयुष्मान शिविर

- **एसडीओ-बीडीओ ने शिविरों का किया निरीक्षण, 61 लोगों के बने आयुष्मान कार्ड**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के जिरवाखुर्द और जबड़ा पंचायत भवन में सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर का निरीक्षण सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। उन्होंने कर्मियों को समयबद्ध रूप से कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। जिले के निर्देशानुसार 25 जून तक प्रखंड की सभी 17 पंचायतों में आयुष्मान और राशन कार्ड से संबंधित शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही धरती आबा उत्कर्ष अभियान अंतर्गत एनीमिया जागरूकता के लिए स्किल सेल भी जोड़ा गया है। सोमवार को जिरवाखुर्द और जबड़ा पंचायत में कुल 61 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। तिथि-वार पंचायतों में शिविर का आयोजन 16 से 25 जून तक निर्धारित है, जिसमें प्रत्येक पंचायत भवन में कार्ड निर्माण और सुधार की प्रक्रिया चलाई जाएगी।

## लातेहार बार एसोसिएशन चुनाव की घोषणा, मतदान 5 जुलाई को

**लातेहार।** लातेहार जिला बार एसोसिएशन चुनाव (सत्र 2025-27) के लिए सोमवार को आधिकारिक घोषणा की गई। इस संबंध में स्टेट बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि परमेश्वर मंडल एवं मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव ने बतौर ऑब्जर्वर लातेहार पहुंचकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि चुनाव 5 जुलाई को होगा, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, लाइब्रेरियन, प्रशासनिक सचिव और पांच कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। चुनाव समिति में अधिवक्ता अनिल ठाकुर, संतोष रंजन और गणेश प्रसाद शामिल हैं। अभी 18 मतदाताओं की सूची में त्रुटियां हैं, जिन्हें सुधारने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। प्रेस वार्ता में राजमणि प्रसाद, राजीव रंजन पांडेय, संजय प्रसाद समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अर्धनग्न होकर किसानों ने जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन के दूसरे दिन जताया विरोध



**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा प्रखंड के चटुआग डैम परिसर में सोमवार को जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन का दूसरा दिन भी तीव्र स्वरूप में जारी रहा। आंदोलन कर रहे किसानों ने अर्धनग्न होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के पोस्टरों के साथ डैम में उतरकर शांतिपूर्ण लेकिन तीव्र विरोध दर्ज कराया। किसानों की मांग है कि टोरी-चंदवा में प्रस्तावित आरओबी (फ्लाई ओवरब्रिज) और पश्चिम दिशा में अधूरा पड़ा फुट ओवरब्रिज जल्द से जल्द बनाया जाए। आंदोलन का नेतृत्व पंचायत समिति सदस्य अयूब खान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 3 अप्रैल 2021 को मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री द्वारा टोरी चंदवा आरओबी का शिलान्यास किया गया था। तब दो वर्षों में कार्य पूर्ण करने की घोषणा हुई थी, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है। अब तक छह-सात बार टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है।

**जाम से परेशान लाखों लोग :** किसानों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग पर रोजाना घंटों का जाम लगता है, जिससे गढ़वा, रांची, गुमला, मेदिनीनगर, चतरा, हजारीबाग, पटना और छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले लोग प्रभावित होते हैं। लाखों स्थानीय ग्रामीणों की परेशानी को सरकार और रेलवे विभाग नजरअंदाज कर रहे हैं।

**प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं :** आरओबी के निर्माण के लिए नया प्राक्कलन स्वीकृत किया जाए। अधिग्रहित भूमि और मकानों का पुनर्मूल्यांकन कर उचित मुआवजा दिया जाए। बंद पड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जाए। टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण हो। टोरी से बालूमाथ के बीच पैसेंजर ट्रेन शुरू की जाए। रेलवे पोल संख्या 182/28 और 182/29 के पास अंडरब्रिज बने।

**आंदोलन में शामिल प्रमुख किसान:** कामता मुखिया, नरेश भगत, गुज्जर भगत, मठु गंझु, रविशंकर गंझु, सजेबुल खान, जसमुद्दीन खान, कार्तिक गंझु, रसीद खान, मोफील खान, असरफुल खान, माईकल हांस, दीपेश टोपनो समेत दर्जनों अन्नदाता उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### सोलर प्लेट चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के काशीलौंग गांव निवासी महेंद्र भारती के पुत्र जीतू कुमार को सोलर प्लेट चोरी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि युवक को सोलर चोरी में संलिप्त पाए जाने के बाद कार्रवाई की गई। इस गिरफ्तारी से इलाके में सक्रिय चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार दंपति अमीर खान और तस्मी परवीन को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार अमीर खान अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर लोहरदगा इलाज के लिए जा रहे थे। घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सरईडीह शिव मंदिर के स्थापना दिवस की तैयारी अंतिम चरण में

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह शिव मंदिर में स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर की रंग-रोगन व साफ-सफाई का काम चल रहा है। इस बार 17 जून से प्रवचन का आयोजन होगा, जबकि 19 जून को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम का समापन 22 जून को भंडारा के साथ किया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर के संस्थापक अमरेश प्रसाद गुप्ता स्वयं आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं और लोगों से सहयोग की अपील की है।

### एक वर्ष से क्षतिग्रस्त है हरिजन टोला का पीसीसी पथ, ग्रामीण परेशान

**बेतला (लातेहार)।** ग्राम कुटमू के हरिजन टोला में बीते वर्ष की बारिश में क्षतिग्रस्त हुए पीसीसी संपर्क पथ की मरम्मत अब तक नहीं कराई गई है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि पैदल चलना भी जोखिमभरा हो गया है। सैकड़ों ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। मुखिया मंजू देवी ने बताया कि ग्रामसभा में इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### एसबीएम के तहत जल सहियाओं के साथ हुई बैठक

**बारियातू।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन (SBM) के तहत जल सहियाओं के साथ एक बैठक का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता कनिष्ठ अभियंता दीपक कुमार ने की। बैठक में जलमिनार, हर घर जल योजना, शौचालय निर्माण, जल की गुणवत्ता जांच, स्वच्छ आदतें, भुगतान प्रक्रिया, और शौचालय से वंचित घरों के दस्तावेज संकलन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। जल को साफ-सुथरा रखने, बर्तन धोने, ढक कर रखने और पानी के दुरुपयोग को रोकने की अपील की गई। इस मौके पर प्रखंड वॉश समन्वयक निरंजन यादव, कई जल सहिया उपस्थित थीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक आर0 एस0 कन्सट्रक्सन, जिला– लातेहार के अधीन MMGSY के अंतर्गत जुरिया तिगरा पथ से अरकोसा तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 3.08 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 05.10.23 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या 06F2/2023-24 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 04.01.25 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रमीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 794 दिनांक 05.10.23, एवं पत्रांक 220 दिनांक 29.01.2024, पत्रांक 1318 दिनांक 19.12.24 ,पत्रांक 278 दिनांक 07.05.25 एवं प्रेस विज्ञाप्ति ज्ञापांक 285 दिनांक 08.05.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| कमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर0 एस0 कन्सट्रक्सन, जिला– लातेहार | MMGSY के अंतर्गत जुरिया तिगरा पथ से अरकोसा तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 3.08 कि0मी0 | 06F2/2023-24 | 04.01.2025 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभियता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 355108 Lohardaga(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**
E-Mail Id :- chatra_rwd@redifffmail.com

**–:कोटेशन आमंत्रण सूचना:–**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA & PMGSY-III) अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्तों के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है।

| Sl. No. | Description of Item | Work Time Period |
|---|---|---|
| 1. | Work regarding preparation, application and follow up of Wild Life Clearance proposal for the PMGSY Scheme (RCPLWEA) "Lawalong, Rimmi, Rampur, Jharania to Panki'. Package No.:-JH02RCPL-CHA-06 Length:-35.05 Km Block:-Lawalong District:-Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 2. | Work regarding preparation, application and follow up of Wild Life Clearance proposal for the PMGSY Scheme (RCPLWEA) "Kenduasahor to Sisiyatari ". Package No.:-JH-LWE-CHA-01/2021-22 Length:- 1.00 Km Block:-Chatra Sadar (Kanhachatti) District:-Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 3. | Work regarding preparation, application and follow up of Forest Clearance proposal for the PMGSY Scheme (PMGSY-III) "MRL08-Kanhachatti PWD Road to Haug". Package No.:-JH02P3-22-23-CHA-01 Length:-6.280 Km Block:-Chatra Sadar (Kanhachatti) District:-Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 4. | Work regarding preparation, application and follow up of Forest Clearance proposal for the PMGSY Scheme (PMGSY -III) " T09-T03 Adauriya More to T03 Humra More via Lipta, Fagua". Package No.: -JH02P3-22-23-CHA-05Length:- 10.300 Km Block:-Pratappur District:-Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |

नियम एवं शर्ते :–
1. कोटेशनदाता झारखण्ड राज्य का होना चाहिए।
2. कोटेशनदाता को पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
3. कोटेशनदाता को झारखण्ड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु GST निबंधन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा। GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशनदाता को संबंधित कार्य का 3 वर्ष का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. कोटेशनदाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए। इस हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
6. कोटेशनदाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए।
8. सफल कोटेशनदाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा।
9. सफल कोटेशनदाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्तों में परिवर्त्तन किया जा सकता है।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 17.06.2025 से 26.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.355102 Rural Work Department(25-26):D


**उपलब्धि** जंगल से निकलकर सफलता की राह

# केचकी की नीलम देवी ने नर्सरी व्यवसाय से बदली अपनी और समाज की तस्वीर

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** झारखंड के घने जंगलों के बीच बसे बरवाडीह प्रखंड के केचकी गांव से एक ऐसी महिला की कहानी सामने आई है, जिसने विपरीत परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। ये कहानी है नीलम देवी की, जिन्होंने पारंपरिक सामाजिक बंधनों और आर्थिक तंगी से जूझते हुए भी खुद को नर्सरी व्यवसाय के माध्यम से एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित किया।

**जहां दो वक्त की रोटी थी चुनौती :** नीलम देवी एक सामान्य किसान परिवार से आती हैं। उनके पति प्रमोद सिंह चेरो खेती करते हैं, लेकिन जंगल से लगे क्षेत्र में खेती से इतनी आमदनी नहीं होती कि घर की सभी ज़रूरतें पूरी हो सकें। कुछ वर्ष पहले तक नीलम देवी के परिवार की स्थिति ऐसी थी कि रसोई में दाल-रोटी का प्रबंध भी मुश्किल हो जाता था।

**2021 में रखा आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम :** वर्ष 2021 में नीलम देवी ने निर्णय लिया कि वह सिर्फ घरेलू जीवन तक सीमित नहीं रहेंगी। उन्होंने नर्सरी लगाने की योजना बनाई और सीमित संसाधनों के बीच पौधों की खेती शुरू की। शुरुआती दिनों में उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा — मृदा की समझ, पौधों की देखभाल, बाजार से संपर्क — हर क्षेत्र में सीखना पड़ा।

**तीन साल में खड़ी कर दी मजबूत पहचान :** नीलम देवी की मेहनत रंग लाई। आज उनकी नर्सरी में आम, अमरूद, नींबू, आंवला, सागवान, शीशम सहित कई किस्मों के 50,000 से अधिक पौधों की सालाना मांग है। सीजन में वह एक से डेढ़ लाख रुपये तक की कमाई करती हैं। उनके पौधे आसपास के गांवों, सरकारी वृक्षारोपण कार्यक्रमों और निजी किसानों तक पहुंच रहे हैं।

**सरकारी योजनाओं का भी मिला सहारा :** नीलम देवी ने बताया कि उन्हें कृषि विभाग और बागवानी मिशन से तकनीकी सहायता और बीज आदि उपलब्ध कराए गए। स्थानीय कृषि पदाधिकारियों ने भी समय-समय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई महिला कुछ करने की ठान ले तो सरकार की योजनाएं उसके सपनों को पंख दे सकती हैं।

**एक महिला, एक नर्सरी – एक आंदोलन की शुरुआत :** नीलम देवी की यह सफलता सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सोच में बदलाव का प्रतीक है। एक महिला ने जंगल से निकलकर खुद को साबित किया और समाज को दिखा दिया कि अगर अवसर और हौसला हो, तो कोई भी सीमाएं रुकावट नहीं बन सकतीं।

### केचकी गांव की पहचान बनी नीलम

आज नीलम देवी केचकी गांव में ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी महिला सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी हैं। कई महिलाएं उनकी नर्सरी में काम सीख रही हैं। कुछ महिलाओं ने उनसे प्रेरणा लेकर अपने घरों में भी छोटे स्तर पर नर्सरी लगानी शुरू की है।

**नीलम कहती हैं :** "कभी सोचा नहीं था कि घर से निकलना जिंदगी बदल देगा"। 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन लोग मुझे देखकर अपनी बेटियों और बहनों को प्रोत्साहित करेंगे। मैंने घर की दहलीज पार की, कुछ नया सीखा और आज खुद भी आत्मनिर्भर हूं, साथ ही दूसरों को भी प्रेरित कर रही हूं।'

## सेविका को हटाने के लिए ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा आवदेन

**कैरो।** प्रखंड के नरौली गांव के ग्रामीणों एवम जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर नरौली बांध टोली आंगनबाड़ी सेविका को हटाने का मांग किया है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि आंगनबाड़ी सेविका अंजू कुमारी केंद्र में प्रतिदिन बच्चो की गलत संख्या की रिपोर्टिंग सरकार को दे रही है केंद्र में मात्र 04 से 06 ही बच्चे उपस्थित रहते हैं जबकि 30 से 40 बच्चो का हाजिरी गलत तरीके से बनाकर विभाग के साथ बड़ा धोखाधड़ी कर रही है, उपस्थित बच्चो को पोषाहार भी नही देती। आंगनबाड़ी की जमीन पर अतिक्रमण कर सेविका अपना व्यक्तिगत घर पीएम आवास निर्माण कार्य कर रही है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बीडीओ से कहा है कि अंजू देवी जैसी कार्य में लापरवाह, भ्रष्ट सेविका को तत्काल हटाकर नए सिरे से केंद्र का सेविका चयन किया जाए। आवेदन मे ग्रामीण जितेंद्र भगत, महरा उरांव, नियेल उरांव, इत्यादि ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर सेविका को हटाने की मांग की है।

# बच्चों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता पर समझौता कतई बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

- **बच्चों का ड्रॉप आउट रोकते हुए उनका शत प्रतिशत नामांकन कराएं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ0 ताराचंद ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन स्कूलों में हो बीआरपी एवं सीआरपी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में बीआरपी एवं सीआरपी अपने-अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका से समन्वय स्थापित कर वहां के बच्चों को प्राथमिक स्कूलों में नामांकन करायें एवं उन आंकड़ों को संधारित कर उनका लगातार मॉनिटरिंग करें। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को नियमित अंतराल में बी आर पी एवं सी आर पी की बैठक कर शिक्षा के स्तर का मूल्यांकन एवं योजनाओं के संचालन का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

गत माध्यमिक एवं इंटर मीडिएट परीक्षा के लोहरदगा जिले के परिणाम पर उन्होंने असंतुष्टि जताते हुए रिजल्ट बेहतर करने के लिए उन्होंने कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि किसी भी बच्चा का ड्रॉपआउट किसी भी हाल में ना हो। साथ ही कोई बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा की बच्चों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता पर समझौता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्हें हर हाल में स्वच्छ परिवेश में तैयार किया गया पौष्टिक भोजन प्राप्त हो। जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन को उन्होंने निर्देश दिया कि हर हाल में प्रत्येक विद्यालय में सीट के अनुरूप शत प्रतिशत नामांकन हो यह सुनिश्चित की जाए। कोई भी सीट खाली ना रहे।

उपायुक्त ने प्रत्येक वार्डन से विद्यालय की समस्याओं से अवगत हुए एवं जल्द से जल्द उनका समाधान का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। मॉडल स्कूल के समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि इस स्कूल में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करने के लिए विशेष जागरूकता बच्चों के बीच लाएं। इसके साथ ही उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं जिले के सभी बीआरपी सीआरपी एवं शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### छात्रावास से लापता दो बच्चे बक्सीडीपा में मिले, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सौंपा



**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा चौक पर सोमवार को दो नाबालिग बच्चों को भटकते हुए देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को थाना लाकर उनके परिजनों से संपर्क साधने में जुट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों बच्चे अजनबी थे और कुछ लोगों से काम मांगते हुए दिखाई दिए। बच्चों के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद पुलिस ने उनकी पहचान सुनिश्चित की। पूछताछ में बच्चों ने अपने नाम शंकर उरांव (पुत्र धर्मपाल उरांव, ग्राम चुरवे, कक्षा 3) और सुदर्शन असुर (पुत्र सोहन असुर, ग्राम चुटुमपाट, कक्षा 1) बताई। दोनों बच्चे गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय के छात्र हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि छात्रावास का ही एक अन्य छात्र प्रीतम असुर उन्हें यह कहकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया कि "मेरे नानी घर चलो"। बाद में वह दोनों को बक्सीडीपा में छोड़कर फरार हो गया। इस घटना से छात्रावास की लापरवाही उजागर हुई है, क्योंकि विद्यालय प्रबंधन को बच्चों की गायब होने की भनक तक नहीं लगी।

### ग्रामीणों को निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता विडियो दिखाया

**लोहरदगा।** जिला को नशामुक्त बनाने के अभियान में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा की ओर से चलंत एल0ई0डी वैन द्वारा लोहरदगा जिला के तिगरा एवं रामपुर पंचायत और कूडु प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत के गांवों में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता का विडियो ग्रामीणों को दिखाकर जागरूक किया जा रहा है। लोगो को विडियो के माध्यम से दिखाया एवं बताया जा रहा है कि मादक पदार्थों की लत से आर्थिक समस्या के साथ-साथ मानसिक एवं शारिरीक दोनो पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिवन का भी नुकसान होता है। साथ ही गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोहरदगा जिला के प्रखण्डो के पंचायतो में क्षेत्रीय भाषा में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध उपयोग को रोकने के लिए आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही इससे संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया जा रहा हैं।

### मोरिंगा एक सुपर फूड : पोषण व रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**सेन्हा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में मोरिंगा (सहजन) की वैज्ञानिक खेती और उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण संवर्धन, स्वास्थ्य लाभ और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मोरिंगा के पौष्टिक गुण, औषधीय उपयोग, वैज्ञानिक विधि से खेती और बाजार संभावनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने सभी विद्यालयों में सहजन के पौधे लगाने का सुझाव भी दिया, ताकि विद्यार्थियों को इसके लाभों से अवगत कराया जा सके। कार्यक्रम में प्रखंड एमआईएस यूसुफ अंसारी, पंकज कुमार, तरुण कुमार, प्रेमलता पूर्ति, उदित कुमार, प्रदीप हिंद, प्रभु नारायण चौधरी, उषा कुमारी सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### महिला हिंसा की रोकथाम में मीडिया की भूमिका अहम : वरनाली चक्रवर्ती

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत परहेपाट पंचायत सचिवालय में सोमवार को "विमेन गेनिंग ग्राउंड" कार्यक्रम के तहत मीडिया ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्रिया नई दिल्ली, सर्वो संस्था किस्को और युवा संस्था पूर्वी सिंहभूम की साझेदारी में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परहेपाट के मुखिया जतरू उरांव, उप मुखिया सुधीर लाल, सर्वो संस्था के डायरेक्टर सुखमनी लकड़ा, युवा संस्था की सचिव वरनाली चक्रवर्ती, आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर (ओएससी) की कार्यप्रणाली, सेवाएं और उसका महत्व बताया गया। वरनाली चक्रवर्ती ने कहा कि झारखंड के 10 जिलों में जून 2025 तक ऐसे मीडिया कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा जिला प्रतिनिधिमंडल ने नगर प्रशासक से मिलकर सौंपा मांग पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा का जिला प्रतिनिधिमंडल ने नगर प्रशासक मुक्ति किडो से मिलकर विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर वीर बुधु भगत की बेटियां "रूनिया-झुनिया" के नाम से रखने की मांग किया। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने प्रशासक को बताया कि लोहरदगा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक मात्र बड़ा तालाब है जो विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के नाम से जाना जाता है। आजाद भारत में तालाब का नाम ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर आजादी के बाद भी अंकित है जो की भारत के लोगों पर शासन, शोषण और प्रताड़ित किया, यह बहुत ही पीड़ादायक था। हमें आज भारत के संपूर्ण धरोहर को वीर शहीदों के नाम से जाना जाना चाहिए और वह धीरे-धीरे कई स्थानों पर नामो में बदलाव हो भी रहे है। इस संदर्भ में विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के नाम भी बदलाव करना चाहिए विदेशी ताकत के खिलाफ संघर्ष किया और अपनी जीवन की आहुति दी। कहा कि रूनिया झुनिया अपने पिता और भाइयों के साथ 1832 में लरका विद्रोह अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए वीर गति को प्राप्त की थी। इसलिए यथाशीघ्र विचार करते हुए विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर रूनिया झुनिया तालाब किया जाए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, अनिल उरांव, जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस एवं जिला मंत्री मिथुन तमेड़ा उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ घायल

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के कुंदो गुड़गुड़ टोली के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल बिगन मुंडा (55 वर्ष) को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बता दें कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला गांव निवासी स्वर्गीय फगुआ मुंडा का पुत्र बिगन मुंडा (55 वर्ष) अपने रिश्तेदार के गया हुआ था। इसी दौरान बिगन अपने मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। तभी कुंदो गुड़गुड़ टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार फरार हो गया।

### तमिलनाडु में मजदूरी करने गए युवक की मौत

**सेन्हा।** प्रखंड के मुर्की कुम्बा टोली निवासी रमेश उरांव (36) की तमिलनाडु के पेरंबूर स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। वह मजदूरी के लिए शुक्रवार को ट्रेन से गया था। घटना की सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला और इंटक जिला अध्यक्ष आलोक साहू ने परिजनों से मुलाकात की और आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक को मदद राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### ट्रेन से टकराकर गिरने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**लोहरदगा।** सोमवार को लोहरदगा-रांची रेलखंड पर स्थित भक्सो मुक्ति धाम के पास एक अज्ञात व्यक्ति की मौत ट्रेन के धक्के से गिरने से हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है और कोई परिजन सामने नहीं आए हैं। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव को सुरक्षित रखते हुए जन सामान्य से मृतक की पहचान में सहयोग की अपील की है।

### अंतरजातीय विवाह पर आदिवासी समाज का रुख सख्त

## सरना कोड के लाभ से वंचित करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** पारंपरिक आदिवासी स्वशासन 'पड़हा व्यवस्था' के तहत अंतर-जातीय विवाह पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आदिवासी समाज ने सख्त कदम उठाया है। हाल ही में सेन्हा प्रखंड अंतर्गत भड़गांव बेड़ा टोली में एक अंतर-जातीय विवाह के बाद समाज ने निर्णय लिया कि विवाह करने वाली लड़की को सरना कोड के अंतर्गत मिलने वाले लाभों से वंचित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, घाघरा थाना क्षेत्र के बुरजु गुडरु टोली निवासी रोपना उराँव की पुत्री सुरजी कुमारी ने भड़गांव बेड़ा टोली निवासी दिगम्बर महतो (पुत्रः सुखदेव महतो) से प्रेम विवाह किया। यह विवाह उराँव (आदिवासी) और महतो (गैर-आदिवासी) समुदाय के बीच हुआ, जिसे पारंपरिक आदिवासी रीति-नीति के विरुद्ध माना गया। इस घटना की सूचना मिलते ही 12 पड़हा बेल, जो क्षेत्रीय आदिवासी स्वशासी संस्था है, ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों से समझाइश की। विवाह के संपन्न हो जाने के बाद पारंपरिक पंचायत (पंचनामा) के माध्यम से दोनों परिवारों से लिखित सहमति ली गई, जिसमें स्पष्ट किया गया कि दंपति सरना कोड अथवा आदिवासी आरक्षण से जुड़े किसी भी सरकारी या सामाजिक लाभ के हकदार नहीं होंगे। पंचनामा में यह भी दर्ज किया गया कि भविष्य में ये दंपति आदिवासी आरक्षण, जमीन संबंधी विशेषाधिकार, पंचायत चुनाव में आदिवासी कोटा आदि में दावा नहीं करेंगे। दोनों ने इस निर्णय पर हस्ताक्षर किए और समाज के गवाहों ने भी अपनी सहमति दर्ज की। इस मौके पर पारंपरिक पहान शिवचरण उराँव ने बताया कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा की रक्षा के लिए यह कदम आवश्यक था। इस तरह की पहल से समाज के लोग अपने मूल मूल्यों से जुड़े रहेंगे। बैठक में महतो निर्मल उराँव, पुजार शैलेन्द्र उराँव, जेठरायत करमचंद उराँव, गैरो लक्ष्मण उराँव सहित दोनों समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बेदाल व उदरंगी में लगा विशेष शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत बेदाल व उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो गांव में सोमवार को धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान तथा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य व केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रुप से सशक्त करने पर जोर दिया गया। मौके पर उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य आदिवासी समाज को सशक्त करना है। उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ देते हुए आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। मौके पर ई-केवाईसी, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, भारत मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड के स्टाल के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते दिखे। मौके पर अजय कुमार, बालकृष्णा सिंह, सरस्वती साहू, प्रियांशु मिंज सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## 'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम योजना' के तहत जागरूकता अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा/लोहरदगा।** अनुसूचित जनजाति मंत्रालय के निर्देश पर चल रहे 'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम योजना' के अंतर्गत सोमवार को सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत अंतर्गत हेसवे, अरु, अलौदी और चरकु गांवों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने जानकारी दी कि यह अभियान 15 जून से 30 जून तक चलेगा, जिसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को साकार करना तथा जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसके तहत जनजातीय समाज को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सीधे लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतों में शिविर आयोजित कर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विद्यार्थियों को ऑन द स्पॉट जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किए जा रहे हैं। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुवा आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री मंइया सम्मान, पीएम किसान सम्मान निधि, गाय-बकरी शेड, सिंचाई कूप निर्माण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कैसे करें, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है, और आवेदन प्रक्रिया किस प्रकार होती है।

सोमवार को आयोजित शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। इस कार्यक्रम में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, क्लर्क बिफई उरांव, बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर, शशि कुमार साहू, पंचायत सचिव, जनसेवक, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं, युवक-युवतियाँ उपस्थित थे।

## आजसू 22 को बलिदान दिवस के रूप में खेलगांव में मनाएगी : डॉ. देवशरण भगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने मुद्रिका बैंक्विट हॉल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन की उपज है और यह बलिदानियों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज भी आंदोलनकारी सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है और राज्य को फिर से एक नए आंदोलन की जरूरत है। कहा कि 22 जून को रांची के खेलगांव में प्रदेश स्तरीय बलिदान दिवस मनाया जाएगा। यह दिन आजसू के नामकरण (1986) का भी दिन है। झारखंड के गठन में आजसू की भूमिका अहम रही है — कई युवाओं ने जान दी, जेल गए, प्रमाणपत्र जलाए। झारखंड में वर्तमान सत्ताधारी झारखंड आंदोलन के नाम पर सत्ता में आए, परंतु राज्य की मूल भावना से भटक चुके हैं। स्थानीय नीति और पेसा कानून अब तक प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाया है। अगर पेसा लागू हो जाए, तो ग्राम सभाओं को अधिकार मिलेगा और बालू चोरी जैसे अपराध रुकेंगे। राज्य में लूट-खसोट और भ्रष्टाचार व्याप्त है, और आंदोलनकारी सोच को खत्म किया जा रहा है।आजसू का सपना था एक स्वायत्त, सशक्त और सुंदर झारखंड, जो आज भी अधूरा है। पार्टी गांव से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी। मौके पर डॉ. देवशरण भगत, आशुतोष तिवारी, सूरज अग्रवाल, अंजू देवी, राम लखन प्रसाद, रामकुमार महतो, महेंद्र महतो, विश्वनाथ उरांव, सागर वर्मा, पवन प्रजापति, राजन मेहता आदि उपस्थित थे।

**आश्वासन** विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने सुनी जनता की समस्याएं, बोले-

# जनता की समस्या का समाधान करना हमारा कर्तव्य

- **कई मुद्दों का किया तत्काल समाधान**

**नवीन मेल संवाददाता**



### लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे

जनता दरबार के माध्यम से लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि लोहरदगा विधायक कार्यालय में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिकतम लोगों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुँच सके। विधायक द्वारा इस तरह का जनसंपर्क अभियान न सिर्फ़ लोगों को राहत पहुंचा रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की प्रक्रिया को भी मजबूत कर रहा है।

**लोहरदगा।** सोमवार को झारखंड के पूर्व मंत्री एवं लोहरदगा विधायक, साथ ही आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ. रामेश्वर उरांव ने भण्डरा प्रखंड मुख्यालय और विधायक कार्यालय बरवाटोली, लोहरदगा का दौरा किया। इस दौरान वे पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनता से सीधे रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता ने विधायक के समक्ष भूमि विवाद, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, अबुवा आवास, मैया सम्मान योजना, पेयजल संकट, पशुपालन, बिजली आपूर्ति सहित कई समस्याओं से जुड़े लिखित आवेदन प्रस्तुत किए। डॉ. रामेश्वर उरांव ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता की और समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक डॉ. उराँव ने कहा, मैं जनता का सेवक हूं। हर प्रखंड मुख्यालय में जाकर जनता की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता दरबार जैसी पहलें प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास का पुल बनाने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सहादत हुसैन, शामूल अंसारी, अनीश अहमद, सदरुल अंसारी, जुगल भगत, तनवीर गौहर, यूनुस अंसारी, विशाल डुंगडुंग, एनुल अंसारी, असलम अंसारी, संजय नायक, इकरामूल अंसारी, हरिदास उरांव, शशिकांत उरांव, नसीम अंसारी, इलियास अंसारी, प्रकाश उरांव, सुमित उरांव, सत्यनारायण उरांव, सकीम अंसारी, चंदरमणि उरांव, अमानत अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

### प्रेस विज्ञाप्ति

एतद् द्वारा संवेदक अजमल अंसार, ग्राम–चिरी, पोस्ट– कुडू, जिला– लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना RCPLWEA के अंतर्गत केरार से बुलबुल लम्बाई 9.350 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 18.07.2022 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या JH/Loh/03/2022-23 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 17.10.2023 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 575 दिनांक 06.07.2023, पत्रांक 816 दिनांक 18.10.2023, पत्रांक 766 दिनांक 22.09.2023 ,पत्रांक 476 दिनांक 12.03.24 ,पत्रांक 335 दिनांक 20.02.24,पत्रांक 279 दिनांक 07.05.2025 एवं प्रेस विज्ञाप्ति ज्ञापांक 284 दिनांक 08.05.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 26.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| क्रमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमल अंसारी, ग्राम–चिरी, पोस्ट–कुडू जिला–लोहरदगा। | आर0 सी0 पी0 एल0 डब्लू0 ई0 एं0 के अन्तर्गत केरार से बुलबुल लम्बाई 9.350 कि0मी0 | JH/Loh/03/2022-23 | 17.10.2023 | 26.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 355101 Lohardaga(25-26).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 07/2025–26
दिनांक– 16.06.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.07.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.07.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of Adim Janjati Hospital in Mananchotang at Latehar | 2033500/- | 41 000/ - | 500 0/- | 03 (Three ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR 355168 Building(25-26)D

### 19 नव आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला स्वास्थ्य उपकरणों का उपहार

# बच्चों की समुचित निगरानी होगी सुनिश्चित

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले के 19 नव संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सोमवार को शिशु स्वास्थ्य और पोषण निगरानी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में इंफैंटोमीटर, स्टैडियोमीटर और वजन मापने की मशीन संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रदान किए। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि इन उपकरणों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की शारीरिक वृद्धि और पोषण स्थिति की नियमित जांच सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की शुरुआती अवस्था में की गई निगरानी, कुपोषण की पहचान और उसके समाधान में निर्णायक भूमिका निभाएगी। पोषण अभियान के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को वृद्धि निगरानी उपकरण जैसे स्टैडियोमीटर, इंफैंटोमीटर और डिजिटल वेट मशीन उपलब्ध कराए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि 5 वर्ष की आयु तक बच्चों की वृद्धि सबसे तीव्र होती है, ऐसे में यह उपकरण बच्चों में वजन, लंबाई और ऊंचाई की निगरानी कर कुपोषण की समय पर पहचान करने में मदद करेंगे। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी सेविकाओं और सहायिकाओं को निर्देश दिया कि वे पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों की सही जानकारी के साथ फोटो अपलोड करें।

अपलोड की गई तस्वीरों में आंगनबाड़ी केंद्र का नंबर, बच्चों की संख्या और उनकी गतिविधियां जैसे खेलना, पढ़ाई करना या भोजन करना स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सेविकाएं, सहायिकाएं और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुकानों के आवंटन व बैडमिंटन मैराथन की तैयारियों पर हुई व्यापक चर्चा

**गुमला।** उपायुक्त एवं स्टेडियम प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में स्टेडियम प्रबंधन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाली दुकानों के आवंटन, खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा 5 जुलाई को आयोजित होने वाले वर्ल्ड बैडमिंटन डे टूर्नामेंट की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि वर्तमान में स्टेडियम परिसर की 11 दुकानें खाली हैं, जिनमें प्रथम तल की दुकानें भी शामिल हैं। सभी दुकानों का लॉटरी सिस्टम के माध्यम से निष्पक्ष आवंटन किया जाएगा। साथ ही दुकानों के किराया निर्धारण पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि गुमला जिले के गरीब एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए खेल किट की खरीद की जाए। इसके अतिरिक्त मैट क्रय, पुराने मैट की मरम्मत, तथा इनडोर स्टेडियम में मरम्मती कार्य हेतु डीपीआर तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

## गढ़ टोली जंगल में सरना पूजा के दौरान भंवरों का हमला, छह ग्रामीण घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के गढ़ टोली जंगल में सरना पूजा के लिए एकत्रित ग्रामीणों पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भंवरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गढ़ टोली गांव से बड़ी संख्या में सरना समुदाय के ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में ढोल, मांदर और नगाड़ा के साथ सरना स्थल की पूजा के लिए जंगल पहुंचे थे। जैसे ही पूजा की तैयारी शुरू हुई, अचानक भंवरों के झुंड ने हमला कर दिया। हमले के दौरान भगदड़ मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भंवरों ने छह ग्रामीणों को निशाना बनाकर उनके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर काटना शुरू कर दिया। किसी तरह ग्रामीण जान बचाकर गांव लौटे, जहां प्राथमिक उपचार के रूप में लोगों ने घायलों के शरीर पर चूना लगाया। बाद में सभी को सदर अस्पताल लाया गया।

### मलगो गांव में जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप

## एक महिला समेत सात लोग घायल, पांच रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के मलगो गांव में सोमवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच बाउंड्री वॉल निर्माण को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिसमें सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भरनो थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अब्दुल्ला कोटवार, जसीम कोटवार, असलम कोटवार, सोफिया खातून और इकरामुल कोटवार को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया। रिम्स भेजे गए घायलों में एक महिला भी शामिल हैं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान गांव के सदर जहांगीर आलम सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज में मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच जमीन पर अबुआ आवास की बाउंड्री वॉल निर्माण को लेकर विवाद था। प्रथम पक्ष में जसीम कोटवार, अब्दुल्ला कोटवार, कौशर जान आदि शामिल हैं, जबकि द्वितीय पक्ष से शकीरा खातून, एकरामुल कोटवार, भोटो कोटवार समेत अन्य सदस्य बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी पक्ष की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी।

## नोसई नदी किनारे आम के पेड़ में व्यक्ति ने लगाई फांसी

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के झारखंड डीपा स्थित नोसई नदी के समीप एक आम के पेड़ में फांसी लगाकर 50 वर्षीय नरेश गोप ने आत्महत्या कर ली। मृतक गुमला के केसिपारा गांव का निवासी था और पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, नरेश गोप की मानसिक स्थिति पिछले दो-तीन दिनों से असामान्य थी। रविवार को भी उसने घर में फांसी लगाने का प्रयास किया था, जिसके बाद परिजन उसकी निगरानी कर रहे थे। लेकिन रविवार देर रात करीब 2 बजे वह चुपचाप घर से निकल गया और नदी की ओर चला गया, जहां आम के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोमवार सुबह जब परिजन उसकी तलाश करने निकले तो उसका शव पेड़ से लटका मिला।

## कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** पालकोट-बिलिंग बीरा रोड पर कार और बाइक की टक्कर में पश्चिमी सिंहभूम निवासी 25 वर्षीय अंटोनी कंडुलना गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अपने ससुराल बिलिंग बीरा गांव में आयोजित श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आया था और किसी कार्यवश पालकोट जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पालकोट पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर

**रायडीह।** रायडीह-चैनपुर मुख्य मार्ग पर कटकाया के समीप रविवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक सूरज तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सूरज तिर्की मांझा टोली गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार, युवक कटकाया गांव में मेहमान से मिलकर स्कूटी से घर लौट रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चैनपुर की ओर फरार हो गया। युवक ने बताया कि तेज हेडलाइट की वजह से वह वाहन की पहचान नहीं कर सका। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## तेतरबिरा वदुम्बो गांव में लगे नए ट्रांसफार्मर, गांवों में लौटी रौशनी



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** लंबे इंतजार के बाद भरनो प्रखंड के करंज पंचायत अंतर्गत तेतरबिरा और दुम्बो गांव में सोमवार को नए बिजली ट्रांसफार्मर लगाए गए, जिससे ग्रामीणों के घरों में फिर से रोशनी लौट आई है। यह कार्य सिसई विधायक जिगा सुसारन होरो की पहल पर संभव हो सका। तेतरबिरा गांव में पिछले तीन महीने से ट्रांसफार्मर खराब था, जबकि दुम्बो गांव में बीते 20 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित थी। लगातार अंधेरे में जीवन बिता रहे ग्रामीणों ने विधायक से नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों की इस मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने बिजली विभाग को निर्देशित किया, जिसके बाद दोनों गांवों में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। झामुमो अध्यक्ष जॉनसन बाड़ा, बुद्धदेव उरांव, बिरसा उरांव सहित गांव के पाहन व पुजार महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बिजली बहाल होने पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब गांव में फिर से दैनिक जीवन सामान्य हो सकेगा। इस अवसर पर कडेया उरांव, रंजनु नायक, विनोद मुंडा, दुर्गा उरांव, पवन भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिनदहाड़े व्यवसायी पर फायरिंग व लूट कांड का खुलासा

# दो अपराधी गिरफ्तार सहित हथियार, कैश व बाइक बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर साप्ताहिक बाजार में 13 जून को हुए दिनदहाड़े व्यवसायी राजकुमार साहू पर गोलीबारी और लूट की घटना का गुमला पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में शामिल चार में से दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान दीपक मुंडा उर्फ बोतल मुंडा और महेंद्र उरांव उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। दोनों अपराधी पहले भी रंगदारी, लूट और हत्या जैसे संगीन मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने इनके पास से दो देसी पिस्तौल, एक कट्टा, तीन जिंदा गोली, 72,580 नगद, दो मोबाइल, दो हेलमेट और एक पल्सर बाइक जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमान ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि गिरफ्तार अपराधी दीपक मुंडा पर पीएलएफआई नक्सली संगठन से जुड़ाव का भी संदेह है और जांच जारी है। उन्होंने इसे पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता बताया।

उल्लेखनीय है कि तिर्रा हंसलता निवासी व्यवसायी राजकुमार साहू कांसीर बाजार में अपनी बाइक पार्क कर रहे थे, तभी चार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और पेट में दो गोली मारकर 4 लाख रुपये और मोबाइल लूट लिए। घायल व्यवसायी का इलाज फिलहाल रांची स्थित रिम्स अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## अमलिया पंचायत में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित, विभिन्न योजनाओं में लाभ वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रखंड भरनो के अमलिया पंचायत में एकदिवसीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आधार कार्ड (6), किसान क्रेडिट कार्ड (2), वृद्धा पेंशन (19), पीएम विश्वकर्मा योजना (5), मातृ वंदना योजना (7), सिकल सेल एनीमिया जांच (105), जाति प्रमाण पत्र (5), राशन कार्ड (3), टीबी उपचार (2), आवासीय प्रमाण पत्र (3), मनरेगा (5) और पोषण अभियान (7) के तहत लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

## बॉक्साइट ट्रक पेड़ से टकराकर पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिपरी तेतर डीपा के समीप रविवार देर रात एक बॉक्साइट ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया और पलट गया, जिससे ट्रक चालक सुभाष उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक खाली था और चालक नशे की हालत में तेज गति से ऊपरपाठ की ओर बॉक्साइट लाने के लिए जा रहा था। चिपरी तेतर डीपा के पास ट्रक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके चलते वह सड़क किनारे एक पेड़ से टकराया और पलट गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का रामपुर पंचायत से शुभारंभ

# 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** जनजातीय समुदाय को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के उद्देश्य से "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" का चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत से किया गया। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जनजातीय परिवारों को जोड़ना है।चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष अभियान 30 जून तक प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत जनजातीय परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, आयुष्मान भारत कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ा जाएगा।रामपुर पंचायत में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए और सिकल सेल एनीमिया की जांच भी कराई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ यादव बैठा ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासी, हरिजन एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचना अत्यंत आवश्यक है, तभी उन्हें उनका वास्तविक लाभ मिल सकता है।बीडीओ ने ग्रामीणों को पीएम आवास योजना, मनरेगा, अबूआ आवास, जनमन आवास, 15वां वित्त आयोग, किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, मैया सामान योजना सहित कई अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।इस अवसर पर पंचायत सचिव लक्ष्मण राम, बीपीआरओ राममोहन साहू, कृषि पदाधिकारी कृष्ण कुमार,कल्याण पदाधिकारी हुलास प्रसाद, आंगनबाड़ी सेविका, एटीएम, बैंक बीसी सत्यम, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह अभियान जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने एसडीओ को सौंपा मांग पत्र

## सड़क मरम्मत व यातायात व्यवस्था सुधार की मांग




नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में सोमवार को गुमला सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजीव नीरज से उनके कार्यालय में मिला और नगर की बुनियादी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से शहर की जर्जर सड़कों, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट और यातायात अव्यवस्था को लेकर चिंता जताई। मांग पत्र में विशेष रूप से बैंक कॉलोनी, दुर्गा मंदिर रोड, डीएसपी रोड, बस स्टैंड रोड और लोहरदगा रोड की मरम्मत बरसात शुरू होने से पहले कराए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा, नगर के विभिन्न स्थानों पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को शीघ्र दुरुस्त करने और नो एंट्री के समय शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल और एसडीओ के बीच अन्य जनहित के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई, जिसमें एसडीओ राजीव नीरज ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


## जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा

### आदेश

जनता दरबार एवं अन्य स्त्रोतों से आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण जरूरतमंदो को इसका लाभ प्राप्त नहीं होने से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है। साथ ही राशन कार्ड नहीं होने के फलस्वरूप भी आयुष्मान कार्ड बनने में परेशानी से संबंधित आवेदन भी आमजनों से प्राप्त होते है। इसके अतिरिक्त धरती आबा उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत स्किल सेल (एनीमिया) हेतु भी आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिविर के साथ शामिल किया जाना है। विदित हो कि उक्त योजनाएँ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ हैं, जिससे आमजनों को काफी सुविधा होती है।

आयुष्मान कार्ड एवं इसके निमित राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं अन्य तरह के सुधार करने तथा धरती आबा उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत स्किल सेल (एनीमिया) आदि हेतु निम्न तालिका के अनुसार प्रत्येक प्रखण्ड के दो पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर की तिथि | शिविर का स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | लेम एवं ब्रहमणा | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | मोकतमा एवं डाढा | 17.06.2025 | |
| | | सिकीद एवं बरैनी | 18.06.2025 | |
| | | पाराडीह एवं आरा | 19.06.2025 | |
| | | देवरिया एवं गोढाई | 20.06.2025 | |
| | | सीमा एवं टीकर | 21.06.2025 | |
| | | गंधरिया एवं जांगी | 23.06.2025 | |
| | | डमडोइया एवं दारियातु | 24.06.2025 | |
| 2. | गिद्धौर | गिद्धौर | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | बारिसाखी | 17.06.2025 | |
| | | मझगांवा | 18.06.2025 | |
| | | पहरा | 19.06.2025 | |
| | | बारियातु | 20.06.2025 | |
| | | द्वारी | 21.06.2025 | |
| 3 | हंटरगंज | जोलडीहा एवं नावाडीह पनारी | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | जबडा एवं मीरपूर | 17.06.2025 | |
| | | गेरूवा एवं लेंजना | 18.06.2025 | |
| | | औरू एवं बलूरी | 19.06.2025 | |
| | | गेंजना एवं पाण्डेयपुरा खुर्द | 20.06.2025 | |
| | | डाहा एवं नावाडीह | 21.06.2025 | |
| | | खुटी केवाल खुर्द एवं डुमरी कला | 23.06.2025 | |
| | | चकला एवं करमा | 24.06.2025 | |
| | | करैलीवार एवं जोरी कला | 25.06.2025 | |
| | | सलैया एवं दन्तार | 26.06.2025 | |
| | | पैनीकला एवं कटैया | 28.06.2025 | |
| | | तरवागडा एवं कोबना | 30.06.2025 | |
| | | गोसाईडीह एवं केदली कला | 01.07.2025 | |
| | | तिलहेत एवं उरैली | 29.06.2025 | |
| 4 | प्रतापपुर | घोड़दौड़ एवं हुमाजांग | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | टण्डवा एवं चन्द्रगोविन्दपुर | 17.06.2025 | |
| | | जोगीडीह एवं एघारा | 18.06.2025 | |
| | | डुमरवार एवं बरूरा | 19.06.2025 | |
| | | योगीयारा एवं सिजुआ | 20.06.2025 | |
| | | मोनया एवं गजवा | 21.06.2025 | |
| | | भरही एवं घोरीघाट | 23.06.2025 | |
| | | बभने एवं सिदकी | 24.06.2025 | |
| | | प्रतापपुर एवं रामपुर | 25.06.2025 | |
| 5 | कुन्दा | कुन्दा | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | सिकीदाग | 17.06.2025 | |
| | | मरगडा | 18.06.2025 | |
| | | बौधाडीह | 19.06.2025 | |
| | | नवादा | 20.06.2025 | |
| 6 | लावालौंग | रीमी एवं सिलदाग | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | मधनिया एवं लावालौंग | 17.06.2025 | |
| | | कोलकोलेकला | 18.06.2025 | |
| | | कटिया | 19.06.2025 | |
| | | हेडुम | 20.06.2025 | |
| | | लमटा | 21.06.2025 | |
| 7 | सिमरिया | जिरवाखूर्द एवं जबडा | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | कसारी एवं सेरनदाग | 17.06.2025 | |
| | | बगरा एवं जांगी | 18.06.2025 | |
| | | सबानो एवं बन्हे | 19.06.2025 | |
| | | बानासांडी एवं पगार | 20.06.2025 | |
| | | डाडी एवं पुण्डरा | 21.06.2025 | |
| | | एदला एवं हुरनाली | 23.06.2025 | |
| | | पीरी एवं इचाक | 24.06.2025 | |
| | | चोपे | 25.06.2025 | |
| 8 | ईटखोरी | कोनी एवं धूना | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | ईटखोरी एवं टोनाटांड़ | 17.06.2025 | |
| | | पितिज एवं हलमता | 18.06.2025 | |
| | | शहरजाम एवं धनखेरी | 19.06.2025 | |
| | | मलकपुर एवं परसौनी | 20.06.2025 | |
| | | नवादा एवं करनी | 21.06.2025 | |
| 9 | मयुरहण्ड | कदगांवाकला एवं फुलांग | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | पेटादरी एवं सोकी | 17.06.2025 | |
| | | पन्दनी एवं बेलखोरी | 18.06.2025 | |
| | | मयूरहंड एवं हुसिया | 19.06.2025 | |
| | | करमा एवं मझगांवा | 20.06.2025 | |
| 10 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला एवं कोल्हैया | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | तुलबुल एवं राजपुर | 17.06.2025 | |
| | | चीरीदीरी एवं मदगडा | 18.06.2025 | |
| | | कैण्डीनगर एवं बकचूमा | 19.06.2025 | |
| | | चारू एवं जमरीबक्सपूरा | 20.06.2025 | |
| 11 | पत्थलगड्डा | नावाडीह | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | बरवाडीह | 17.06.2025 | |
| | | सिंघानी | 18.06.2025 | |
| | | नोनगांव | 19.06.2025 | |
| | | मेराल | 20.06.2025 | |
| 12 | टण्डवा | राहम एवं सराढू | 16.06.2025 | पंचायत सचिवालय |
| | | कोयद एवं किचटो | 17.06.2025 | |
| | | बेंती एवं मिश्रौल | 18.06.2025 | |
| | | नावाडीह उर्फ तेलियाडीह एवं कबरा | 19.06.2025 | |
| | | पोकला उर्फ कसियाडीह एवं गाडीलौंग | 20.06.2025 | |
| | | टण्डवा एवं पदमपुर | 21.06.2025 | |
| | | धनगडा एवं बहेरा | 23.06.2025 | |
| | | कल्याणपुर एवं बडगांव | 24.06.2025 | |
| | | डहु एवं बचरा उत्तरी | 25.06.2025 | |
| | | बचरा दक्षिणी | 26.06.2025 | |

उपायुक्त
चतरा

PR 355112 (Rural Development)25-26*D


### पहल | प्रशासन का शिकंजा, खनन टास्क फोर्स की ताबड़तोड़ छापेमारी

# दर्जनों वाहन जब्त, कार्रवाई जारी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर गठित खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। बीते चार दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध सघन छापेमारी कर कई वाहनों को जब्त किया गया और वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है। 13 जून को बसिया थाना क्षेत्र के तानालोया पंचायत अंतर्गत लुंगटू में रात के अंधेरे में हाईवा और जेसीबी से अवैध बालू परिवहन की सूचना पर खनन टास्क फोर्स, थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बलों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। स्थल पर लगभग 800–900 सीएफटी अवैध बालू पाया गया। 14 जून को सिसई थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान एक बिना पंजीकरण नंबर वाले ट्रैक्टर को बालू लदे हुए पकड़ा गया। चालक मौके से फरार हो गया तथा वाहन से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 15 जून को गुमला अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में सिलाफारी पंचायत के कोयल नदी क्षेत्र में छापेमारी कर हाईवा और जेसीबी से अवैध बालू लोडिंग करते हुए पाया गया। वाहन चालकों के मौके से फरार हो जाने के बाद हाईवा एवं खराब हो चुके जेसीबी को जिम्मेनामा पर जब्त किया गया। इन सभी मामलों में झारखंड लघु खनिज साख्य नियमावली 2004 एवं झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियम-2017 के अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

### अवैध खनन पर सख्ती के निर्देश

**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मान, वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में हो रहे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण रखने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उपायुक्त ने खनन क्षेत्र और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया ताकि गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।


## कार्यालय-जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा
## (जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा)

### आवश्यक सूचना

केन्द्र प्रायोजित PM-KUSUM योजना वर्ष 2023–24 अन्तर्गत चयनित कृषक अपना शपथ–पत्र जन–प्रतिनिधि, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक से सत्यापन कराते हुए दिनांक 30.06.2025 तक श्री विनोद कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक, अनुमण्डल कृषि कार्यालय, चतरा को उपलब्ध कराना सुनिशिचित् करें। निर्धारित तिथि के बाद शपथ–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR.NO.355133 Agriculture(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**


## संपादकीय

# युद्ध या महायुद्ध फैसला इस्राइल करेगा

पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन बदल रहा है। ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले और ईरान के कम से कम दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की हत्या के साथ बेंजामिन नेतन्याहू अकेले आगे बढ़ने और ट्रंप प्रशासन के दबाव को नजर अंदाज करने की अपनी इच्छाशक्ति दिखा रहे हैं। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का कूटनीतिक हल चाहते थे, लेकिन ऐसा लगता है कि पहले से अच्छे संबंधों के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति नेतन्याहू को रोकने में असमर्थ थे। हमलों का समय महत्वपूर्ण है। ट्रंप प्रशासन को संभवतः पता था कि वह इस्राइल को ईरान पर हमले करने से नहीं रोक सकता, लेकिन उसने सोचा कि वह इस्राइल पर दबाव डालकर तब तक हमला करने से रोक सकता है, जब तक कि वह ईरान के साथ नया परमाणु समझौता नहीं कर लेता। हवाई हमले से कुछ घंटों पहले ट्रंप ने कहा था, 'मुझे लगता है कि ईरान के साथ कोई समझौता हो जाएगा, मैं नहीं चाहता कि इसमें कोई व्यवधान आए।' अमेरिका का इस्राइल पर कितना असर है, इसको लेकर विशेषज्ञों की राय बंटी हुई है। जो बाइडन प्रशासन द्वारा महीनों तक की गई तैयारी के बाद ट्रंप जनवरी में इस्राइल और हमास में संघर्ष विराम कराने में सफल रहे। लेकिन वार्ता के एक हिस्से के रूप में नेतन्याहू वेस्ट बैंक में बसने वालों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने में सफल रहे, जिससे उन्हें वहां कार्य करने की पूरी छूट मिल गई। इसके अलावा, अमेरिका ने इस्राइल को 2,000 पाउंड के बमों के हस्तांतरण पर लगी अपनी रोक भी हटा दी, जो इस्राइल के लिए एक और रियायत थी। अमेरिका गाजा में मानवीय संकट को रोकने में भी अक्षम साबित हुआ। वाशिंगटन इस्राइल द्वारा लेबनान पर हमले और ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिजबुल्ला को खत्म करने के उसके प्रयासों को रोकने में भी शक्तिहीन दिखाई दिया। अमेरिका शक्तिशाली क्षेत्रीय नेता के बजाय एक दर्शक बनकर रह गया है। सूत्र से बताते हैं कि अक्तूबर 2024 में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला को मारने के लिए किए गए हवाई हमले से पहले भी इस्राइल ने वाशिंगटन को सूचना नहीं दी थी, जो अमेरिकी इजाजत के बिना कार्रवाई करने की इस्राइल की बढ़ती इच्छाशक्ति का संकेत है। वास्तव में, गाजा में चल रहे युद्ध का लेबनान तक विस्तार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण क्षण था। हिजबुल्ला (जो उत्तरी इस्राइल की ओर रॉकेट दाग रहा था) को रोकने के लिए इस्राइल ने दक्षिणी बेरूत पर हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्ला के कई उच्च पदाधिकारी मारे गए। इसके बाद अपने करिश्माई नेताओं के बिना युवाओं को भर्ती कर हिजबुल्ला खुद को फिर से उठ खड़ा करने में असमर्थ था और उसका संगठन बिखर गया। नवंबर, 2024 तक अमेरिकी मध्यस्थता में हिजबुल्ला संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गया। सैन्य और संगठनात्मक रूप से हिजबुल्ला का पतन ईरान की क्षेत्रीय शक्ति के लिए बड़ा झटका है। हिजबुल्ला एक समय दुनिया का सबसे ज्यादा हथियारों से युक्त गैर-सरकारी हिंसक संगठन था। उसके पास लगभग 50,000 लोगों की फौज और विभिन्न रेंज की दो लाख से ज्यादा रॉकेट व मिसाइलें थीं। इस्राइल के साथ छद्म युद्ध में हिजबुल्ला और हमास के कई शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद ईरान काफी कमजोर पड़ गया। इसके अलावा, ईरान आर्थिक संकट से भी गुजर रहा है। दशकों से ईरान पश्चिम एशिया में रणनीतिक वर्चस्व हासिल करने की कोशिश कर रहा था।

*हवाई हमले से कुछ घंटों पहले ट्रंप ने कहा था, 'मुझे लगता है कि ईरान के साथ कोई समझौता हो जाएगा, मैं नहीं चाहता कि इसमें कोई व्यवधान आए।'*

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी...!



साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है। पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा।

पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16% से घटाकर 10% कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9% पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90% काम पूरा हो चुका है।

भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ़ 30 सेकंड के लिए रुकेगी। ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की ज़रूरत होती है! सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9% और कार की बिक्री में 10.4% की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोज़गार के कई अवसरों का भी सृजन किया है।

कुछ ध्यान देने योग्य आँकड़े-2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60% बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्स की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। 'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

2014 में शुरू हुआ ये सफ़र केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है। पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज़ गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके।

"अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं।" पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।"

आज की बात



**नितिन गडकरी**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं

# हिंदी की छाती पर अंग्रेजी की चप्पल

जब साहब का आदेश आया कि "हिन्दी में फ़ाइल लिखो, अंगरेज़ी में नहीं," तो हमारे विभाग के कम्प्यूटर जैसे सन्न हो गए। उधर चपरासी ने चाय पूछी, इधर बाबू ने हिन्दी का पहला अक्षर पूछा-"भाई, फ़ाइल में 'रिफरेंस' की जगह क्या लिखें? संदर्भ? सुनते ही पेट में मरोड़!" कम्प्यूटर ने पंखा रोक दिया, प्रिंटर ने दस्ताने पहन लिए। जैसे ही एक वरिष्ठ अधिकारी ने फ़ाइल पर 'निवेदन है कि' लिखा, नीचे से आत्मा कांपी और बोली-"मुझे इस अपमान से बचा लो, हे टाइपराइटर के देवता!" दफ्तर में हिन्दी ऐसे चल रही थी जैसे बैलगाड़ी में रेसिंग करवाना। जो लोग अंगरेज़ी में "Yours faithfully" लिखते थे, अब "आपका विश्वासपात्र" लिखकर आत्महत्या के कगार पर थे। टाई लगाए बाबू अब हिन्दी में 'संलग्नक' और 'प्रेषित' जैसे शब्द देखकर बाथरूम भाग जाते थे। कुछ ने तो हिंदी शब्दकोश को इस तरह घूरा जैसे वो सीबीआई की चार्जशीट हो। एक बाबू ने "सूचना" को "इनफ़ॉर्मेशन" समझ कर छुट्टी की अर्जी दी-"सर, माफ कीजिएगा, मैं हिंदी से डर गया हूँ।" हिन्दी अब फ़ाइलों की देहरी पर थी, पर भीतर घुसने नहीं दिया जा रहा था। अधिकारी महोदय ने तो कसम खा ली थी-"मैं अंगरेज़ी छोड़ सकता हूँ, पर अपनी बीवी की जगह हिन्दी नहीं!" वह रोज़ अपने कमरे में हिन्दी की आत्मा को बुलाते थे और कहते-"आ जाओ, घबराओ मत, तुम माँ होपर कमरे में पैर मत रखो।" जैसे ही हिन्दी 'कार्यालय आदेश' में आई, सबने अपने मोबाइल में गूगल ट्रांसलेट डाउनलोड कर लिया। एक दिन दफ्तर में एक नयी कन्या आई-वह संस्कृत में एम.ए. थी और हिन्दी को सीने से लगाकर लाई थी। उसने जब फ़ाइल में लिखा-"प्रेषक को सूचित किया जाए कि" तब साहब ने आँखें बंद कर लीं। बोले-"ऐसा तो मैंने जीवन में आखिरी बार गुरुकुल में सुना था, जब मुझे तुलसीदास की चौपाइयाँ पढ़नी थीं।" फिर धीरे से बोले-"तुम्हारी हिन्दी से मेरी अंग्रेज़ी शरमा गई है।" हिन्दी अब सबके लिए हथियार नहीं, हथकड़ी बन गई थी। बच्चे ट्यूशन में जाकर "गुड मार्निंग" की जगह "शुभ प्रभात" बोलते थे तो मम्मी कहती थीं-"ये क्या संस्कृत सिखा रहे हैं वहां?" कार के शीशे पर स्टिकर लगने लगे-"सीमित गति में चलें, क्योंकि हिन्दी ज़िंदा है।" हिन्दी अब प्यार की नहीं, परीक्षा की भाषा हो गई थी। जिसे हिन्दी आती थी, वह लाचार था। जिसे नहीं आती थी, वह अफ़सर। फिर एक घटना घटी-एक सज्जन हिन्दी में 'स्पीच' देने लगे। बोले-"आज हिन्दी दिवस पर हम संकल्प लेते हैं कि" तभी माइक बंद हो गया, बिजली चली गई और आयोजक ने कहा-"बोलना बंद कीजिए, सबको सोने दीजिए।" हिन्दी भी रो पड़ी। वह स्टेज से उतरी और बोली-"मुझे जब बोलने का मौका मिलता है, तो माइक मर जाता है।" अगली बार उस सज्जन को अंग्रेज़ी में बोलने दिया गया, हिन्दी की आत्मा वहाँ भी ताली बजा रही थी। अब हिन्दी के प्रचार में वही लोग लगे हैं, जिनके बच्चे अमेरिका में हैं। जिनका खुद का नाम 'शर्मा' है लेकिन दस्तखत 'S. Ray' करते हैं। हिन्दी अब भाषणों की चीज़ रह गई है। एक अफ़सर तो कहने लगे-"हिन्दी हमारी आत्मा है, पर प्रमोशन की सीढ़ी अंग्रेज़ी है।" एक दिन तो हद हो गई-हिन्दी में विभागीय परीक्षा हुई, टॉप किया तमिलनाडु के एक इंजीनियर ने। और भोपाल का हिन्दी भाषी छात्र फेल हो गया क्योंकि वह "पुनर्निर्माण" और "संप्रेक्षण" का अर्थ नहीं बता सका। अब हिन्दी प्रेम केवल सरकारी फाइलों और दीवारों पर लिखा नारा बन गया है-"हिन्दी हमारी शान है"-जिसके ठीक नीचे लिखा होता है-"Speak only in English." अब बच्चों को सिखाया जाता है-"A for Apple, B for Ball, C for Cultureजो हिन्दी में नहीं पढ़ते।" हिन्दी के लिए अब भी कुछ कवि आँसू बहाते हैं, हिन्दी के लिए साहित्य अकादमी में सम्मान बाँटा जाता है, लेकिन हिन्दी खुद को शीशे में देखकर पूछती है-"क्या मैं रानी हूँ या अब भी चेरी?" अंततः हिन्दी अकेली पड़ गई है। वह अब मंच पर नहीं, मचान पर बैठी है। पाठशाला में नहीं, पाठ के बाहर है। उसे अब भी प्रेम चाहिए, पर दिखावा नहीं। वह अब राजभाषा नहीं, पीड़ाभाषा है। लोग उसके नाम पर तो खाते हैं, पर उसे कभी जीते नहीं। हिन्दी को माँ कहने वाले अब उसे वृद्धाश्रम भेजने की योजना बना रहे हैं।

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाना होगा

विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस

मानव एवं जीव-जंतुओं का जीवन भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, भूमि का दोहन, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण आज की जलवायु समस्याओं का सटीक समाधान हो सकता है, इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस 17 जून को मनाया जाता है। यह दिन मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य' है, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह दिवस पर भूमि के महत्व और इसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। कोलंबिया गणराज्य इस वर्ष 17 जून को मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस के वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेगा, जो प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से भूमि क्षरण को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बोगोटा में आयोजित यह कार्यक्रम स्थिरता, शांति और समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में भूमि बहाली एवं सूखा निवारण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा, साथ ही भोजन, पानी, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वस्थ भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देगा। स्वस्थ भूमि संपन्न अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा से अधिक हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है। फिर भी हम इस प्राकृतिक पूंजी को खतरनाक दर से नष्ट कर रहे हैं- हर मिनट, भूमि क्षरण के कारण चार फुटबॉल मैदानों के बराबर भूमि नष्ट हो जाती है। इससे जैव विविधता का नुकसान होता है, सूखे का खतरा बढ़ता है और समुदाय विस्थापित होते हैं। इसके प्रभाव वैश्विक हैं- खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से लेकर अस्थिरता और पलायन तक। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से हैं तथा विश्वभर में 40 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पहले से ही क्षरित माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक 2021-2030 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही, हमें भूमि क्षरण की लहर को बड़े पैमाने पर बहाली में बदलने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो हमें 2030 तक 1.5 बिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना होगा और एक ट्रिलियन डॉलर की भूमि बहाली अर्थव्यवस्था को गति देनी होगी। भूमि को पुनःस्थापित करें, अवसरों को खोलें थीम के अंतर्गत, इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति की नींव-भूमि-को पुनःस्थापित करने से किस प्रकार रोजगार सृजित हो सकते हैं, खाद्य और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है, जलवायु कार्रवाई का समर्थन किया जा सकता है और आर्थिक लचीलापन निर्मित किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है, इन स्थानों पर सबसे कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये इस दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पहले जो संदिग्ध थे, बिगड़े हुए चरित्र।
वे भी अब कहने लगे, खुद को नृप का मित्र।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अथश्री फ्लाईओवर नामकरण कथा

किसी देश के किसी जनपद के किसी शहर में दो फ्लाईओवर बने। शिलान्यास के बाद संघर्ष करते हुए अंततः ये बन गए। लोगों के आश्चर्य की सीमा ही नहीं रही। उनकी आँखें उन्हें देख फ़टी की फ़टी रह गयीं। कोरों से खून तब बहने लगा जब एक का उद्घाटन हो चुका। यह नामाकरण भी अक्षरंश और विधिवत, पारम्परिक और परिवारवादी सिद्धांत पर हुआ। इस नामकरण के लिए एक परिवारवाद के एक साधक ने पूरे विधि-विधान से कर्मकांड कराया और जजमान स्वयं बन डटे रहे। ताकि किसी को इस यज्ञ के जजमान के रूप में उनके होने में लेशमात्र भी संदेह न हो। विधि-विधान से किए गए इस यज्ञ में कोई कमी नहीं की गयी। घेराव, सड़क अवृद्धिकरण, शहर बंद और राज्य बंद जैसे अनुष्ठान पूरी मर्यादा से सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए। सफल यज्ञ से देवता प्रसन्न हुए। राजा को देवता ने स्वप्न में कहा कि अमुक जजमान का यज्ञ सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। इससे मैं प्रसन्न हूँ। तुमको आदेश देता हूँ कि जजमान के दिवंगत पिता के नाम पर फ्लाईओवर की घोषणा कर दो, नहीं तो बड़ा अनिष्ट होगा। तुम्हारे सिंघासन की एक कील टूट जाएगी और इधर कील टूटी नहीं कि तुम उधर धड़ाम से गिरोगे। राजा अपनी गहरी नींद में पसीने-पसीने हो उठा और उसकी निद्रा भंग हो गयी। राजा ने रात्रि में ही मंत्री को बुलाकर कह दिया कि देखो फ्लाईओवर का नामाकरण फ्लाईओवर के विषय पर चल रहे यज्ञ के जजमान के पिता के नाम पर करो। वैसे चाहता तो मैं अभी भी हूँ कि मुझसे पूर्व हुए राजा, जिन्होंने मुझे लाख प्रपंच रचाकर राजगद्दी दिलाई और जो मेरे पिता हैं, के नाम पर ही इस फ्लाईओवर का नामाकरण करूँ। पर मामला ईश्वरीय हो गया है। ईश्वर ने स्वप्न में मुझे आदेश दिया है कि ऐसा न करने से अनिष्ट हो जाएगा। मैं विवश हूँ पर उद्घाटन मैं ही विवश हो भारी मन से करूँगा। इसके कुछ दिनों बाद दूसरे फ्लाईओवर के नामाकरण की परिस्थिति आ धमकी। राजा ने इसे टालने का आदेश इस विचार से दे दिया कि मामला ठंढा हो जाए तब अपने पिता के नाम से नामकरण कर उसका उद्घाटन अपने अप्रासांगिक पिता से ही करा देंगे। ऐसे में वंशवाद, परिवारवाद का उत्कृष्ट उदाहरण भी स्थापित होगा साथ ही विकट परिस्थिति में रानी को राजगद्दी सौंप सकेंगे। उधर कभी सनातनी राजा रहे, सम्प्रति राजगद्दी से निष्कासित, के गुट के गुप्तचर को वर्तमान राजा की इस मंशा की भनक लगी। बात उन तक पँहुची फिर कानों-कान उस पक्ष के सब तक पँहुची।

कानाफूसि तक होने लगी। प्रजा भी जान गयी। अब छोटे-बड़े सभी परिवारवादियों में आशा की लहर जगी। सभी ने अलग-अलग रूप से अपने-अपने परिवार के पुरुखों के नाम पर इस फ्लाईओवर के नामाकरण के लिए पृथक-पृथक यज्ञ प्रारम्भ करने की घोषणा करने लगे। जजमान अनेक और फ्लाईओवर बेचारी एक इधर यज्ञों के लिए शंख फूके जाने से वतावरण सनातन होने लगा। वर्तमान राजा चिंतित हो गया। वह नामाकरण में टाल - मटोल करने लगा। मामला संग्राम की ओर बढ़ता देख राजा ने चुप्पी साध ली। परिवारवादी सभी एक से बढ़कर एक कर्मकांडी आचार्यों की शरण गहने लगे। कोई टोटकों का भी सहारा लेने लगे तो कोई तंत्र-मंत्र के राजा सन्न रह गया। आंदोलनों की भूमिका और पटकथा लिखी जाने लगी। राजा ने फ्लाईओवर का काम ही लटका दिया। अब यज्ञ की अग्नि के आह्वान व प्रज्वलन का मंत्रोचार होने की शुभ घड़ी की गणना की जाने लगी है। भविष्यवक्ताओं, पुरोहितों, तांत्रिकों, टोटके करने वाले बाबाओं की बन आयी है। ढेर सारे जजमान तैयारी में लगे हैं। राजमहल में भी ओझा-गुनी आते - जाते दिखने लगे। अब मूक प्रजा देखने में लगी है कि इन यज्ञों में से किस जजमान को यज्ञ का फल मिलता है अथवा राजा तो राजा ही होता है, सिद्ध होगा!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली के अशोक विहार में झुग्गियों पर चला ताबड़तोड़ बुलडोजर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के अशोक विहार-वजीरपुर इलाके की झुग्गियों में भारी पुलिस सुरक्षा के बीच बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उत्खननकर्ताओं और खुदाई करने वालों (जिन्हें आम बोलचाल में बुलडोजर या जेसीबी मशीन भी कहा जाता है) द्वारा अभियान के दौरान कई अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया। यह ध्वस्तीकरण रेखा गुप्ता सरकार के राष्ट्रीय राजधानी में अतिक्रमण विरोधी अभियान का हिस्सा है। यह कार्रवाई कालकाजी और जंगपुरा में इसी तरह के ध्वस्तीकरण अभियान के कुछ ही दिनों बाद की गई है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में व्यवस्था बनाए रखने और अशांति को रोकने के लिए लगभग 250 पुलिसकर्मी मौके पर तैनात थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह के अनुसार, अशोक विहार के जेलर वाला बाग इलाके में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा था। एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ), कई उत्खननकर्ताओं के साथ, हटाए जाने के लिए पहचाने गए ढांचों को गिराने के लिए दिन में जल्दी ही पहुंच गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए माने जाने वाले 200 से अधिक घरों को इस अभ्यास के हिस्से के रूप में ध्वस्त करने की योजना है। इलाके में तनाव बना रहा, परिवार असहाय होकर बुलडोजरों को आते हुए देख रहे थे। जबकि कुछ निवासी अपने सामान को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, अन्य लोग चुपचाप खड़े थे, अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे क्योंकि दशकों पुरानी संरचनाएं मलबे में तब्दील हो गई थीं। यह अभियान राजधानी भर में सार्वजनिक संपत्ति को पुनः प्राप्त करने के लिए नागरिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में विस्फोट, तीन लोग घायल



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हुए विस्फोट में 10 वर्षीय एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के लंगेट इलाके के कछरी में एक पुरानी मस्जिद को गिराने के दौरान विस्फोट हुआ। मस्जिद प्रबंधन समिति नई मस्जिद बनाने के लिए पुरानी ढांचे को गिरा रही थी। विस्फोट के कारण का तुरंत पता नहीं चल पाया है। घायलों की पहचान मुदासिर अहमद मीर (26), गुलाम अहमद तंत्रे (65) और डी ए लोन (10) के रूप में हुई है। घायलों को उप जिला अस्पताल लंगेट ले जाया गया।

"घुसपैठिया"

## दिल्ली में 36 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी इलाके में 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 17 बच्चे शामिल हैं। सभी आरोपी अवैध रूप से रह रहे थे और उनके पास वैध यात्रा दस्तावेज या वीजा नहीं था। इन पर कार्रवाई को लेकर दिल्ली पुलिस ने सोमवार को प्रेस रिलीज जारी की। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 7 स्मार्टफोन जब्त किए गए, जिनमें प्रतिबंधित ऐप इंस्टॉल था। 13 लोगों के पास बांग्लादेश का राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला। दिल्ली पुलिस ने बताया कि कई दिनों की मैनुअल और तकनीकी निगरानी के बाद 13 जून को वजीरपुर इलाके में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक की जानकारी मिली थी। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए टीम ने इलाके की घेराबंदी की और बड़े स्तर पर अभियान चलाया। गहन तलाशी अभियान के दौरान लगभग 25 फुटपाथ और 32 गलियों की जांच की गई। ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने भारत में अवैध रूप से रहने की बात स्वीकार की और खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया। उसके खुलासे के आधार पर अन्य सदस्यों की पहचान की गई और उन्हें पुलिस ने पकड़ा।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ''गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ की गई। उन्होंने खुलासा किया कि वो पहले हरियाणा के मेवात में एक ईंट भट्टे पर काम करते थे। वहां हरियाणा पुलिस की ओर से पकड़े जाने के डर से भाग गए। उस समय से सभी लगातार अपना स्थान बदल रहे थे और स्थानीय आबादी में घुलने-मिलने की कोशिश कर रहे थे।

## पारिवारिक विवाद में महिला की हत्या

**नई दिल्ली।** मुजफ्फरनगर जिले में रविवार को पारिवारिक विवाद को लेकर 24 वर्षीय महिला की कथित तौर पर उसके भाई ने हत्या कर दी और उसके परिजन ने सुबूत मिटाने के लिए शव का अंतिम संस्कार करने का प्रयास किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार ने बताया कि घटना बुढ़ाना क्षेत्र के उकावली गांव में हुई। यहां लाली नामक महिला पर उसके भाई अर्जुन ने कुदाल से हमला करके उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि परिवार के सदस्य गुपचुप तरीके से उसके शव का अंतिम संस्कार करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने चिता से आधा जला हुआ शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतका के पिता किशनपाल, भाई अर्जुन, उसके दोस्त और चचेरे भाई सौरभ समेत परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) और 238 (साक्ष्य मिटाने) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि किशनपाल और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# वो वीडियो जो है सबसे अहम सबूत जिसे बनाने वाला अभी भी है सदमे में

- **एयरपोर्ट पर मौजूद एक सूत्र का यह कहना भी उपकरण संबंधी खराबी की ओर इशारा करता है**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के एक किशोर 12वीं के छात्र आर्यन असारी ने महज उत्सुकतावश अपनी छत पर खड़े होकर वह वीडियो बनाया था। वीडियो से हादसे की काफी स्पष्ट तस्वीर सामने आई है, जिससे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि उपकरण संबंधी आपात स्थिति या फिर पॉवर बैकअप में आई समस्या जोरदार धमाके की वजह हो सकती है। वैसे तो विमान का फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर यानी ब्लैक बॉक्स मिल चुका है और हादसे की असली वजह इससे ही पता चलेगी। लेकिन, आर्यन का वीडियो हादसे के कारणों को लेकर लगाई जा रही कई अटकलों को चुनौती देता लग रहा है। विशेषज्ञ अभी इस पर अटकलें लगा रहे हैं कि विमान में इमरजेंसी पॉवर सोर्स एपीयू (ऑक्सीलरी पावर यूनिट) या आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) सक्रिय हुए थे या नहीं। पर, आर्यन के फोन पर रिकॉर्ड वीडियो से पता चलता है कि आरएटी नीचे था। अगर आरएटी नीचे होने की बात को सही मानें, तो यह एकमात्र जीवित बचे यात्री विश्वास कुमार रमेश के बयान से मेल खाता लगता है। विश्वास का कहना है कि एक तेज धमाके के साथ लाइट चली गई, फिर केबिन में एक हरी लाइट चमकी। इसके बाद ही पायलट ने मेडे कॉल की थी।

एयरपोर्ट पर मौजूद एक सूत्र का यह कहना भी उपकरण संबंधी खराबी की ओर इशारा करता है कि विमान में ईंधन भरने में जरूरत से ज्यादा समय (42 मिनट) लगा था। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यह सामान्य बात है।वैसे, तो दोनों इंजन के एकसाथ फेल होने को दुर्लभ घटना माना जाता है, लेकिन विमान में आरएटी सक्रिय होने का मतलब है कि कोई गंभीर आपात स्थिति थी। यह विद्युत प्रणाली पूरी तरह विफल होने, हाइड्रोलिक सिस्टम गड़बड़ाने से विमान का ऊपर उठना मुश्किल होने या दोहरा इंजन फेल होने की समस्या का संकेत हो सकता है। पहले विशेषज्ञ मान रहे थे कि एक साथ दोनों इंजन फेल होने की गुंजाइश नहीं है।



**अहमदाबाद विमान हादसे** से जुड़े जिस वीडियो ने पूरे देश का ध्यान खींचा था, वह हादसे की जांच में अहम सुराग साबित हो सकता है

## तकनीकी समस्या के कारण हांगकांग वापस लौटा एयर इंडिया का विमान

**नई दिल्ली।** हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक विमान को सोमवार को तकनीकी समस्या आने के कारण बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। सूत्रों ने पुष्टि की है कि एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 315, विमान बोइंग 787- 8 ड्रीमलाइनर हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भर चुका था और बीच रास्ते में ही तकनीकी समस्या का पता चला। विमान सुरक्षित रूप से हांगकांग वापस लौट चुका है और किसी भी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, तकनीकी समस्या की वास्तविक प्रकृति का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। एयर इंडिया की ओर से फिलहाल अभी तक इस घटना को लेकर किसी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब भारतीय विमानन क्षेत्र पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रहा है।

### प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने गुजरात में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की

# डॉ. मिश्र ने समय पर पूरा करने के लिए अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया

- **प्रधान सचिव डॉ. मिश्र ने धोलेरा को वैश्विक मानक स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए गुजरात सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई**
- **डॉ. मिश्र ने लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने आज गुजरात के धोलेरा और लोथल में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करते हुए स्थल निरीक्षण और उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकें कीं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के औद्योगिक और आर्थिक विकास की परिकल्पना के अनुरूप हैं। डॉ. मिश्र ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कार्यान्वित निर्माणाधीन अहमदाबाद-धोलेरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का दौरा किया। उन्होंने अहमदाबाद और धोलेरा के बीच यात्रा के समय को 45 मिनट तक कम करने की एक्सप्रेसवे की क्षमता पर प्रकाश डाला और वैश्विक-गुणवत्ता वाले सड़क मानकों के साथ समय पर निष्पादन पर बल दिया। डॉ. मिश्र ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर) में धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की प्रगति का आकलन किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि कार्गो संचालन अक्टूबर 2025 तक शुरू हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा का पालन करने और एक्सप्रेसवे के साथ निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डॉ. मिश्र ने टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन (फैब) परियोजना का निरीक्षण किया। यह परियोजना घरेलू चिप निर्माण में एक प्रमुख पहल है। उन्होंने मोबाइल उपकरणों, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए चिप्स सहित इसके उत्पादन दायरे की समीक्षा की। उन्होंने धोलेरा इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड (डीआईसीडीएल) द्वारा विकसित सामाजिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-स्कूल, अस्पताल और आवासीय परिसरों का भी दौरा किया। डॉ. मिश्र ने उपयोगकर्ता अनुभव पर बल देते हुए हितधारक प्रतिक्रिया एकीकरण का आह्वान किया। डॉ. मिश्र ने डीआईसीडीएल, डीआईएसीएल, एनएचएआई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे, भीमनाथ-धोलेरा फ्रेट रेल लिंक, अहमदाबाद-धोलेरा सेमी-हाई-स्पीड रेल लाइन, धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। श्री मिश्र ने धोलेरा के एक वैश्विक मानक स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकास के लिए गुजरात सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने समय पर परियोजना पूरी होने, कुशल कार्यबल की उपलब्धता और मजबूत योजना के महत्व पर बल दिया। डॉ. मिश्र ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख पहल राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने श्री टी. रामचंद्रन, सचिव, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों, गुजरात समुद्री बोर्ड, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणऔर भारतीय रेलवे के अधिकारियों साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। श्री मिश्र ने इस बात पर बल दिया कि एनएमएचसी को भारत के समुद्री अतीत के प्रति एक विद्वत्तापूर्ण श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने गहन शोध, शैक्षिक सहयोग और एक सुविचारित योजनाबद्ध आगंतुक अनुभव के महत्व पर बल दिया। श्री मिश्र ने स्थानीय प्रजातियों के वृक्षारोपण और जल प्रबंधन प्रणालियों सहित पर्यावरण स्थिरता उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने एनएमएचसी के अद्वितीय पैमाने और महत्व पर प्रकाश डाला तथा हड़प्पा सभ्यता से लेकर अब तक भारत की समुद्री विरासत का उल्लेख करने वाली कलाकृतियों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. मिश्र ने छह दीर्घाओं सहित चरण एआई निर्माण का भी निरीक्षण किया और अगस्त 2025 तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया। डॉ. मिश्र के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी श्री तरुण कपूर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और प्रधानमंत्री कार्यालय के उप सचिव श्री मंगेश घिल्डियाल भी उपस्थित थे।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले में रेलवे ट्रैक के किनारे युवक की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मृतक की पत्नी कुलफसा ही उसकी कातिल निकली। उसने अपने प्रेमी और पति के चचेरे भाई मोहम्मद खालिद के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया। जीआरपी ने 72 घंटे में हत्याकांड को सुलझाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 13 जून को रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बड़ौदा गांव निवासी 26 वर्षीय साजिद के रूप में हुई। घटनास्थल पर चाकू और डंडा भी बरामद हुआ था। घटना रेलवे क्षेत्र में होने के कारण मामला जीआरपी के अधीन आया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर उसे अस्पताल भिजवाया। शव को जींद से खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। हत्या की गुत्थी तब सुलझी जब घटनास्थल के आसपास की मोबाइल लोकेशन जांची गई। घटनास्थल पर कुलफसा और मोहम्मद खालिद दोनों के मोबाइल की लोकेशन एक ही मिली।

# आज का राशिफल

**मेष :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है।

**सिंह :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**वृश्चिक :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन :** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**विमान हादसा** | सिविल अस्पताल के एडिशनल सिविल सुपरिडेंट रजनीश पटेल ने खुद इसकी जानकारी दी

# अब तक 87 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान हुआ

- **47 लोगों के शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है**

**एजेंसी**

**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद सिविल अस्पताल में अपने परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों की पहचान के लिए लाइनें लगी हैं। पिछले दो दिन से अस्पताल ने शवों की पहचान करने की प्रक्रिया भी तेज की है। अब तक 90 के करीब लोगों की पहचान डीएनए सैंपल के मिलान से की जा चुकी है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के एडिशनल सिविल सुपरिडेंट रजनीश पटेल ने खुद इसकी जानकारी दी।

विमान हादसे के बाद शवों की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित होने के कारण पहचान में मुश्किलें आ रही थीं, जिससे डीएनए टेस्ट की जरूरत पड़ी। डॉक्टर रजनीश पटेल ने सोमवार को बताया कि अस्पताल में आए शवों में से 92 शवों के डीएनए सैंपल मैच हो चुके हैं। इनमें कुछ समान थे, जिन्हें हटाया गया और 87 डीएनए फाइनल किए गए। बता दें कि इनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं, जिनकी पुष्टि रविवार को डीएनए सैंपल के जरिए की गई।

डॉक्टर ने बताया कि अब तक 47 लोगों के शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है। अभी भी 13 परिवार ऐसे हैं जो अपने प्रियजनों के अंतिम दर्शन और उनके शवों की सुपुर्दगी का इंतजार कर रहे हैं। डॉक्टर रजनीश पटेल के मुताबिक, अभी तक गुजरात के अहमदाबाद, खेड़ा, बोटाद, मेहसाणा, भरूच, अरावली, आणंद, जूनागढ़, महीसागर और गांधीनगर के परिवारों को उनके सदस्यों की डेड बॉडी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों के कंफर्मेशन की प्रक्रिया में 12 परिवारों के लोग हैं। अपने परिजन के शव के बारे में जानकारी लेने वाले 11 लोग यहां मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रशासन लगातार पीड़ित परिवारों से संपर्क में है।



## जांच में शामिल हुए ग्लोबल एक्सपर्ट्स

**अहमदाबाद।** भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की अहमदाबाद विमान हादसे की जांच करने में मदद के लिए उच्च स्तरीय इंटरनेशनल एविएशन इन्वेस्टिगेटर्स और बोइंग के प्रतिनिधि अहमदाबाद पहुंच गए हैं। अहमदाबाद विमान हादसे में क्रू समेत 241 लोगों की मृत्यु हो गई थी। कई सूत्रों के हवाले से बताया गया कि जांच प्रतिनिधिमंडल में यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड, फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) के अधिकारी शामिल हैं।

# ईरान ने अमेरिकी दूतावास पर ही दनादन दागी कई मिसाइलें

## डोनाल्ड ट्रंप अंजाम भुगतने की धमकी देते रह गए

**नई दिल्ली । एजेंसी**

अमेरिका की तमाम धमकियों के बाद भी ईरान पीछे हटने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक वो इजरायली हमले का पलटवार कर रहा है। तेल अवीव में ईरानी मिसाइल हमलों के कई वीडियो भी सामने आ रहे हैं। लेकिन बड़ी बात ये है कि अमेरिकी की चेतावनी के बाद भी ईरान के मिसाइल हमले में तेल अवीव स्थित अमेरिकी दूतावास को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुले तौर पर धमकी दी थी कि अगर ईरान ने अमेरिका पर किसी भी प्रकार का हमला किया तो अमेरिका का जवाब ऐसा होगा कि दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा। ट्रंप ने ये भी स्पष्ट किया था कि इजरायल के हालिया हमले में अमेरिका की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। लेकिन अगर अमेरिका को निशाना बनाया गया तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे।



### दूतावास पर हमला अमेरिकी राजनयिक मिशनों के लिए खतरा

अमेरिकी दूतावास के पास मिसाइल हमला क्षेत्र में अमेरिकी राजनयिक मिशनों के लिए पहला सीधा खतरा है, क्योंकि इजरायल और ईरान के बीच शत्रुता बढ़ गई है। ईरान ने सोमवार को तड़के इजरायल पर मिसाइल हमलों की एक नई लहर चलाई, जिससे पूरे देश में हवाई हमले के सायरन बजने लगे, जबकि आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि क्षेत्रीय दुश्मनों के बीच खुले युद्ध के चौथे दिन कम से कम पांच लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसमें कोई कमी नहीं दिख रही थी। ईरान ने घोषणा की कि उसने करीब 100 मिसाइलें दागी हैं और अपने सैन्य और परमाणु ढांचे पर इजरायल के व्यापक हमलों के लिए आगे भी जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है, जिसमें पिछले शुक्रवार से देश में कम से कम 224 लोग मारे गए हैं। ईरान ने सोमवार तड़के इजरायल पर मिसाइल हमलों की एक नई लहर चलाई।

## यूक्रेन युद्ध में 6,000 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत: ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय

**सोल।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई में उत्तर कोरिया के 6,000 से अधिक सैनिकों के हताहत होने का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने रविवार को 'एक्स' पोस्ट पर यह आकलन साझा किया। मंत्रालय का यह आकलन अप्रैल की शुरुआत में रूस के पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में 5,000 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिकों के हताहत होने के अनुमान के दो महीने बाद आया है। मंत्रालय ने कहा, "कुल हताहतों की संख्या कुर्स्क क्षेत्र में शुरू में तैनात किए गए लगभग 11,000 डीपीआरके सैनिकों के आधे से ज्यादा है। डीपीआरके उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है, जिसका मतलब है- डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया। मंत्रालय के अनुसार अब तक युद्ध में उत्तर कोरिया की कार्रवाई कुर्स्क क्षेत्र तक ही सीमित रही है।

## यूपी में शख्स ने लाश से रचाई शादी, पंडित ने पढ़ा विवाह का मंत्र


**महाराजगंज** ।यूपी के महाराजगंज जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने एक मृत युवती से शादी की है। यहां युवती के अंतिम संस्कार के लिए आए पंडित ने शादी का मंत्र पढ़ा और उसके बाद शव को अग्नि दी गई। पूरा मामला जिले के निचलौल इलाके का है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती के बीच कई सालों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। दोनों के परिवार वाले शादी के लिए राजी हो गए थे। इसी साल दोनों की शादी होने वाली थी। हालांकि युवती ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पारिवार के लोगों के मुताबिक निचलौल के कृष्णा नगर वार्ड की रहने वाली प्रियंका मद्धेशिया (23) और हरेडीह निवासी सनी मद्धेशिया (29) कई सालों से एक-दूसरे से प्यार करते थे।

# कहो मोरारी! ई का कइला सूतक में बाबा के धइला

कथा 14 जून को शाम 4 बजे से शुरु हुआ, 22 जून को खत्म होगा

- **मोरारी बापू को जब पिता के स्वर्गवास की सूचना मिली तो उन्होंने श्राद्ध किया और सूतक का पालन भी : स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती**

**ब्यूरो**



**वाराणसी** । गुजरात के प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू की पत्नी नर्मदाबेन का बीते बुधवार 11 जून 2025 को गुजरात के ही भावनगर जिले के तलगाजरडा गांव में निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थीं। और मोरारी बापू अपने इस सूतक काल में काशी में राम कथा कहने आये तो 14 जून को काशी विश्वनाथ का स्पर्श दर्शन किया । इसको लेकर काशी के विद्वानों ,धर्म- कर्मकांडियों , बुद्धिजीवियों ने नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। मोरारी बापू के सूतक में कथाववाचन व विश्वनाथ धाम में दर्शन मामले पर विशेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने कहा कि धर्मसिंधु के अनुसार कोई भी हो सात पीढ़ी तक सूतक लगता ही है। वैष्णव, शैव व शाक्त से कोई मतलब नहीं होता है। निर्णय सिंधु व धर्मशास्त्र के अनुसार सभी के लिए सूतक के नियमों का पालन जरूरी है। मसान पर जाने मात्र से ही सूतक लग जाता है। काशी की वैष्णव पीठ गोपाल मंदिर के शास्त्री विश्वंभर पाठक ने बताया कि जनना और मरणा का शौच सभी को लगता है। अगर हम सनातन धर्म में है तो सूतक का पालन करना जरूरी है। चाहे वह संत हो, शैव हो या वैष्णव। सूतक के दौरान तो मंदिर में प्रवेश वर्जित होता है। 16 दिनों तक सूतक की विधियों का पालन करना जरूरी है। इस बारे में अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मोरारी बापू कथा के नाम पर कितना पाखंड फैलाएंगे। वह जिन भगवान राम की कथा सुना रहे हैं, जब उनको अपने पिता के स्वर्गवास की सूचना मिली तो उन्होंने श्राद्ध किया और सूतक का पालन भी। धर्मशास्त्रों के अनुसार राजा, योगी, यति और ब्रह्मचारी को सूतक नहीं लगता है। मोरारी बापू बताएं कि वह इन चारों में से किस श्रेणी में आते हैं? रामकथा के यजमान भी ऐसे कथावाचक से रामकथा कराकर काशी में अपने नाश को आमंत्रण दे रहे हैं। अपने मंच से अल्लाह हो अकबर की धुनी रमाने वाले सनातन धर्म पर ज्ञान न दें। वहीं, मोरारी बापू के बाबा विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन के बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों ने विरोध जताया।

काशी के हास्य कवि दमदार बनारस ने लिखा कि कहो मुरारी ! ई का कइला सूतक में बाबा के धइला...। ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने लिखा कि 11 जून को पत्नी का निधन, 14 जून से काशी में मानस सिंदूर के रूप में रामकथा करेंगे। सूतक में रहने के बावजूद काशी विश्वनाथ का दर्शन। क्या ऐसे ही होते हैं सनातन धर्म के आचार्य? काशी विद्वत परिषद के संगठन मंत्री प्रो. विनय पांडेय ने कहा कि मोरारी बापू ने जो कृत्य किया है उसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है।

### 2021 में सूतक में अर्चक ने कराई थी मंदिर में पूजा तो मिली सजा

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सूतक में पूजन कराने का मामला 2021 में भी हो चुका है। मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र ने विश्वनाथ धाम के लोकार्पण में 13 दिसंबर 2021 को पूजन करा दिया था। उनको एक साल के लिए चंदौली भेज दिया गया था। हम वैष्णव परंपरा से हैं हम वैष्णव साधु हैं। हम पर यह नियम लागू नहीं होता। हम न क्रिया करते हैं और ना उत्तर क्रिया करते हैं। भगवान का भजन करना और कथा करना इसमें सुकून है ना कि सूतक में। विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के जवाब में कहा कि हम तो देखो दर्शन करके आए हैं। - मोरारी बापू, कथावाचक इस तरह श्रीरामकथा वाचक संत मोरारी बापू 14 जून को काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए पहुंचे। उन्होंने विधिपूर्वक बाबा विश्वानाथ के दरबार में अर्जी लगाई और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया है। मोरारी बापू काशी में मानस सिंदूर सुनाने पहुंचे हैं। उन्होंने इस बार अपनी अपनी रामकथा का ये शीर्षक ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर रखा है।ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित प्रचार कड़ी में उन्होंने इसका नाम मानस सिंदूर दिया है और यह 14 जून को शाम 4 बजे से शुरू हुआ, 22 जून को ख़त्म होगा। मोरारी बापू अपनी 958वीं रामकथा काशी काशी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कर रहे हैं।

14 जून को बाबा विश्वनाथ के दर्शन के दौरान उन्होंने नव्य व भव्य काशी विश्वनाथ धाम को निहारते हुए कहा कि यह अद्भुत। यहां आकर वो आत्मविभोर हो गए और उनका चित आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम की प्रशंसा करते हुए कि यह सिर्फ कोई आध्यात्मिक स्थल नहीं बल्कि सनातन धर्म में आस्था का विराट स्वरूप है। मोरारी बापू ने कहा कि "यह मेरा सौभाग्य है कि काशी में कथा सुनाने के बहाने मुझे बाबा के साक्षात दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए जीवन की सबसे विशेष और पावन अनुभूतियों में से एक है।

## हरदोई में युवती ने पेट्रोल पंप कर्मचारी पर तानी रिवॉल्वर, मुकदमा दर्ज

**हरदोई** । उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब सीएनजी को लेकर हुए विवाद में एक युवती ने पेट्रोल पंप कर्मचारी पर रिवॉल्वर तान दी। यह घटना बिलग्राम कस्बे से दो किलोमीटर दूर सांडी रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप की है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया।

# ये जो किराए के टट्टू हैं, छोड़िए उन्हें खालिस्तानियों पर बोलें हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली । एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा से पहले उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों को किराए का टट्टू करार देते हुए कहा कि उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री से मोदी की यात्रा से पहले कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के वीडियो के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया, "उसे छोड़ो... एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिखाया गया है कि पड़ोसी देश (पाकिस्तान) से फंडिंग पाने वाले लोग फंड न मिलने पर उनके (पाकिस्तान) खिलाफ धरना दे रहे हैं... देखिए ये जो किराए के टैटू जो हैं ना, उन्हें गंभीरता से मत लीजिए। रविवार को कनाडा में खालिस्तानी बैनर लिए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने मोदी की कनानास्किस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की यात्रा के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन किया।

# मतदाता को पीड़ित और दूसरे लोगों को दोषी बताने की राजनीति हो रही : रघुराम

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की एक नई पुस्तक आई है 'द कॉस्ट्स ऑफ विक्टिमोमिक्स'। उन्होंने इसमें लिखा है कि राजनेता कैसे मतदाताओं को पीड़ित बताकर बाहरी लोगों को दोषी ठहराकर और उनकी सफलता को सीमित करके वोट पाते हैं। जिससे देश का भविष्य खतरे में पड़ जाता है। राजन ने अपनी किताब में भारतीय आरक्षण की राजनीति और डोनाल्ड ट्रंप की द्वारा विदेशी छात्रों पर किए जा रहे हमलों की आलोचना करते हुए भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि लोकलुभावनवाद हानिरहित नहीं है। यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा को कमजोर कर रहा है। राजन के अनुसार, आजकल सबसे आसान राजनीतिक रणनीति है कि दुखी मतदाताओं को बताया जाए कि वे पीड़ित हैं।राजन का कहना है कि इस रणनीति में लोगों में नाराजगी पैदा की जाती है। उन्हें सुरक्षा का वादा किया जाता है। बदले में उनसे कुछ भी नहीं मांगा जाता है। लेकिन, मतदाताओं की इसकी कीमत चुकानी पड़ती है जो लंबी अवधि में और भी ज्यादा है। उन्होंने लिखा है कि भारत में स्थानीय राजनेता तेजी से बढ़ते शहरों में स्थानीय लोगों के लिए जॉब कोटा की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि बाहरी लोग ऊंची क्वालिटी वाले निजी क्षेत्र की भूमिकाएं ले रहे हैं। राजन का कहना है कि यह उनकी अधिक योग्यता को दर्शाता है।राजन चेतावनी देते हैं कि अवसर को सीमित करने से फर्म की उत्पादकता कम होती है। उन्होंने लिखा है, 'फर्म के ऊपरी स्तरों को कम प्रतिभावान स्थानीय लोगों से भरने से उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है।' इसका नतीजा यह होता है कि व्यवसाय सिकुड़ते हैं। ट्रांसफर होते हैं या ढह जाते हैं। इससे स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां भी खत्म हो जाती हैं।

राजन ने अमेरिका व ट्रम्प पर लिखा है कि समुद्र पार भी यही कहानी चल रही है। राजन ने डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव की आलोचना की है जिसमें उन्होंने अमेरिका के बेहतरीन विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों को 15% तक सीमित करने की बात कही है। यह पहले 31% था। ट्रंप का दावा है कि अमेरिकी छात्रों को बाहर किया जा रहा है। राजन इसे आत्म-विनाश बताते हैं। उन्होंने लिखा, 'ऐसी नीति स्थायी नुकसान कर सकती है।' विदेशी छात्र अनुसंधान और नवाचार की ओर ले जाते हैं। उन्हें सीमित करने से अमेरिकी विश्वविद्यालयों का पतन होगा। अमेरिका की वैश्विक बढ़त भी कम हो जाएगी।ट्रंप के आईफोन मैन्युफैक्चरिंग को घर वापस लाने के प्रयास की भी राजन ने आलोचना की है। राजन बताते हैं कि ऐपल को अमेरिका में मैन्यूफैक्चर करने के लिए मजबूर करने से लागत बढ़ेगी। वैश्विक मांग में गिरावट आएगी। ऐप स्टोर जैसे प्लेटफार्मों से सर्विस रेवेन्यू भी खत्म हो जाएगा। इसका परिणाम यह होगा कि ऐपल कमजोर होगी। अर्थव्यवस्था में भी गिरावट आएगी। इसके बजाय राजन नेताओं से ऊपर उठने की अपील करते हैं। उन्होंने सिंगापुर को स्पष्टता के मॉडल के रूप में पेश किया। जब माता-पिता ने शिकायत की कि ऊंची उपलब्धि प्राप्त करने वाले चीनी छात्र स्थानीय छात्रों से आगे निकल रहे हैं तो एक मंत्री ने जवाब दिया- '15 वर्षों बाद जब आपके बच्चों को नौकरी मिल जाएगी तो क्या आप चाहेंगे कि ये चीनी बच्चे उनके पक्ष में प्रतिस्पर्धा करें, क्योंकि वे यहीं पले-बढ़े हैं, या उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करें?' इसके बाद शिकायतें बंद हो गईं।राजन का संदेश स्पष्ट है: पीड़ित राजनीति चुनाव जीत सकती है। लेकिन, सबसे चतुर देश प्रतिभा के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, न कि इसे सीमित कर रहे हैं।

## भारतीय तटरक्षक बल को मिला नया फास्ट पेट्रोलिंग जहाज 'अचल'



**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में सोमवार को एक नया जहाज शामिल हुआ है। तटरक्षक बल का यह जहाज 'अचल' एक पेट्रोलिंग जहाज है। 'अचल' का मुख्य उद्देश्य समुद्री सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण और समुद्र में गश्त करना है। यह पोत विशेष रूप से अपतटीय परिसंपत्तियों और द्वीपीय क्षेत्रों की सुरक्षा में सहायक होगा। यह पोत विभिन्न और महत्वपूर्ण उपकरणों से सुसज्जित है। भारतीय तटरक्षक बल के नए पोत 'अचल' में स्वदेशी निर्माण की बड़ी झलक दिखाई देती है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल का यह पोत 52 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा है। इस आधुनिक पोत का वजन 320 टन है। इसमें सीपीपी-आधारित प्रणोदन प्रणाली लगी है। इस प्रणाली के कारण यह पोत अधिकतम 27 नॉट्स की गति प्राप्त कर सकता है।

# एमआई6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार महिला प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) एमआई6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार एक महिला इसके प्रमुख के रूप में नियुक्त की गई हैं। ब्लेज मेट्रेवेली इस साल के अंत में सर रिचर्ड मूर का स्थान लेंगी और 18वीं प्रमुख बनेंगी। वह 1999 में इस संगठन में शामिल हुई थीं। ब्लेज मेट्रेवेली वर्तमान में एमआई6 में प्रौद्योगिकी और नवाचार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। यह ऐतिहासिक नियुक्ति एक ऐसे समय में हो रही है जब इन खुफिया सेवाओं का काम पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। एमआई6 ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी है, जिसका काम विदेशी धरती पर खुफिया जानकारी जुटाकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके मुख्य कार्यों में आतंकवाद को रोकना, शत्रु देशों की गतिविधियों को बाधित करना, और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना शामिल है। इसका प्रमुख आमतौर पर "सी" के नाम से जाना जाता है। "सी" विदेश सचिव को रिपोर्ट करता है और जॉइंट इंटेलिजेंस कमेटी का हिस्सा होता है, जिसमें अन्य विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होते हैं। यह समिति खुफिया रिपोर्ट प्राप्त करती है, चल रही स्थितियों का विश्लेषण करती है और प्रधानमंत्री को सलाह देती है।




# जनपथ के कपड़ों को हाई रेट में बेच रही हैं नुपुर सेनन



कहानी फिल्म जगत की

कृति सेनन पिछले कुछ सालों में सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्रियों और उद्यमियों में से एक बन गई हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि प्रशंसक उनकी बहन नुपुर सेनन के उद्यमी कौशल से उतने खुश नहीं हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अभिनेत्री-व्यवसायी महिला अपने उत्पादों की कीमत अनुचित दरों पर रख सकती हैं। नुपुर कपड़ों की लाइन लेबल नोबो की संस्थापक हैं, जो हाल ही में उन कारणों से चर्चा में आई है, जिनके बारे में शायद सेनन बहनों ने नहीं सोचा होगा। अधिकांश लोगों को मुख्य समस्या कीमतों को लेकर थी। वेबसाइट पर, सबसे सस्ती ड्रेस भी लगभग 7,000 रुपये में है।

### बहन नुपुर कपड़ों की 'बेतुकी' कीमत के लिए ट्रोल की गईं

रिडीट यूज़र्स ब्रांड को ट्रोल कर रहे हैं क्योंकि वे यह बताने में असमर्थ हैं कि "बेसिक" दिखने वाले कपड़ों की इतनी ज्यादा कीमत क्यों है। एक व्यक्ति ने लिखा, "मुझे लगता है कि उसका ब्रांड नाम अधूरा है क्योंकि वह स्पष्ट रूप से लेबल लिखना भूल गई है। कोई भी मुझसे यह ज़्यादा कीमत वाली फ़ास्ट फ़ैशन वाली चीज़ नहीं खरीदेगा।" दूसरे ने कहा, "अपनी बहन के नाम के लिए भी कौन इन कीमतों पर खरीदने जा रहा है?" दूसरे ने लिखा, "वह लोगों को धोखा दे रही है।

# राष्ट्र विरोधी बयान दे रहे झामुमो के प्रवक्ता : मनोज सिंह

**तुष्टीकरण से पॉपुलेशन हैकिंग तो झामुमो-कांग्रेस के डीएनए में**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने आज झामुमो महासचिव प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा पर झामुमो का बयान सिर्फ असंवैधानिक और अमर्यादित टिप्पणी ही नहीं बल्कि झामुमो ने राष्ट्र विरोधी बयान दिया है। कहा कि प्रधानमंत्री जब विदेश जाते हैं तो वे पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधिधित्व करते हैं। आज अनेक राष्ट्र प्रधानमंत्री जी को अपने राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर रहे जिससे देश का सम्मान बढ़ रहा।आज भी साइप्रस ने अपने सर्वोच्च सम्मान से प्रधानमंत्री जी को सम्मानित किया है। लेकिन झामुमो इतनी छोटी मानसिकता से ग्रसित है कि उसे इसमें गर्व महसूस नहीं होता। कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत कंज्यूमर नेशन नहीं बल्कि दुश्मन के घर में घुसकर मारने वाला स्ट्रांग नेशन बना है। विश्व की तीसरी अर्थव्यव्स्था बनने की ओर अग्रसर है। कंज्यूमर नेशन तो कांग्रेस ने बनाकर रखा था। कहा कि जनगणना के संबंध में बयानबाजी की झामुमो अपनी नासमझी को उजागर कर रहा। एक तरफ सरकारी कार्य अब तेजी से डिजिटल हो रहे। बैंकों के लेनदेन से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से भ्रष्ट्राचार मुक्त तरीके से धरातल पर उतर रहा। झारखंड की सरकार भी योजनाओं को डिजिटल रूप में नीचे तक पहुंचा रही। कोविड काल में तो भारत ने डिजिटल क्रांति का ऐसा नमूना पेश किया कि दुनिया चकित रह गई। टीकाकरण के साथ ही डिजिटल सर्टिफिकेट मिलना यह अमेरिका जैसे विकसित देश में भी संभव नहीं हो पाया था जिसे भारत ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सफलता पूर्वक पूरा किया। कहा कि जनगणना की अभी अधिसूचना जारी हुई है और झामुमो की बौखलाहट सामने आने लगी। इनकी चिंता स्वाभाविक है। कहा कि कोविड टीकाकरण पर भी झामुमो ने खूब दुष्प्रचार किए थे लेकिन जनता की स्वीकृति के आगे इनकी एक भी नहीं चली। बाद में झामुमो के नेता टीका भी लगवाने लगे और अपने नाम का श्रेय भी लेने लगे।

**मंत्री दीपिका पांडे ने ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री का किया दौरा, कहा**

# महिलाओं के जीवन में आ रहा है सकारात्मक बदलाव

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने सोमवार को खेलगांव स्थित ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री लिमिटेड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक मंजिल और विभाग का दौरा किया और संचालन एवं उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित डीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी सेवाएं दे रही महिलाओं से मुलाक़ात की। इस दौरान झारखंड के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई।

मौके पर मंत्री ने कहा कि ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री लिमिटेड और जेएसएलपीएस के पहल महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। इन महिलाओं के आत्मविश्वास और समर्पण ने यह स्पष्ट कर दिया कि सही अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण प्रतिभाएं किसी से पीछे नहीं। मंत्री ने कई कर्मचारियों के साथ-साथ कई महिलाओं के साथ बातचीत की। इस दौरान 20 से अधिक कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत सफलता की कहानियां साझा की।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन, ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री लिमिटेड के सीएमडी सुधीर ढींगरा, वीपी निशा तोमर, सीनियर जीएम सस्टेनेबिलिटी अर्चना मान समेत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल गंगवार से मिला समता युवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

- **रांची में रेलवे जोनल कार्यालय खोलने की मांग**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर रेलवे से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया गया। संदीप नागपाल ने राज्यपाल को रांची में रेलवे जोनल कार्यालय खोले जाने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर रांची में जोनल कार्यालय स्थापित किया जाता है तो झारखंड के लोगों को रेलवे से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान मिल सकेगा।

इसके साथ ही रांची से देहरादून के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की वर्षों पुरानी मांग को भी दोहराया गया। साथ ही रांची से पारसनाथ के लिए सीधी ट्रेन की मांग की गई और पारसनाथ को एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किए जाने का आग्रह किया गया।

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि वे संबंधित सांसदों एवं मंत्रियों से आग्रह करेंगे कि इस दिशा में आवश्यक पहल करें। उन्होंने सुझाव दिया कि समता युवा संघ रेलवे जोनल कार्यालय से संबंधित एक औपचारिक मांग पत्र राज्य प्रशासन और केंद्रीय मंत्रालय को भी भेजे ताकि इस पर उचित कार्यवाही हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार बिहार और कोलकाता में रेलवे के जोनल कार्यालय हैं, उसी प्रकार झारखंड की राजधानी रांची में भी जोनल कार्यालय होना न्यायोचित है। उन्होंने इससे जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी ली और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान हाल ही में हुए एक हवाई दुर्घटना में 242 यात्रियों की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अतिरिक्त राज्य की विधि-व्यवस्था एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर राकेश जैन, संदीप नागपाल, श्रीराम सिंह एवं राहुल शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## विशेष समिति की बैठक में नहीं शामिल हुए अधिकारी

**रांची।** धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं झरिया के भौरा में बीसीसीएल क्षेत्र 10 एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा ज़बरन ओबी डंप किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित "विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण)" की विभागीय बैठक सोमवार को समिति कक्ष में आयोजित हुई।

समिति ने मामले से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया जाना था परंतु विभागों के वरीय पदाधिकारियों के बैठक में नहीं आने के कारण बैठक नहीं हो पाई। समिति के संयोजक मथुरा महतो ने समिति शाखा को निर्देशित किया है कि बैठक में सचिव स्तर के पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने की सूचना झारखंड विधान सभा अध्यक्ष सहित मुख्य सचिव झारखंड सरकार को दे दी जाए। विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) की बैठक में विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, सदस्य अरूप चटर्जी, सदस्य राज सिन्हा, सदस्य उमाकांत रजक एवं सदस्य चंद्रदेव महतो के साथ-साथ रंजीत कुमार संयुक्त सचिव, अनूप लाल, उप सचिव झारखंड विधानसभा उपस्थित रहे।

**ग्रामीण एसपी ने की क्राइम मीटिंग, कहा**

# जनता व पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाया जाए




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने सोमवार को थाना प्रभारी और डीएसपी के साथ क्राइम मीटिंग की। मीटिंग के दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाया जाए। साथ ही जनता के साथ पुलिस के अच्छे रिश्ते थाना स्तर पर ग्रामीणों के साथ इस लिए बैठक करने को कहा गया है। ग्रामीण एसपी ने मई या उससे पहले हुए अपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। मामलों के अनुसंधान को तेजी से निष्पादन करने का निर्देश भी गया है क्राइम कंट्रोल को लेकर बैठक में ग्रामीण एसपी ने कड़े निर्देश दिए है। जेल से छूटने वाले अपराधियों पर नजर रखे। महिला सुरक्षा व बच्चों के मामले में थाना प्रभारी गंभीरता से कार्रवाई करें।

# महिला आयोग का नहीं होना खुद एक अपराध है : राफिया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करने वाले सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक मंच राज्य महिला आयोग का गठन अब तक नहीं हो पाया है। यह न केवल एक प्रशासनिक विफलता है, बल्कि सरकार की महिलाओं के प्रति सोच को भी बेनकाब करता है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि अब यह पूरी तरह साफ हो गया है कि सरकार महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों के मुद्दों को लेकर कतई गंभीर नहीं है। राफिया नाज़ ने कहा कि वर्ष 2020 में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक आयोग का पुनर्गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, यह साफ संकेत है कि सरकार की नीयत में ही खोट है। महिला आयोग का गठन न होने के कारण झारखंड की हजारों महिलाएं आज न्याय से वंचित हैं। यह आयोग महिलाओं को एक ऐसा मंच देता है, जहाँ वे बिना डर और भेदभाव के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं, और त्वरित कार्रवाई की मांग कर सकती हैं। यह न सिर्फ एक सलाहकार निकाय होता है, बल्कि इसमें जांच कराने, रिपोर्ट पेश करने और सरकार से जवाबदारी तय करने की संवैधानिक शक्तियाँ भी निहित होती हैं। राफिया नाज़ ने बताया कि आयोग के अभाव में आज 5,200 से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह और कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा, "इन हजारों पीड़िताओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही, और उनकी फाइलें सरकारी दफ्तरों में धूल खा रही हैं। क्या यही महिला सम्मान और सुरक्षा का झारखंड मॉडल है?

# शैडो डीजीपी से स्पष्टीकरण मांग रहा झारखंड का गृह विभाग : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर डीजीपी को लेकर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता अब न अखिल भारतीय सेवा में हैं, ना सस्पेंड हो सकते हैं, ना उनपर कोई विभागीय कार्रवाई लागू होती है, ना तो उन्हें वेतन मिल रहा है कि मुख्यमंत्री उनका वेतन रोक सकते हैं। आज झारखंड की पुलिस व्यवस्था शैडो डीजीपी के हाथों में है। झारखंड इतिहास रच रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के सारे तुगलकी आदेश वही दे रहे हैं। सिपाहियों तक की ट्रांसफ़र-पोस्टिंग कैसे ले-देकर हो रही है? पता कर लीजिये। कोई नहीं बताये तो हमें कॉल करियेगा, विस्तार से सब बता देंगे। कहा कि 10 जून को 8 आईपीएस अधिकारियों को डीजीपी पद पर बैठे असंवैधानिक व्यक्ति ने असंवैधानिक तरीके से अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया तो इसमें हैरान होने वाली क्या बात है? बिना यूपीएससी की सूची में नाम वाले व्यक्ति ने बिना मुख्यमंत्री की स्वीकृति, और बिना किसी विधिक अधिकार के ये सब कर दिय तो क्या बुरा किया? कहा कि सुनने में आया है कि अब गृह विभाग ने उसे रद्द कर "स्पष्टीकरण" मांगा है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं : मरांडी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक किसान मोर्चा पहुंचाए। वर्तमान में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियानके तहत कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं बाजार से जुड़ने के नए विकल्पों की जानकारी दी जा रही है। वे सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक विकास का एजेंडा नहीं, बल्कि हर भारतीय के सपनों और अधिकारों का प्रतिबिंब है। विकसित भारत मतलब हर गांव, हर शहर, हर घर में खुशियाली, समृद्धि और समान अवसर प्राप्त हो। यह संकल्प है कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में हो - आत्मनिर्भर, समृद्ध और सक्षम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने ऐसा भारत रखने का सपना देखा है, जहां कृषि, उद्योग, विज्ञान, तकनीक सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हो और देश का प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में अवसरों से सशक्त हो।

### 'पांच प्रण' और '11 संकल्प' को धरातल पर उतारे मोर्चा : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत के लिए प्रस्तुत पांच प्रण देश को प्रगति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। 11 संकल्प जैसे - कर्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, कानून के शासन का सम्मान, महिला नेतृत्व में विकास, वंशवादी राजनीति का अंत, आरक्षण की सुरक्षा आदि, भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के दृढ़ संकल्प हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है : संजय सेठ



**रांची।** रांची महानगर द्वारा आयोजित संकल्प सभा सुखदेव नगर मंडल एवं धुर्वा मंडल में आयोजित की गई इस संकल्प सभा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची के विधायक सीपी सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी को संकल्प दिलाया एवं अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रप्रथम के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुए। अपने संबोधन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा विकसित भारत को समर्पित मोदी सरकार की उपलब्धियां मोदी सरकार आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के साथ, भारत को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना से काम कर रही है। आतंक के मुद्दे पर हमने जीरो टॉलरेंस की नीति रखी। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट काल में युद्धग्रस्त देश से नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिशन नहीं है यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। 11 वर्षों की यात्रा सिर्फ मोदी जी ने नहीं की है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साथ लेकर, उसे पूर्ण करने को समर्पित रही यात्रा है और यह संकल्प की सिद्धि तक जारी रहेगी। भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। रक्षा क्षेत्र में हमें नई ऊंचाई मिली है। मौके पर बलराम सिंह, ओमप्रकाश पंडे, उमेश यादव, रमेश सिंह, अमित कुमार, ललित ओझा, हरेंद्र सिंह, शिव जी सिंह, दीपक लोहरा, वीणा मिश्रा, चंदन पटेल सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थिति थे।

### एलजेपी(आर) के विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव बने अवनीश रंजन मिश्र



**रांची।** अवनीश रंजन मिश्रा को लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के विधि प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। इस आदेश विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुलदीप चौहान ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अनुमति से अवनीश रंजन मिश्र को विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप चौहान ने कहा है कि हमें विश्वास है कि अवनीश रंजन मिश्र के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। इससे पहले अवनीश रंजन पहले विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव थे।

### डुमरी आत्महत्या कांड : आजसू ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र

**रांची।** गिरिडीह जिला अंतर्गत डुमरी प्रखंड के बलथरिया पंचायत के पंचायत सेवक सुखलाल महतो की आत्महत्या मामले में आजसू नेता संजय मेहता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को पत्र लिखकर न्याय की मांग की है। संजय मेहता ने आयोग के अध्यक्ष के नाम अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह मामला न सिर्फ मानवाधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा है, बल्कि कार्यस्थल पर सरकारी पदाधिकारियों द्वारा किए गए मानसिक उत्पीड़न का गंभीर उदाहरण भी है। उन्होंने बताया कि मृतक सुखलाल महतो ने आत्महत्या के पूर्व लिखे पत्र में डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) समेत तीन अन्य अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना और सार्वजनिक अपमान के गंभीर आरोप लगाए थे। संजय मेहता ने आशंका जताई है कि चूंकि यह मामला सरकार और सरकारी पदाधिकारियों से जुड़ा है, इसलिए तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है, और सरकारी मशीनरी द्वारा सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा कि "यहाँ तो मुंसिफ़ ही चोर है", इसलिए मानवाधिकार आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संजय मेहता ने आयोग को भेजे अपने पत्र में संविधान के अनुच्छेद 21 और यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स के अनुच्छेद 5 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन और अमानवीय व्यवहार से मुक्ति का अधिकार है, और यह घटना इन मूल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। मानवाधिकार आयोग ने संजय मेहता के पत्र पर संज्ञान लेते हुए केस संख्या 14015/IN/2025 के अंतर्गत दिनांक 16 जून 2025 को मामला दर्ज कर लिया है। संजय मेहता ने आयोग से निष्पक्ष जाँच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की माँग की है।

### गौ सेवा के क्षेत्र में चुनौती व संभावनाएं विषय पर कार्यशाला 19 जून से



**रांची।** गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन पशुपालन भवन, हेसाग में किया जाएगा। गुरुवार को कार्यशाला का उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में विभागीय सचिव अबु बकर सिद्दीख एवं निदेशक, पशुपालन किरण पासी भी उपस्थित रहेंगे। आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि कार्यशाला में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न राज्यों के वक्ता शामिल होंगे। कार्यशाला की तैयारी को लेकर हेसाग स्थित पशुपालन भवन परिसर में स्टाल भी लगाए जा रहे हैं। जिसमें झारखंड गो सेवा आयोग से निबंधित गौशालाओं के द्वारा संचालित गतिविधियों को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला गायों के संरक्षण एवं संवर्धन के दृष्टिकोण से झारखंड राज्य में नीति निर्धारण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। गो सेवा के महत्व, वर्तमान चुनौतियों एवं संभावनाओं पर देश के प्रख्यात वक्ताओं के विचारों को सुनने एवं समझने का अवसर प्रदान करेगी। जिससे प्रदेश के गो पालक, गौशाला संचालन समितियां एवं इस क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों को लाभ मिलेगा। इस दो दिवसीय कार्यशाला के मंथन से निकलने वाले सकारात्मक विचारों से भविष्य में हमारी गौशालाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। राजीव रंजन प्रसाद सोमवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस अवसर पर आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक, डॉ मुकेश मिश्रा एवं पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडे उपस्थित थे।

### बेड़ो के महादानी मैदान के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा

**रांची।** बेड़ो अंचल अंतर्गत मौजा-बेड़ो में महादानी मैदान की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 17 जून के सुबह 06:00 बजे से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**इजराइल ने तेहरान के आसमान पर...**

को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। इजराइल की आपातकालीन सेवा 'मैगन डेविड एडोम' सेवा ने बताया कि मध्य इजराइल में चार जगहों पर मिसाइल हमलों में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। इसके साथ ही इजराइल में मरने वालों की संख्या कम से कम 17 हो गई है। 'मैगन डेविड एडोम' ने बताया कि बचाए गए 74 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से 30 वर्षीय एक महिला की हालत गंभीर है। बचावकर्मी मिसाइल हमलों में तबाह हुए घरों के मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। इजराइल ने ईरान पर जोरदार मिसाइल हमला किया है। अब तक ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 224 हो गई है। ईरान के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 1,277 लोग घायल हैं, हालांकि उसने यह नहीं बताया कि इसमें आम नागरिक कितने हैं और सैन्य अधिकारी कितने हैं।

**भारतीय सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का...**

को विधिवत जप्त किया गया। साथ ही साथ इनके निशानदेही पर स्टाम्प बना कर उपलब्ध कराने वाले दास साउन्ड नामक दुकान के संचालक आशीष दास को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इनके दुकान से कम्प्यूटर का सीपीयू का विधिवत जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपना अपराध को स्वीकार किया गया है। पुछताछ के क्रम में पता चला कि सर्वेश कुमार सिंह के द्वारा नामकुम मिलिट्री स्टेशन के पदाधिकारियों का कार्यालयी मुहर बनवाए जाते थे साथ ही यह काम उनके द्वारा विगत चार वर्षों से किया जा रहा था। रांची पुलिस द्वारा इस घटना में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की बिंदु पर भी छानबीन की जा रही है।

**हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को जवाब के लिए...**

प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित आदेश को दरकिनार करने और कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया है। यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए जो चयन समिति बनाई है, उसमें एक संघ लोक सेवा आयोग और एक झारखंड लोक सेवा आयोग का नामित सदस्य रखना अनिवार्य है, लेकिन सरकार ने अपने ही इस नियम का अनुपालन नहीं किया। जिस चयन समिति ने डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुराग गुप्ता के नाम की अनुशंसा की, उसकी बैठक में यूपीएससी और जेपीएससी का कोई सदस्य नहीं था।

**आतंकवाद के विरुद्ध समर्थन के लिए...**

मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय 'डिफेंस को-ऑपरेशन प्रोग्राम' के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जाएगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से डायलॉग शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन के हम आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग्स और आर्म्स की तस्करी की रोकथाम के लिए, हमारी एजेंसी के बीच रियल टाइम इंफॉर्मेशन एक्सचेंज का मैकेनिज्म तैयार किया जाएगा। साइप्रस में योग और आयुर्वेद के प्रसार को देखकर हम उत्साहित हैं। भारतीय टूरिस्टों के लिए भी साइप्रस एक पसंदीदा डेस्टिनेशन है। उनके लिए डायरेक्ट एयर कनेक्टिविटी बनाने पर जोर दिया जाएगा। हमने निश्चय किया है कि मोबिलिटी एग्रीमेंट को पूरा करने के लिए जल्द काम किया जाएगा। यूरोपियन यूनियन में साइप्रस हमारा विश्वसनीय पार्टनर है।

उन्होंने कहा कि यूएन को समकालीन बनाने के लिए जरूरी रिफॉर्म्स को लेकर हमारे विचारों में समानता है। साइप्रस द्वारा सिक्योरिटी काउंसिल में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए हम आभारी हैं। पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे कॉन्फ्लिक्ट को लेकर हम दोनों ने चिंता व्यक्त की है। इनका नकारात्मक प्रभाव सिर्फ उन क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। हम दोनों मानते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है, संवाद से समाधान और स्थिरता की बहाली, ये मानवता की पुकार है। भूमध्य सागर क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी हमने बात की। हम सहमत हैं कि इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर से क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

**विनम्रता और कृतज्ञता से स्वीकार करता हूं : पीएम**

**निकोसिया (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति, निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III'' से नवाजा है। पीएम मोदी ने साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार को देश की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, ''ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III सम्मान के लिए मैं आपका (साइप्रस के राष्ट्रपति), साइप्रस सरकार और साइप्रस के लोगों का अभिनंदन करता हूं। ये सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, ये 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। उनके सामर्थ्य और आकांक्षाओं का सम्मान है। ये हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे और "वसुधैव कुटुंबकम" की विचारधारा का सम्मान है। मैं यह अवॉर्ड भारत और साइप्रस के महत्वपूर्ण संबंधों को,हमारे साझा मूल्यों को समर्पित करता हूं। सभी भारतीयों की तरफ से मैं ये सम्मान अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता से स्वीकार करता हूं।'' पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये सम्मान शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों की समृद्धि के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**कनाडा की यात्रा पर गए पीएम...**

के लिए 16-17 जून को कनानास्किस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को विशेष गर्मजोशी दिखाते हुए साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर उनका स्वागत किया। मोदी दो दशकों से अधिक समय में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान उन्हें साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया।

**दो चरणों में पूरी होगी जनगणना, केंद्र सरकार ने जारी...**

की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र असाधारण, भाग 2, खंड 3 उपखंड (ii) तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1455(अ) तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में, उन बातों के सिवाय, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी।" इसमें आगे कहा गया है, "उक्त जनगणना के लिए संदर्भ तारीख, संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के सिवाय, मार्च, 2027 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के लिए और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के लिए संदर्भ तारीख अक्तूबर, 2026 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। यह पहली बार है, जब जाति गणना को जनगणना में शामिल किया जा रहा है। हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में केंद्र ने जाति आधारित गणना को मंजूरी दी थी, ताकि सरकार बेहतर नीतियां बना सके और इन्हें लक्ष्य-आधारित कर सके।

हालांकि, जाति आधारित गणना की मंजूरी ने राजनीतिक विवाद भी पैदा किया। कांग्रेस ने दावा किया कि मोदी सरकार को सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के उनके विचार को शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं, भाजपा ने विपक्ष का मजाक उड़ाया और कहा कि विपक्ष पिछड़े वर्गों का चैंपियन होने का दावा करता है, लेकिन असल में एनडीए सरकार ही जमीनी स्तर पर बदलाव ला रही है।

# इंग्लैंड दौरे से पहले बोले शुभमन- विराट भाई से मिला अनुभव मेरे लिए अनमोल

## फिटनेस को देखते हुए बुमराह के खेलने पर फैसला लेंगे



नई दिल्ली । एजेंसी

टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वे इंग्लैंड सीरीज के लिए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को दिए इंटरव्यू में बताया कि विराट भाई की टेस्ट कप्तानी ने बहुत सिखाया। जस्सी भाई की फिटनेस को देखते हुए फैसला लेंगे कि उन्हें कौन से मुकाबलों में रेस्ट देना है।

दिनेश कार्तिक ने इंग्लैंड के स्काई स्पोर्ट्स चैनल के लिए शुभमन गिल का इंटरव्यू लिया। जानते हैं कार्तिक के सवालों पर शुभमन ने क्या जवाब दिए... कार्तिक- भारतीय टेस्ट टीम के लिए आपका विजन क्या है? शुभमन- ट्रॉफी जीतने के अलावा मैं टीम इंडिया में एक कल्चर बनाना चाहूंगा, जहां सभी खिलाड़ी खुश रहें। सभी टीम में अपनी जगह को लेकर सिक्योर रहें, मैं जानता हूं कि स्क्वॉड में कम प्लेयर्स की जगह रहती है, लेकिन मैं फिर भी प्लेयर्स को ये संदेश देने में कामयाब रहा कि उनकी जगह टीम में कहां है तो मेरे लिए यह अच्छा अचीवमेंट होगा।

कार्तिक- जब आपको टेस्ट कप्तान बनाया गया, तब फैमिली में क्या माहौल था? शुभमन- घरवालों ने कभी नहीं सोचा था कि मैं टेस्ट टीम का कप्तान बनूंगा। मैंने खुद भी बचपन में सिर्फ टीम इंडिया के लिए टेस्ट खेलने का सपना ही देखा। मैंने हमेशा से अपनी परफॉर्मेंस से टीम को जिताने के बारे में ही सोचा था। कप्तान बनने के बाद पापा ने मुझे कॉल किया, हमारी लंबी बातचीत हुई, वे इस फैसले से काफी खुश थे। कार्तिक- कप्तान के रूप में आपकी खुद से क्या उम्मीदें हैं? शुभमन- गौतम भाई और अजीत सर ने बस यही बताया कि मुझे कप्तान के रूप में खुद को एक्सप्रेस करने पर ही फोकस करना है। सिलेक्शन कमेटी ने ज्यादा दबाव नहीं डाला, लेकिन कप्तान बनने के बाद मेरी खुद से जरूर कुछ उम्मीदें हैं, जिन्हें मैं टीम इंडिया के साथ पूरी करना चाहता हूं।

कार्तिक- आईपीएल में कोच नेहरा के साथ खेले, अब कोच गंभीर के साथ खेलेंगे। दोनों की कोचिंग में कितना अंतर है? शुभमन- आशु पा (आशीष नेहरा) के साथ खेलने के अहसास बहुत मजेदार है। दूसरी ओर गौतम भाई अपने फैसलों को लेकर बहुत क्लियर रहते हैं। वे खिलाड़ियों को पहले ही बता देते हैं कि उनसे क्या उम्मीद की जा रही है। गौतम भाई खिलाड़ियों के माइंडसेट पर ज्यादा फोकस करते हैं।

### भारतीय टेस्ट टीम के लिए विज़न

- शुभमन का कहना है कि सिर्फ ट्रॉफी जीतना ही मकसद नहीं है।
- वे टीम में ऐसा कल्चर बनाना चाहते हैं जहां सभी खिलाड़ी खुश और आत्मविश्वासी महसूस करें।
- उनका लक्ष्य है कि हर खिलाड़ी टीम में अपनी भूमिका को लेकर आश्वस्त महसूस करे।
- कम स्क्वॉड साइज के बावजूद, अगर वे प्लेयर्स को यह समझा सकें कि उनकी जगह टीम में कहां है, तो यह उनके लिए एक उपलब्धि होगी।

## जिसे समझा अपना 'आइडल' उसी के साथ इंग्लैंड दौरे पर खेलेंगे साईं सुदर्शन



नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। इसी बीच शानदार फॉर्म से चल रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साईं सुदर्शन ने खुलासा किया है कि तमिलनाडु टीम के साथी खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर उनके प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। ऐसा पहली बार है, जब वॉशिंगटन सुंदर और साईं सुदर्शन इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं। सुदर्शन ने 'बीसीसीआईडॉटटीवी' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, "जब मैं युवा था, तब से ही वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं, इसलिए यह हमेशा खास होता है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने उनसे बहुत प्रेरणा ली है। जिस तरह से वह आगे बढ़े और देश के लिए खेले, वह वाकई बहुत शानदार था।" उल्लेखनीय है कि आईपीएल में कुछ साल अच्छा खेलने के बाद वाशिंगटन सुंदर को भारत की सीनियर टीम में खेलने का मौका मिला था। साईं सुदर्शन ने आगे बताया, "जब मैं छोटा था, तब से उन्हें जानता हूं। उनके साथ खेलता हूं। यह एक तरह की प्रेरणा है। इससे मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह बचपन से ही मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं। आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले सुदर्शन भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20 मैच खेल चुके हैं।

## एमएलसी 2025 : सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लगाई जीत की 'हैट्रिक'



नई दिल्ली (आईएएनएस)

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के छठे मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने कैलिफोर्निया में खेले गए मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क को तीन विकेट से मात दी। यह इस सीजन में सैन फ्रांसिस्को की लगातार तीसरी जीत है। टीम प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर मजबूती से खड़ी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। टीम 10 रन पर अग्नि चोपड़ा (8) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद क्विंटन डी कॉक ने मोनांक पटेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की, जिसने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। मोनांक ने 20 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 38 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 63 रन की पारी खेली। क्विंटन डी कॉक इस पारी में अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उनके अलावा कीरोन पोलार्ड ने 16 गेंदों में 30 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर एमआई को विशाल स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। विपक्षी टीम की ओर से हसन खान, हारिस रऊफ और कार्मी ले रॉक्स ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

## 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज

### एंजेलो मैथ्यूज के लिए बेहद खास होगा पहला मैच

नई दिल्ली (आईएएनएस)



श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 17 जून से शुरू होने जा रही है। पहला मैच गाले और दूसरा कोलंबो में खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के अलावा श्रीलंका दौरे पर बांग्लादेश की टीम तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट इतिहास में अब तक 26 टेस्ट खेले गए हैं, जिसमें 20 श्रीलंका ने अपने नाम किए। बांग्लादेश की टीम श्रीलंका के खिलाफ महज एक ही टेस्ट जीत सकी है।

वहीं, पांच मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट सितंबर 2001 में खेला गया था। बांग्लादेश ने जो इकलौता टेस्ट इस देश के खिलाफ जीता, वह मार्च 2017 में खेला गया था। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम अपने नए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने जा रही है। बांग्लादेश के खिलाफ चुनी गई टीम में कई नए खिलाड़ियों को श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है। इनमें पवन रत्नायके, इसिथा विजेसुंदरा और पसिंदु सूरियाबंडारा नए चेहरे हैं। इस टीम में सोनल दिनुषा और लाहिरु उदारा अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं, जबकि स्क्वॉड में चुने गए चोटिल तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

बांग्लादेश की कमान नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में है। मेहदी हसन मिराज, लिटन दास, इबादत हुसैन और शादमान इस्लाम से फैंस को खासा उम्मीदें होंगी। बांग्लादेश और श्रीलंका की टीमें पहला टेस्ट गाले में 17-21 जून के बीच खेलेंगी। दूसरा मुकाबला कोलंबो में 25-29 जून के बीच खेला जाना है।

सीरीज का पहला टेस्ट मैच एंजेलो मैथ्यूज के लिए बेहद खास होगा। मैथ्यूज पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि बांग्लादेश के खिलाफ इस सीरीज का शुरुआती टेस्ट मुकाबला, उनके करियर का अंतिम टेस्ट होगा।

## मार्नस लाबुशेन को टॉप ऑर्डर में बनाए रखना चाहते हैं जस्टिन लैंगर

नई दिल्ली (आईएएनएस)



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर ने टीम को सलाह दी है कि वह मार्नस लाबुशेन को टॉप ऑर्डर में बनाए रखें। इसके साथ ही उन्होंने इस खिलाड़ी को टीम के लिए महत्वपूर्ण कड़ी बताया है। लैंगर ने पर्थ में 'स्टेट ऑफ ओरिजिन रग्बी लीग सीरीज' की तैयारियों के दौरान पत्रकारों से कहा, "मार्नस 50 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। उनका औसत (46.19) अभी भी अच्छा है। सभी खिलाड़ी ऐसे दौर से गुजरते हैं। अगर आप रन नहीं बना रहे, तो सुर्खियों में रहेंगे। अगर मार्नस अच्छा नहीं खेल रहे, तो एक बड़ा अंतर आ जाता है, क्योंकि ट्रेविस हेड निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं। इसलिए वह टीम के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

उन्होंने आगे कहा, "अगर मैं ऑस्ट्रेलियाई मैनेजमेंट में होता, तो अपना पूरा फोकस मार्नस को बेहतर प्रदर्शन करने पर करता। मुझे यकीन है कि वह ऐसा कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हार का सामना पड़ा था, जिसके बाद लाबुशेन को आगामी सीरीज में मौका मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताबी मैच में लाबुशेन को ओपनिंग के लिए भेजा गया था, लेकिन वह 17 और 22 रन की पारी ही खेल सके। इसी के साथ उन्होंने दो साल के डब्ल्यूटीसी चक्र को 27.82 के साधारण औसत के साथ समाप्त किया।

हालांकि, डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने जोर देकर कहा कि लाबुशेन अभी भी भविष्य के लिए उनकी योजनाओं में हैं।

### विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का शेड्यूल जारी

## भारत-पाकिस्तान मैच 5 अक्टूबर को कोलंबो में, टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू

नई दिल्ली । एजेंसी



विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान का हाई-प्रोफाइल मैच 5 अक्टूबर को न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत 12 साल के बाद पहली बार विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है, जिसका आगाज 30 सितंबर 2025 को होगा। भारत 2013 के बाद पहली बार विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है। टूर्नामेंट में खेले जाएंगे 28 लीग मैच इस टूर्नामेंट में 28 लीग मैच और तीन नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा। भारत अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ करेगा भारत अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ मैच 26 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

## अपना आखिरी टेस्ट खेलने जा रहे एंजेलो मैथ्यूज, साथी खिलाड़ी ने लिखा 'इमोशनल पोस्ट'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** श्रीलंकाई विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश चांडीमल ने पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज



के लिए इमोशनल मैसेज लिखा है। मैथ्यूज गाले में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के लिए अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलेंगे। पिछले महीने मैथ्यूज ने घोषणा की थी कि वह गाले में बांग्लादेश के विरुद्ध पहले मैच के बाद टेस्ट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज इस समय 38 साल के हैं। मैथ्यूज 15 से अधिक वर्षों से श्रीलंकाई क्रिकेट के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने एक ऑलराउंडर और एक लीडर, दोनों के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। दिनेश चांडीमल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, "इसमें कोई शक नहीं है कि 'एंजी', आप श्रीलंकाई क्रिकेट के अब तक के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक हैं।



# प्रधानमंत्री के समर्थन पर आशीष चौहान ने जताया आभार, बताया निर्णायक पहल



मुंबई (आईएएनएस)

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने सोमवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एनएसई और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौते की सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। साइप्रस में बिजनेस राउंडटेबल मीटिंग में पीएम मोदी ने गिफ्ट सिटी को एक उभरते ग्लोबल फाइनेंशियल हब के रूप में रेखांकित किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में चौहान ने लिखा, "साइप्रस में बिजनेस कम्युनिटी के साथ बातचीत करने और गिफ्ट सिटी में साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज-एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज के बीच समझौते की सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। पीएम मोदी ने गिफ्ट सिटी में एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (एनएसई आईएक्स) और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच सहयोग का स्वागत किया और पर्यटन सहयोग को प्रोत्साहित किया।

### मोदी : भारत जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, नीति स्पष्ट

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "पिछले एक दशक में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और निकट भविष्य में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और देश के पास एक स्पष्ट नीति है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और भविष्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर देश के फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने नए मैन्युफैक्चरिंग मिशन, समुद्री और बंदरगाह विकास, जहाज निर्माण और तेजी से बढ़ते नागरिक विमानन सहित केंद्रित क्षेत्रों के विस्तार पर भी प्रकाश डाला। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) और यूरोबैंक साइप्रस ने दोनों देशों के बीच सीमा पार भुगतान के लिए यूपीआई शुरू करने पर सहमति बनाई है।

## प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए हुई रवाना : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम



चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हो रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'चेरी किसानों' के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है और अब उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने पोस्ट किया, "बहुत खुशी की बात है। जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हुई है।

## सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर बंद, निवेशकों ने इजरायल-ईरान संघर्ष को किया दरकिनार

मुंबई (आईएएनएस)

इजरायल-ईरान संघर्ष को दरकिनार करते हुए भारतीय शेयर बाजार सोमवार



के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुए। दिन के अंत में सेंसेक्स 677.55 अंक या 0.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,796.15 और निफ्टी 227.90 अंक या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 24,946.50 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 541.05 अंक या 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,768.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 174.40 अंक या 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,549.20 पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर ने बाजार को लीड किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.57 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। मेटल, रियल्टी, इन्फ्रा, कमोडिटीज, पीएसई और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है।

## अरुण श्रीनिवास को भारत में मेटा का प्रबंध निदेशक व प्रमुख नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** मेटा ने अरुण श्रीनिवास को अपने भारतीय ऑपरेशंस के लिए प्रबंध निदेशक और प्रमुख नियुक्त किया है। अरुण श्रीनिवास, मेटा में संध्या देवनाथन की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में कंपनी ने भारत और साउथ ईस्ट एशिया का प्रमुख बनाया है। टेक्नोलॉजी दिग्गज ने बयान में कहा, "हम अरुण श्रीनिवास को भारत में मेटा के प्रबंध निदेशक और प्रमुख के रूप में नियुक्त कर रहे हैं।

# टेक टिप्स : फोन भीगने पर न करें ये गलतियां, वरना हो सकता है बड़ा नुकसान

### जानिए क्या करें और क्या नहीं



बारिश में फोन भीगने के बाद अधिकतर लोग सबसे पहले यह चेक करना चाहते हैं कि डिवाइस चालू हो रहा है या नहीं। लेकिन यह जल्दबाजी भारी पड़ सकती है। अगर फोन के अंदर पानी मौजूद है और आप उसे ऑन करते हैं, तो इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है। मानसून का मौसम जहां सुकून और ताजगी लाता है, वहीं आपके स्मार्टफोन के लिए यह खतरनाक साबित हो सकता है।

1. **फोन को तुरंत ऑन न करें : यह सबसे पहली और सबसे बड़ी गलती है :** बारिश में फोन भीगने के बाद अधिकतर लोग सबसे पहले यह चेक करना चाहते हैं कि डिवाइस चालू हो रहा है या नहीं। लेकिन यह जल्दबाजी भारी पड़ सकती है। अगर फोन के अंदर पानी मौजूद है और आप उसे ऑन करते हैं, तो इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है। ऐसा करने से फोन की मदरबोर्ड, प्रोसेसर या अन्य सेंसिटिव पार्ट्स पर स्थायी नुकसान हो सकता है।
   - **क्या करें:** फोन को तुरंत बंद कर दें (अगर ऑन हो) और बैटरी निकाल सकें तो निकाल लें। किसी साफ कपड़े से फोन को पोंछकर सुखाने के लिए कुछ घंटे या एक दिन के लिए अलग रख दें।

2. **चार्जिंग पर लगाना हो सकता है खतरनाक :** कुछ लोग फोन के भीगने के तुरंत बाद उसे चार्जिंग पर लगा देते हैं यह सोचकर कि वह जल्दी चालू हो जाएगा। लेकिन यह सबसे खतरनाक कदम हो सकता है। चार्जिंग के समय अगर फोन में नमी मौजूद हो, तो चार्जर और फोन के बीच शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे न केवल आपका फोन बल्कि चार्जिंग उपकरण भी खराब हो सकता है।
   - **क्या करें:** फोन को सुखाए बिना उसे चार्ज पर कतई न लगाएं। कम से कम 24 घंटे सूखने दें और पूरी तरह नमी निकलने के बाद ही चार्ज करें।

3. **हेयर ड्रायर या हीटर का इस्तेमाल – फायदेमंद नहीं, नुकसानदेह जरूर है :** फोन को सुखाने के लिए कुछ लोग हेयर ड्रायर या हीटर का सहारा लेते हैं, लेकिन यह तरीका खतरनाक साबित हो सकता है। तेज गर्मी से फोन के अंदरूनी सर्किट, बैटरी और स्क्रीन को नुकसान पहुंच सकता है। खासकर ओएलईडी या एमोलेड स्क्रीन वाले फोन में पिक्सल डैमेज या बर्न-इन की समस्या आ सकती है।
   - **क्या करें:** फोन को सामान्य हवा में, फैन के नीचे या सिलिका जेल के साथ बंद डिब्बे में रखकर सूखने दें। यह धीरे-धीरे लेकिन सुरक्षित तरीका है।

4. **फोन को झटकना – नुकसान और बढ़ा सकता है :** बहुत से लोग सोचते हैं कि अगर फोन को झटका देंगे, तो अंदर का पानी बाहर आ जाएगा। लेकिन असल में यह तरीका उल्टा असर करता है। झटका देने से पानी उन हिस्सों में पहुंच सकता है जहां अभी तक वह नहीं गया था – जैसे कि स्पीकर, माइक्रोफोन या चार्जिंग पोर्ट।
   - **क्या करें:** फोन को एक ही पोजीशन में रखें, ताकि गुरुत्वाकर्षण की मदद से पानी एक जगह इकट्ठा हो सके और बाहर निकलने की संभावना बने।

5. **फोन को चावल में डालना – यह ट्रिक अब आउटडेटेड है:** पुराने समय में चावल को नमी सोखने वाला उपाय माना जाता था और आज भी कई लोग यह तरीका अपनाते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि चावल से पूरी तरह नमी नहीं निकलती और उल्टा चावल के कण चार्जिंग पोर्ट या हेडफोन जैक में फंस सकते हैं, जिससे अतिरिक्त नुकसान हो सकता है।
   - **क्या करें:** सिलिका जेल पैक, जो नए जूतों या बैग्स में आते हैं, उन्हें फोन के साथ एयरटाइट डिब्बे में रखें। यह चावल से बेहतर और सुरक्षित तरीका है।

### सावधानी ही सुरक्षा है

मानसून के मौसम में स्मार्टफोन की सुरक्षा के लिए वॉटरप्रूफ पाउच का इस्तेमाल करें या ऐसे स्मार्टफोन लें जो आईपी67 या आईपी68 रेटिंग के साथ आते हों। अगर फोन पानी में भीग जाए, तो जल्दीबाजी में कोई कदम न उठाएं। धैर्य और सही जानकारी से आप अपने फोन को गंभीर नुकसान से बचा सकते हैं।